केवल शासकीय उपयोग हेतु

पंचायत निर्वाचन

(रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी के लिए निर्देशों का संकलन)

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग,

पंचकूला।

विषय सूची

अध्याय	*विषय*	*पृष्ठ*
1.	*निर्वाचन के संचालन के लिये प्रशासकीय मशीनरी*	1-3
2.	*निर्वाचन का संचालन*	4-12
3.	*चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चिन्ह आबंटित करना*	13-19
4.	*चुनाव ड्यूटी पर अधिकारियों द्वारा मतदान*	20-21
5.	*उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं की नियुक्ति,मतदान से पूर्व उम्मीदवार की मृत्यु व निर्विरोध चुनाव*	22-24
6.	*मतदान दल का प्रशिक्षण*	25
7.	*मतपेटी उपयोग में लाने सम्बन्धी अनुदेश*	26-34
8.	*मतदान केन्द्र की व्यवस्था*	35-36
9.	*मतदान अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन*	37-38
10.	*मतदान एवं मतगणना सामग्री*	39-40
11.	*पंचायत चुनाव से सम्बन्धित कुछ बुनियादी बातें*	41-43
12.	*मतदान केन्द्र में प्रवेश पर नियन्त्रण तथा उसके आस पास की व्यवस्था*	44-45
13.	*मतदान*	46-49
14.	*मतगणना*	50-58
15.	*परिणामों की घोषणा*	59-60
16.	*निर्वाचन के दौरान होने वाली त्रुटियां व उनके बारे में दंड विधान*	61-64
	आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण आदेश/अधिसूचना/परिपत्र व अन्य दस्तावेज	65-150

अध्याय–1

निर्वाचन के संचालन के लिए प्रशासकीय मशीनरी

भारत के संविधान के अनुच्छेद 243–ट के अन्तर्गत पंचायतों के निर्वाचन के अधीक्षण, निर्देशन तथा नियन्त्रण की समस्त शक्तियां राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला स्तर पर पंचायतों के निर्वाचन का दायित्व उपायुक्त–एंव–जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को सौपां गया है। अतः आयोग के सर्वोपरि निर्देशन तथा नियन्त्रण के अधीन जिले में निर्वाचन सम्बन्धी व्यवस्था की जिम्मेवारी उसी पर है। यदि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) बीमारी अथवा किसी अन्य कारण से मुख्यालय से अनुपस्थिति के कारण इन नियमों के अधीन, अपने किसी कार्य को पूरा करने में असमर्थ हो, तो वह राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा को सूचित करते हुए अपनी ओर से ऐसे कृत्यों को पूरा करने के लिए अपर उपायुक्त को लिखित में आदेश द्वारा नियुक्त कर सकता है । हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 23 –क के अनुसार पंचायतों के निर्वाचन के दौरान कार्य संचालन के लिये नियुक्त या लगाये गये समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उस अवधि के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति में समझा जाएगा तथा सभी कर्मचारी उस अवधि के दौराण राज्य निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अध्यधीन रहेंगे।

जिला परिषद के सदस्यों के निर्वाचन के लिये उपायुक्त–एंव–जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर रहेगें, पंचायत समिति के सदस्यों तथा ग्राम पंचायतों के सरपंचों व पंचों के निर्वाचन के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राज्य सरकार के अधिकारी जो वर्ग–।। की पदवी से नीचे का न हो, को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर सकते हैं।

1. ***रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 16 के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त या जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जब उसके द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किया जाए राज्य सरकार के अधिकारी जो वर्ग–II की पदवी से नीचे का न हो, किसी पंचायत समिति या ग्राम पंचायत में किसी सीट को भरने के लिए प्रत्येक निर्वाचन के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के रूप में नियुक्त करेगी:*

परन्तु इस नियम की कोई भी बात, राज्य निर्वाचन आयुक्त या जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को, एक से अधिक पंचायत समिति अथवा ग्राम पंचायतों के निर्वाचन के लिए उसी व्यक्ति को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करने से नहीं रोकेगा।

2. ***सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) की नियुक्ति–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 17 के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त अथवा जब उसके द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किया जाए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) को उसके कृत्यों का पालन करने में सहायतार्थ एक या अधिक व्यक्ति सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के रूप में नियुक्त कर सकता है।*

प्रत्येक सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के नियंत्रणाधीन रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के सभी या किन्हीं कृत्यों का पालन करने में सक्षम होगा ।

3. ***रिटर्निंग अधिकारी के कृत्यों का पालन करने वाले सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) में शामिल करना*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 18 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के किसी निर्देश में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) यदि वह इस प्रकार रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के कृत्यों का पालन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है शामिल समझा जाएगा ।*

4. ***रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के सामान्य कर्त्तव्य–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 19 के अन्तर्गत नियमों में उपबंधित रीति में किसी चुनाव में ऐसी सभी कार्यवाहियों का निर्वहन करना*

तथा सभी बातें करना जो निर्वाचन के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक हों रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) का सामान्य कर्त्तव्य होगा।

5. ***मतदान केन्द्र*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 20 के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रत्येक निर्वाचन के लिए पर्याप्त संख्या में मतदान केन्द्रों का उपबन्ध करेगा और मतदान की तिथि से बीस दिन पूर्व न कि उसके पश्चात् मतदान केन्द्र, क्षेत्र जिसके लिए वे स्थापित किए जाएंगे और कार्यालय/कार्यालयों का विवरण जिनके लिए मतदान केन्द्र में वोट डाले जाएंगे, को प्रदर्शित करने वाली ऐसी सूची की एक प्रति उपायुक्त, अपर उपायुक्त, जिला परिषद्, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक), खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पंचायत समिति और सम्बद्ध ग्राम पंचायतों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड और सम्बद्ध सभा क्षेत्र के भीतर दो सहज दृश्य स्थानों पर चिपका कर प्रकाशित करेगा ।*

6. ***पीठासीन और मतदान अधिकारियों की नियुक्ति–***

(1) *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 21 के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) तथा उस द्वारा प्राधिकृत अतिरिक्त उपायुक्त प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक पीठासीन अधिकारी और पीठासीन अधिकारी की सहायतार्थ ऐसे मतदान अधिकारी या अधिकारियों को नियुक्त करेगा, जितने वह जरूरी समझे:*

परन्तु कोई भी व्यक्ति, जो सरकारी सेवक या नगरपालिका विधि के अधीन किसी प्राधिकरण का कोई सेवक या सरकार के अधीन किसी लोक उपकम का सेवक नहीं है, पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा.

परन्तु यह और कि यदि मतदान अधिकारी मतदान केन्द्र से अनुपस्थित है तो पीठासीन अधिकारी, पूर्व अधिकारी की अनुपस्थिति के दौरान, किसी उम्मीदवार द्वारा या उसकी ओर से नियोजित किया गया है या निर्वाचन में या के बारे में काम कर रहे व्यक्ति से अन्यथा मतदान केन्द्र में उपस्थित किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है और तदानुसार रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) तथा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) तथा उस द्वारा इस तरह से प्राधिकृत अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, को सूचित करेगा।

(2) *मतदान अधिकारी राज्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देशों के अधीन रहते हुए, यदि पीठासीन अधिकारी द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किया गया हो तो इन नियमों के अधीन पीठासीन अधिकारी के सभी या किन्हीं कृत्यों का पालन करेगा।*

(3) *यदि पीठासीन अधिकारी बीमारी या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से मतदान केन्द्र से अनुपस्थित रहने के लिए अनुग्रहीत किया जाता है तो उसके कृत्य का पालन ऐसे मतदान अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो ऐसी किसी अनुपस्थिति के दौरान ऐसे कृत्यों का पालन करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) या उस द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा पहले से प्राधिकृत किया गया हो।*

(4) *इन नियमों में पीठासीन अधिकारी के संदर्भ में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, कोई व्यक्ति जो उपरोक्त नियम के उप–नियम (2) या उप–नियम (3) जैसी भी स्थिति हो के अधीन कोई कार्य करने के लिए प्राधिकृत है, शामिल समझा जाएगा।*

7. ***पीठासीन अधिकारी का सामान्य कर्त्तव्य–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 22 के अन्तर्गत किसी मतदान केन्द्र पर शांति बनाए रखना और यह ध्यान रखना कि मतदान निष्पक्ष हो पीठासीन अधिकारी का सामान्य कर्त्तव्य होगा।*

8. ***नियन्त्रण****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 23 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी पंचायत, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी और इन नियमों के अनुसार नियुक्त सभी अन्य व्यक्ति राज्य निर्वाचन आयुक्त के समय निदेश और नियंत्रण के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के नियंत्रण में कार्य करेंगे।*

9. ***अधिकारियों तथा कर्मचारी को राज्य निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति के रूप में समझनाः****– मतदाता सूची को तैयार करने, पुनरीक्षण करने तथा शुद्धिकरण के सम्बन्ध में सभी चुनावों को करवाने के लिए चुनाव ड्यूटी हेतु इस प्रकार प्रतिनियुक्त अधिकारियों तथा कर्मचारी ऐसी अवधि के लिए जिस के दौरान वे प्रतिनियुक्त किये गये हैं, को राज्य निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति के रूप में समझा जाएगा और ऐसे अधिकारी तथा कर्मचारी उस अवधि के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अध्यधीन रहेंगें।*

अध्याय–2

निर्वाचन का संचालन

1. ***निर्वाचन के विभिन्न स्तरों का नियतन–***

(1) *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 24 के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित समय अनुसूची के अनुसार चुनावों के लिए कार्यकम बनाएगा।*

(2) *जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नोटिस द्वारा प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में नामांकन पत्र भरने के लिए नियत प्रथम दिन से कम से कम स्पष्ट पांच दिन पहले प्रकाशित किया जाएगा, तिथि तथा तिथियां विनिर्दिष्ट करेगा; जिसको, तक या के भीतर;–*

(i) *नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे:*
परन्तु नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के लिए कम से कम पांच दिन की अवधि विहित की जाएगी।

(ii) *नामांकन पत्रों की सूची चिपका दी जाएगी;*

(iii) *नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी;*

(iv) *कोई भी उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी वापिस ले सकता है:*
परन्तु चुनाव चिह्न का आबंटन उम्मीदवारी वापिस लेने के लिए नियत तिथि के तुरन्त बाद किया जाएगा।

(v) *चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची चस्पा की जाएगी:*

(vi) *मतदान होगा:*
परन्तु मतदान की तिथि उम्मीदवारी वापिस लेने के लिए नियत अन्तिम तिथि के पश्चात सातवें दिन से पहले नहीं होगी।

(vii) *मतपत्रों की गणना की जाएगी (यहां इस प्रयोजन के लिए नियत समय तथा स्थान भी विनिर्दिष्ट किया जाएगा) ; तथा*

(viii) *निर्वाचन परिणाम घोषित किया जाएगा।*

(3) *नामांकन पत्र भरने उनकी छानबीन करने तथा वापसी की अन्तिम तिथि को सार्वजनिक अवकाश नहीं होगा। यदि इन प्रयोजनों के लिए किसी अन्तिम तिथियों को सार्वजनिक अवकाश होता है, तो, ऐसा नामांकन पत्र भरने, उनकी छानबीन करने तथा वापसी का अन्तिम अगला अनुवर्ती दिन होगा, जो कि सार्वजनिक अवकाश नहीं है।*

(4) *राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा निर्वाचन कार्यकम को आदेश द्वारा किसी भी समय संशोधित, परिवर्तन, रूपान्तिरित या विखण्डित कर सकता है:*
परन्तु जब तक राज्य निर्वाचन आयुक्त, हरियाणा अन्यथा निर्देश न करे तब तक कोई भी, ऐसा आदेश आदेश की तिथि से पूर्व की गई किसी कार्यवाही को अवैध नहीं समझा जाएगा।

2 ***नोटिस के प्रकाशन की रीति***– *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 25 के अन्तर्गत नामांकन करने के लिए नियत प्रथम दिन से पहले पांच दिन से अनधिक नियम 24 के अधीन एक नोटिस प्रकाशित किया जाएगा तथा ऐसे नोटिस की एक प्रति सम्बद्ध जिला परिषद्, पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर चिपकाई जाएगी।*

परन्तु ग्राम पंचायत के किसी निर्वाचन के सम्बन्ध में नोटिस की एक प्रति ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसी सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा निर्वाचन कार्यकम की सूचना प्ररूप 2 व 3 में जारी करने के

साथ–साथ निम्नलिखित सूचना भी प्ररूप में समाविष्ट की जायेगी–

कमांक	*पद जिसके लिये निर्वाचन होना है*	*वार्ड नम्बर*	*सामान्य /आरक्षित वर्ग*
1	*2*	*3*	*4*

नामांकन पत्र प्रस्तुत करने को विकेन्द्रीकृत व्यवस्था को अमली जामा पहनाने के लिये नियम 24 के अन्तर्गत जारी की जाने वाली सूचना में यह उल्लेख किया जाना होगा कि नामांकन पत्र कहां कहां प्रस्तुत किये जा सकेगे आदि, आयोग की राय में नियम 24 के अन्तर्गत जारी की जाने वाली सूचना में निम्नानुसार जानकारी समाविष्ट की जाये–

कम संख्या	*पद जिसके लिये निर्वाचन होना है*	*नामांकन पत्र प्राप्त करना*		*नामांकन पत्र की सवीक्षा*		*नामांकन पत्र वापसी*	
		स्थान	*रिटर्निंग/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी*	*स्थान*	*किस अधिकारी को प्राप्त होगा*	*स्थान*	*किस अधिकारी द्वारा सवीक्षा की जानी है*
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	*पंच/सरपंच*	*ग्राम पंचायत मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*ग्राम पंचायत मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*ग्राम पंचायत मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)*
2.	*पंचायत समिति सदस्य*	*विकास खण्ड मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*विकास खण्ड मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*विकास खण्ड मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)*
3.	*जिला परिषद सदस्य*	*जिला मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*जिला मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*	*जिला मुख्यालय*	*रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)*

टिप्पणीः रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) से आशय जिस पद के लिये निर्वाचन होना है, उसके लिये नियुक्त रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) से है ।

नामांकन पत्र प्राप्ति के स्थान पर मतदाता सूचि की अधिकृत प्रति नियमानुसार उपलब्ध होना आवश्यक है–

1.	*जिला स्तर पर (जिला परिषद के सदस्य के लिये नामांकन पत्र प्राप्त करने का स्थान*	*पूरे जिले की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां*
2.	*खण्ड स्तर पर (पंचायत समिति के सदस्य के लिये नामांकन पत्र प्राप्त करने का स्थान*	*पूरे खण्ड की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां*
3.	*खण्ड के नीचे ग्राम पंचायत मुख्यालय (पंच/सरपंच पद के लिये नामांकन पत्र प्राप्त करने का स्थान)*	*सम्बन्धित ग्राम पंचायत की मतदाता सूचियां जिनसे सम्बन्धित पदों के लिये नामांकन पत्र उस स्थान पर प्राप्त किये जा रहे हैं ।*

3. ***उम्मीदवारों का नामांकन–***

(1) *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 26 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के लिए किसी स्थान को भरने के लिए उम्मीदवार के रूप में नांमाकित किया जा सकता है, यदि वह अधिनियम के उपबन्धों के अधीन उस स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए योग्य है।*

(2) *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 27 के अधीन प्रस्तुत किया गया प्रत्येक नामांकन पत्र प्ररूप 4 में होगा।*

(3) *प्ररूप 4 क सहित नामांकन पत्र मांग पर, किसी भी मतदाता को रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) द्वारा सप्लाई किया जाएगा।*

(4) *उम्मीदवार को पूरी सूचना नामांकन पत्र के साथ प्ररूप–4 क में भरकर रिटर्निंग अधिकारी को देनी होगी ।*

परन्तु उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य की सीट के लिए चुनाव लडना चाहता है को न्यायिकेतर स्टाम्प पेपर/दस्तावेज पेपर (पक्का पेपर) पर सूचना देनी होगी तथा प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट अथवा नोटरी पब्लिक अथवा उच्च न्यायलय द्वारा नियुक्त शपथ आयुक्त के समक्ष अथवा क्षेत्र की अधिकारिता रखने वाले उपमण्डल अधिकारी (नागरिक)/तहसीलदार/नायब तहसीलदार (जिसे कार्यकारी मैजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई हों), के समक्ष शपथ ग्रहण करनी होगी ।

परन्तु यह और कि उम्मीदवार जो ग्राम पंचायत के पंच व सरपंच की सीट का चुनाव लडना चाहता है, को साधारण कागज पर सूचना देगा ।

(5) *नामांकन पत्रों के प्ररूप (प्ररूप –4) व प्ररूप 4–क निर्धारित स्थानों पर जहां नामांकन पत्र प्राप्त किये जाते हैं पर्याप्त संख्या में रखे जावें और आपकी ओर से एक अभ्यर्थी को प्ररूपों की एक–एक ही प्रति उपलब्ध कराई जाये ।*

(6) *चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचि के प्ररूप (6,7, 8 व 9) नामांकन पत्रों के प्राप्त किये जाने वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में रखे जायें इसके अतिरिक्त स्टेशनरी की अग्रिम व्यवस्था करके खण्ड स्तर से नीचे के स्थानों पर अग्रिम व्यवस्था की जाये । निक्षेप (जमानत)की धनराशि प्राप्त करने के लिये रसीद बुक इसमें महत्वपूर्ण है। प्रत्येक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) को एक रसीद बुक दी जानी होगी ।*

4. ***नामांकन पत्रों का प्रस्तुतिकरण****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 27 के अन्तर्गत नियम 24 के अधीन नियुक्त तिथि को प्रत्येक उम्मीदवार प्ररूप–4 तथा प्ररूप 4–क में उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित सम्यक् रूप में किया गया एक नामांकन पत्र तथा नियम 24 के अधीन नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के दौरान तथा स्थान पर उस प्रयोजन के लिए रिटर्निंग अधिकारी पंचायत द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत रिटर्निंग अधिकारी पंचायत या सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत को व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत करेगा। पंचायत निर्वाचन के लिए एक से अधिक सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत नियुक्त कियें जाते है किन्तु उनमें से वही सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेगा जो विशिष्ट रूप से इसके लिये अधिकृत किया गया हो।*

सार्वजनिक अवकाश के दिन नामांकन पत्र प्राप्त करने या नामांकन पत्र वापस लेने की सूचना प्राप्त करने की कार्यवाही न की जाये, सार्वजनिक अवकाश से आशय केवल उसी अवकाश दिवस से है, जो निगोशियएबल इन्स्ट्रमैंट एक्ट 1881 (1881 *के क्रमांक 26 धारा 25 के अन्तर्गत) अवकाश घोषित है ।*

नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का तथा वापसी का समय नियत दिनों में 10.00 पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराह्न बजे तक का रखा गया है, यदि नामांकन पत्र प्रस्तुत करने या नामांकन पत्र वापिस लेने के लिये 4.00 बजे अपराह्न अभ्यर्थी रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) के कक्ष में उपस्थित हो चुके हों परन्तु नामांकन पत्र या नामांकन वापसी की सूचना को प्राप्त करने की प्रकिया में समय लग रहा हो तो आप ठीक 4 बजे जितने अभ्यर्थी (उम्मीदवार)आपके कक्ष में आ चुके हो उन्हें पर्ची दे दें और केवल ऐसे अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र या नामांकन पत्र की वापसी की सूचना प्राप्त करें ।

नामांकन पत्र प्राप्त करने के स्थानों और अवधि के दौरान वहां पर रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) का लगातार उपस्थित रहना आवश्यक है। इसके अभाव में चुनाव प्रकिया की वैधता को चुनौती दी जा सकती है ।

नामांकन पत्र उम्मीदवार स्वंय प्रस्तुत कर सकता है । हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 173, 174 तथा 175 के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम किसी ग्राम के मतदाताओं की सूचि में सम्मिलित है उस पंचायत जिसके अन्तर्गत वह ग्राम आता है के पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित किये जाने के लिये योग्य है। नामांकन पत्र के साथ जाति–प्रमाण पत्र या मतदाता सूचि की प्रतिलिपि जैसे अभिलेख संलगन किया जाना न आवश्यक है और न अपेक्षित ही है। संवीक्षा/जांच के समय इन बिन्दुओं पर आपत्ति आने पर इस सम्बन्ध में पक्ष–विपक्ष में प्रमाण/साक्ष्य लिया जा सकता है ।

नामांकन पत्र जैसे ही प्रस्तुत किये जायें उसे प्राप्त करने वाले अधिकारी द्वारा नामांकन पत्र पर कम संख्या, प्राप्त करने की तारीख और समय अंकित करना चाहिये ।

चूंकि पंच और सरपंच के लिये नामांकन पत्र खण्ड स्तर के नीचे स्थापित स्थान पर ही प्रस्तुत किया जा सकता है। इस सम्भावना को नकारा नहीं जा सकता कि कोई पंच/सरपंच का अभ्यर्थी खण्ड मुख्यालय पर भी अपना नामांकन पत्र गलती में प्रस्तुत करे, ऐसी स्थिति को रोकने के लिये यह आवश्यक होगा कि खण्ड मुख्यालय पर एक विशेष नोटिस लगाया जाये जिसमें यह स्पष्ट हो जाये कि पंच/सरपंच के पद के लिये नामांकन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत के लिये निर्धारित केन्द्र पर ही रिटर्निंग आफिसर पंचायत या निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग आफिसर पंचायत को प्रस्तुत किये जायें ।

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)/सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) से यह अपेक्षा की जाती है कि जैसे ही कोई नामांकन पत्र दाखिल हो, सरसरी तौर पर उसकी जांच कर ले जैसे क्या अभ्यर्थी का मतदाता सूचि अनुकमांक सही अंकित है या नहीं आदि आदि । कोई लिपकीय त्रुटि हो तो उसे उसी समय उम्मीदवार को बताकर ठीक करवा लें ।

नामांकन पत्र प्राप्त करने पर रिटर्निंग आधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उम्मीदवार को नामांकन पत्र की संवीक्षा/जांच के लिये नियत दिन, समय तथा स्थान की सूचना दी जाये ।

नामांकन प्राप्त करने के लिये निर्धारित दिनों में प्रतिदिन उस दिन प्राप्त नामांकन पत्रों का विवरण रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त करने के स्थान के बाहर सूचना फलक पर प्रदर्शित किया जाये ।

नामांकन सूचना

ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद ————————————————————

के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र कमांक ————————————से पंच/सरपंच/सदस्य के लिये निर्वाचन ।

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उपर वर्णित निर्वाचन के बाबत निम्नलिखित नामांकन 4.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त हुये हैं।

नामांकन पत्र का कम संख्यांक	*अभ्यर्थी का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*अभ्यर्थी की आयु*	*पता*	*अनुसूचित जाति या पिछड़ा वर्ग का यदि हो तो जाति का विवरण*	*अभ्यर्थी का मतदाता सूचि कमांक*
1	2	3	4	5	6	7

दिनांकः
स्थानः

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)/
सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)

नोटः *इसी प्ररूप में एक पंजी भी संगृहित की जाये और उसमें अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अतिरिक्त कालम जोड़कर नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय ही प्राप्त कर लिये जावे।*

5. ***जमा* (Deposits/Security)**–

(1) *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 28 के अन्तर्गत कोई भी उम्मीदवार निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से नामांकित नहीं समझा जाएगा जब तक उसने नकदी में रिटर्निंग अधिकारी पंचायत के सरकारी खजाना या उप खजाना में निम्नलिखित जमा न कर दिया हो या न करवा दिया हो–*

क. किसी वार्ड से पंच की दशा में 100 रूपये की राशि तथा जहां उम्मीदवार अनुसूचित जाति या पिछड़े वर्ग का कोई सदस्य है 40 रूपये की राशि,

ख. किसी सरपंच की दशा में 200 रूपये की राशि और जहां कोई उम्मीदवार अनुसूचित जाति या पिछड़े वर्ग का कोई सदस्य है 100 रूपये की राशि,

ग. पंचायत समिति के किसी सदस्य की दशा में 300 रूपये की राशि तथा जहां उम्मीदवार अनुसूचित जाति या पिछड़े वर्ग का कोई सदस्य है 150 रूपये की राशि,

घ. जिला परिषद् के सदस्य की दशा में 400 रूपये की राशि तथा जहां उम्मीदवार अनुसूचित जाति या पिछड़े वर्ग का कोई सदस्य है 200 रूपये की राशि,

(2) *यदि कोई उम्मीदवार जिसके द्वारा या जिसकी ओर से उक्त नकदी जमा करवाई गई है, निर्वाचित नहीं किया जाता है तथा उसके लिए डाले गए मतों की संख्या उस उम्मीदवार के लिए डाले गए मतों से एक तिहाई से कम है, जो निर्वाचित किया गया है तो उसका जमा/नकदी सरकार को जब्त कर दिया जाएगा ;*

परन्तु सरपंच के निर्वाचन के लिए उम्मीदवार की दशा में जमा धन तब जब्त किया जायेगा यदि सरपंच के पद के लिए डाले गये मतों की कुल संख्या का दसवां भाग प्राप्त करने में असफल रहता है।

(3) (*क*) *निम्नलिखित मामलों में जमा रिटर्निंग अधिकारी के एक लिखित आदेश द्वारा उम्मीदवार को अथवा जहां वह मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, उसके विधिक/कानूनी प्रतिनिधियों को लौटा दिया जायेगा–*

(i) *जहां उम्मीदवार का नामाकंन पत्र रदद कर दिया जाता है ; या*

(ii) *जहां उम्मीदवार ने विनिर्दिष्ट/निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया है; या*

(ii) *जहां उम्मीदवार मतदान आरम्भ होने से पहले मृत्यु को प्राप्त हो गया है ;*

(*ख*) *जहां धन खजाना या उप खजाना में जमा करवाया गया था, उम्मीदवार या उसके विधिक प्रतिनिधि तथा स्थिति के पक्ष में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चालान पृष्टाकिंत किया जायेगा ;*

(*ग*) *जहां धन रिटर्निंग आफिसर के पास जमा करवाया गया था यथास्थिति पश्चातवर्ती उम्मीदवार या उसके विधिक प्रतिनिधि, को लौटा देगा ;*

(*ध*) *निम्नलिखित मामलों में निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के बाद तथा पूर्वोक्त लौटा दिया जायेगा–*

(i) *जंहा उम्मीदवार यद्यपि निर्वाचित नहीं किया गया है, नियम 28 के उप–नियम 2 के अधीन अपना जमा जब्त नहीं करता ;या*

(ii) *जहां उम्मीदवार निर्वाचित हो जाता है।*

(4) *जमा उम्मीदवार को यथास्थिति लौटा दिया जायेगा, या यदि व्यक्ति को जिसके द्वारा यह जमा किया गया था उसके द्वारा उस व्यक्ति को जमा नहीं किया जाता या उसके विधिक/कानूनी प्रतिनिधि को, जैसे भी स्थिति हो।*

6. ***नामांकन का नोटिस तथा छानबीन के लिए समय तथा स्थान***– *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम 29 के अन्तर्गत नामांकन पत्र प्राप्त करने पर रिटर्निंग अधिकारी पंचायत उसे प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों के नामांकन पत्र की छानबीन का दिन, समय तथा स्थान सूचित करेगा तथा नामांकन पत्र पर उसकी कम संख्या दर्ज करेगा और उस पर तिथि जिसको तथा घण्टा जिस पर उसे नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया का एक प्रमाण पत्र हस्ताक्षरित करेगा, तथा तत्पश्चात् यथाशीघ्र, उम्मीदवार के नामांकन पत्र में अन्दर लिखित विवरणों के समान विवरण वाला एक नोटिस अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगवायेगा।*

7. ***नामांकन की संवीक्षा/छानबीन***– *जिला परिषद के सदस्यों के नामांकन पत्रों की सवींक्षा/जांच रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा जिला मुख्यालय में की जायेगी, पंचायत समिति के सदस्यों के नामांकन*

पत्रों की संवीक्षा रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) द्वारा खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी और पंच व सरपंच के मामले में संवीक्षा रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा सम्बन्धित ग्राम के लिये निर्धारित केन्द्र पर होगी। उपरोक्त सभी पदों के लिये सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर नामांकन पत्रों को रद्द करने के लिये सक्षम होगा।

सवींक्षा कार्य नियत दिनांक को ठीक 10.00 बजे पूर्वाहन प्रारम्भ कर दिया जाये । सवींक्षा के दौरान रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर और उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/कर्मचारी के अतिरिक्त निम्नांकित व्यक्ति उपस्थित रह सकते है :–

(i) *उम्मीदवार*

(ii) *उम्मीदवार का निर्वाचन अभिकर्ता/एजेंट और*

(iii) *उम्मीदवार द्वारा लिखित में प्राधिकृत* (authorise) *कोई अन्य व्यक्ति ।*

उम्मीदवारों को, जो उसी पद के लिये हों, नामांकन पत्रों का अवलोकन और परीक्षण करने की युक्तियुक्त सुविधा दी जाये ।

नामांकन पत्र को निम्न में किन्हीं आधारों पर अस्वीकृत किया जा सकता है –

(i) *कि उम्मीदवार अधिनियम के द्वारा या अधीन स्थान को भरे जाने के लिये अयोग्य है,*

(ii) *कि नियम 26, 27, 28 के उपबन्धों में किन्हीं का अनुपालन करने से असफलता रही है ,तथा*
नामांकन पत्र पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर सही नहीं है ।

प्रत्येक नामांकन के बारे में आप अपना समाधान कर लें कि नामांकन पत्र विधिमान्य है, यदि नामांकन पत्र के सम्बन्ध में कोई आरोप लगाया जाता है तो आपको उसका निर्णय करने के लिये संक्षिप्त जांच करनी चाहिये ।

यदि आपत्ति को रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) प्रथम दृष्टि खारिज नहीं कर रहा है तो ऐसी दशा में उम्मीदवार को उसके खंडन का अवसर देना चाहिये और समय मांगने पर अधिक से अधिक अगले दिन तक का समय दिया जाये, रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) को प्रत्येक आपति पर अपना विनिश्चय अभिलिखित करना होगा ।

यह ध्यान रखा जाये कि किसी आपत्ति के तथ्यों को सिद्ध करने का भार सामान्यतः आपत्तिकर्ता पर है। सम्बन्धित ग्राम की मतदाता सूचि में नाम होना किसी मतदाता के निर्वाचन में खड़े होने के अधिकार के सम्बन्ध में निश्चयात्मक साक्ष्य होगा जब तक कि यह सिद्ध नहीं कर दिया जाता है कि उम्मीदवार अन्यथा अयोग्य है। संवींक्षा/जांच में किसी लिपिकीय या मुद्रण सम्बन्धी भूल या ऐसी त्रुटि जो सारभूत प्रकार की नहीं है, ध्यान नहीं दिया जाना चाहिये, सामान्य दृष्टिकोण उम्मीदवारों को मतदाता के समक्ष जाने का अवसर देने का होना चाहिये। कोई नामांकन पत्र मात्र इस आधार पर कदापि अस्वीकार न किया जाये कि संवीक्षा के समय उम्मीदवार उपस्थित नहीं था ।

आपत्तियों के निराकरण के पश्चात प्रत्येक नामांकन पत्र पर उसे स्वीकर करने का अस्वीकार करने सम्बन्धी निर्णय लिखित रूप में रिकार्ड किया जावें, यदि नामांकन पत्र नामाजूंर करने का निर्णय हो तो ऐसी नामजूंरी के लिये कारणों का संक्षिप्त विवरण भी लिखा जाये और इसकी एक प्रति उम्मीदवार को भी दे दी जाये ।

समस्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा/जांच कर दिये जाने तथा उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करने सम्बन्धी निर्णय को रिकार्ड करने के ठीक पश्चात रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)/सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)उन उम्मीदवारों की जिनके नामांकन पत्र स्वीकार कर लिये गये है एक सूचि तैयार करेगा और

संवीक्षा/जांच समाप्त होने के ठीक पश्चात उस सूचि को अपने कार्यालय के सूचना फलक पर प्रदर्शित करेगा। इस सूचि में उम्मीदवारों के नाम वर्णाकम में अर्थात हिन्दी वर्णमाला के अक्षरों के कम में लिखे जायें। यह सूचि निम्न प्रकार से होगी । रिटरनिंग अधिकारी पंचायत उपरोक्त की एक–एक प्रति उपायुक्त –एंव–जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत व राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा, पचंकूला को भी प्रेषित करेगा।

विधिमान्य नामांकन अभ्यर्थियों की सूचि

ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद ————————————————के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक ————————के पंच/सरपंच/सदस्य के लिये निर्वाचन

क्रम संख्याक	*अभ्यर्थी का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*अभ्यर्थी का पता*
1	*2*	*3*	*4*

स्थानः
दिनांकः

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) /
सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)

8. ***उम्मीदवारी वापिस लेना–*** *जिला परिषद के सदस्य का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अपने नामाकंन पत्र वापिस की सूचना प्ररूप 5 में सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) या निर्दिष्ट सहायक आर0ओ0 को जिला मुख्यालय में प्रस्तुत करेंगें, सदस्य पंचायत समिति के मामले में नामांकन वापिसी की सूचना दम्मीदवारों द्वारा प्ररूप 5 में सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी/ निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग अधिकारी को खण्ड स्तर मुख्यालय में प्रस्तुत की जायेगी और पंच /सरंपच के पदों के सम्बन्ध में यह सूचना प्ररूप 5 में खण्ड स्तर से नीचे जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत द्वारा निर्धारित केन्द्रो पर रिटर्निंग अधिकारी/निर्दिष्ट सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) को दी जा सकेगी, जहां पर नामांकन पत्र प्रस्तुत/प्राप्त किये गये थे ।*

नामांकन वापिसी की सूचना या तो––

उम्मीदवार द्वारा स्वतः

या

उम्मीदवार द्वारा इस निमित लिखित रूप से प्राधिकृत किये जाने पर उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा दी जा सकेगी। ऐसी सूचना उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये । नामांकन पत्र वापसी के नोटिस की रसीद विहित प्ररूप में अभ्यर्थी को दी जानी चाहिये ।

एक बार उम्मीदवारी वापस लेने की सूचना देने के बाद ऐसी सूचना को वापस नहीं लिया जा सकेगा।

उम्मीदवारी वापस लिये जाने की सूचना प्राप्त होने पर रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)/सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा सूचना की प्रमाणिकता तथा प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति की पहचान के सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेना चाहिये । यदि उम्मीदवार स्वयं उपस्थित नहीं हो, तब और भी अधिक सावधानी की आवश्यकता है ।

जिन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये हों उनकी सूचि रिटर्निंग आफिसर अपने कार्यालय के सूचना फलक पर प्रदर्शित करेगा। यह निम्न प्रकार से होगी–

नामांकन पत्र वापिस लेने वाले अभ्यर्थियो की सूचि

ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद ——————————————के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र कमांक ——————————के पंच/सरपंच/सदस्य के लिये निर्वाचन

कम संख्याक	*अभ्यर्थी का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*अभ्यर्थी का पता*
1	*2*	*3*	*4*

स्थानः
दिनांकः

रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) /
सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)

9. ***चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सूची तैयार करना****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 32 के अनुसार नामांकन पत्र वापिस लेने की अवधि की समाप्ति के तुरन्त बाद, रिटर्निंग अधिकारी पंचायत चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की प्ररूप 6, 7, 8 या 9 में एक सूची तैयार करेगा तथा प्रकाशित करेगा अर्थात उम्मीदवार जिनके नामांकन पत्र अंतिम रूप से स्वीकार कर लिए गये हैं तथा जिन्होंने कमशः पंच, सरपंच के पद के लिए या पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् के सदस्य के लिए उक्त अवधि के भीतर अपने नामांकन वापिस नहीं लिए हैं ।*

उक्त सूची में, चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नाम देवनागरी लिपि में, हिन्दी में वर्णात्मक कम में तथा पते जैसे कि नामांकन पत्रों में दिए गए हों, के अधीन रहते हुए दिए जाएंगे ।

अध्याय–3

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह् आंबटित करना

1. ***चुनाव के लिए चिन्ह–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 33 के अन्तर्गत जहां मतदान आवश्यक हो गया हो, वहां रिटर्निंग अधिकारी पंचायत राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा प्रकाशित चिन्हों में से कोई एक, आयोग द्वारा निर्धारित विधि अनुसार, प्रत्येक उम्मीदवार को समान रूप से प्रदान करेगा । चुनाव चिन्हों की एक सूची राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजपत्र में प्रकाशित की जाती है तथा आयोग ऐसी सूची में कोई भी जोड़ तथा परिवर्तन कर सकता है । रिटर्निंग अधिकारी पंचायत द्वारा किसी उम्मीदवार को किसी चुनाव चिन्ह का आबंटन अन्तिम होगा । प्रत्येक उम्मीदवार या उसके चुनाव अभिकर्ता* (Election Agent) *को, उम्मीदवार को आबंटित किए गए चिन्ह की सूचना दी जाएगी ।*

2. ***पंच/सरपंच के पद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह् आबंटित करने की प्रकिया–***

पंच और सरपंच के चुनाव राजनैतिक दलों के लिए आरक्षित चुनाव चिन्हों के आधार पर नहीं लड़े जाते और उम्मीदवारों को उक्त पदों के लिए चुनाव चिन्ह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित मुक्त चुनाव चिन्हों में से आबंटित किए जाएगें । अतः उक्त पदों का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित करते समय निम्न प्रकिया अपनाई जाएगी–

उम्मीदवारी वापिस लिये जाने के पश्चात चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की एक सूचि प्ररूप 6 और 7 में तैयार करना और उसका प्रकाशित करना आवश्यक है। यह सूचि देवनागरी लिपि के वर्णकमानुसार हिन्दी में तैयार किये जाने का प्रावधान है, ऐसे अभ्यर्थी जिनका नाम कुल नाम (सरनेम) के साथ है उनके सम्बन्ध में सरनेम के प्रथम अक्षर तथा जिनके नाम सरनेम सहित न हो उनके नाम के प्रथम अक्षर के वर्णकम से लिखे जायें । प्रावधानों को स्पष्ट करने तथा अन्य सम्भावित परिस्थितियों में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने हेतू निम्नलिखित प्रकिया अपनाई जायः–

(i) *नामांकन पत्रों की सवींक्षा का कार्य समाप्त होने के पश्चात रिटर्निंग आफिसर /सहायक रिटर्निंग आफिसर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी से उसके नाम के सही–सही स्वरूप के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें, इस स्तर पर अभ्यर्थी को यह अवसर दिया जा सकता है कि वह अपना नाम मतपत्रों पर किस रूप में चाहता है, यह स्पष्ट कर दें। यदि अभ्यर्थी द्वारा इस सम्बन्ध में कोई अन्यथा जानकारी न दी जाये तो नामांकन पत्र में उसके द्वारा अपना नाम जिस रूप में लिखा गया है उसी रूप में सूचि में अंकित किया जाएगा ।*

(ii) *अभ्यर्थी का नाम हिन्दी भाषा में देवनागरी लिपि के वर्णकम अनुसार लिखा जायेगा। नामों के स्वर तथा व्यजनों का कम वही होगा जैसा कि हिन्दी वर्णमाला में दिया गया है । नामों के प्रथम अक्षर के आधार पर वर्णकम निर्धारित किया जायेगा । यदि अभ्यर्थी अपने नाम के साथ अपना कुल नाम (सरनेम) लिखता है, तो सरनेम के प्रथम अक्षर के आधार पर वर्णकम निर्धारित किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी अपने नाम के साथ कुल नाम नहीं लिखना चाहता है, तो उस दशा में उसके नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर उसका वर्णकम निर्धारित किया जायेगा ।*

(iii) *यदि अभ्यर्थी का नाम आद्याक्षर/आधे अक्षर से प्रारम्भ होता है तो वर्णकम निर्धारित करते समय आद्याक्षर की ओर ध्यान नहीं दिया जायेगा, जैसे यदि शिव कुमार अपना नाम एस0 कुमार लिखते है तो इस स्थिति में एस0 के बदले मे कु0 अक्षर के आधार पर वर्णकम निर्धारित होगा ।*

(iv) *किसी भी अभ्यर्थी के नाम के साथ आदर सूचक शब्द, शैक्षणिक योग्यता दर्शाने वाले शब्द, पैतृक नाम या व्यवसाय दर्शाने वाले शब्द या किसी उपाधि को दर्शाने वाले शब्द जोड़ने में कोई आपति नहीं है परन्तु नामों का वर्णकम व्यवस्थित करते समय इन शब्दों के प्रथमाक्षर पर ध्यान नहीं दिया जायेगा जैसे : डा0 आनन्द मोहन इन नाम को आ अक्षर (आनन्द नाम के) से आने वाले कम में लिखा जायेगा। डा0 शब्द के आधार पर नहीं ।*

(v) *पूर्ण अक्षर से आरम्भ होने वाले नाम के बाद संयुक्त अक्षर से प्रारम्भ होने वाले नाम लिखे जायेगें लेकिन उनमें भी व्यजनों का कम वर्णमाला में दर्शाये अनुसार ही रखा जायेगा, उदाहारण के लिये :*

(1) *सरला सक्सेना*

(2) *स्मिता सक्सेना*

इस स्थिति में पहले ***सरला सक्सेना*** *नाम लिखा जायेगा बाद में* ***स्मिता सक्सेना*** *का नाम लिखा जायेगा ।*

(vi) *संयुक्त अक्षरों से प्रारम्भ होने वाला कोई नाम यदि उच्चारण में एक जैसे प्रतीत होते है किन्तु उन नामों को भिन्न भिन्न तरीके से लिखा जा सकता है जैसे–*

(1) *अम्बा प्रसाद*

(2) *अंबा प्रसाद*

तो उपरोक्त नामों में अम्बा प्रसाद प्रथम कम में लिखा जायेगा और अंबा प्रसाद उसके बाद लिखा जायेगा क्योंकि अम्बा में प्रथम ***स्वर अ*** *वर्णमाला में प्रथम है जबकि अंबा में* ***स्वर अं*** *वर्णमाला के अन्त में है ।*

(vii) *यदि दो अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे है तो उनके वर्णकम निर्धारित करने के लिये उनके पिता के नामों का प्रथमाक्षर ध्यान में रखा जायेगा जैसे–*

(1) *कन्छेदी लाल बाबू लाल*

(2) *कन्छेदी लाल आत्मा राम*

उपरोक्त नामों के ***कन्छेदी लाल आत्मा राम*** *का नाम पहले लिखा जायेगा। **कन्छेदी लाल बाबू लाल** का नाम उसके बाद लिखा जायेगा।*

(viii) *यदि दो अभ्यर्थियों का नाम तथा उनके पिता का नाम भी एक समान हो तो ऐसी दशा में उनके नामों को उनके द्वारा प्रस्तुत नामांकन पत्रों की तिथि एवं समय के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय कम पर लिखा जायेगा जैसे–*

(1) *बिसाउलाल केजू लाल*

(2) *बिसाउलाल केजू लाल*

उपरोक्त दोनों अभ्यर्थियों में यदि कम 1 पर उल्लेखित अभ्यर्थी द्वारा निर्देशन पत्र क0 2 पर उल्लेखित अभ्यर्थी के पहले प्रस्तुत किया गया है तो उसका नाम दूसरे अभ्यर्थी के पहले सूचि में लिखा जायेगा ।

रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत चिन्ह वितरित करते समय नामांकन पत्र पर उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर प्राप्त करेगा जिससे यह स्पष्ट हो कि उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह वितरित करने की सूचना दे दी गई है।

उपरोक्तानुसार तैयार की गई अभ्यर्थियों की सूचि जिसमें अभ्यर्थी को आबंटित निर्वाचन प्रतीक भी अंकित है, की एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)/सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) के कार्यालय सूचना फलक पर प्रदर्शित की जाये और एक प्रति निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता को प्रदान की जाये ।

3. पंचायत समिति एवं जिला परिषद के सदस्य के पद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह् आबंटित करने की प्रकिया.

पंचायत समिति एवं जिला परिषद के सदस्यों के चुनवा पार्टी आधार पर हो सकते हैं, अतः इन्ह पदों का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह् आबंटित करते समय राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "हरियाणा पंचायती राज चुनाव चिन्ह (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 2014" में वर्णित प्रकिया की अनुपालना की जाए, जिसका विवरण निम्न अनुसार है:

(*क*) ***राष्ट्रीय और राज्यीय दलों के उम्मीदवारों द्वारा प्रतीकों का चयन तथा उनका आबंटन–***

(i) *पंचायत समिति अथवा जिला परिषद के किसी भी वार्ड के निर्वाचन में किसी राष्ट्रीय दल द्वारा खड़ा किया गया ऐसा कोई उम्मीदवार उस दल का आरक्षित प्रतीक, न कि कोई अन्य प्रतीक, चुनेगा, तथा वही उसे आबंटित किया जाएगा ।*

(ii) *पंचायत समिति अथवा जिला परिषद के किसी भी वार्ड के निर्वाचन में राज्य स्तरीय दल द्वारा खड़ा किया गया ऐसा कोई उम्मीदवार उस दल का आरक्षित प्रतीक, न कि कोई अन्य प्रतीक, चुनेगा, तथा वही उसे आबंटित किया जाएगा ।*

(iii) *पंचायत समिति अथवा जिला परिषद के किसी भी वार्ड के निर्वाचन मे आरक्षित प्रतीक का किसी ऐसे उम्मीदवार द्वारा चयन तथा उसे उसका आबंटन न किया जाएगा, जो उस राष्ट्रीय दल द्वारा, जिसके लिए ऐसा प्रतीक आरक्षित किया गया है, या उस राज्यीय दल जो हरियाणा राज्य में राज्यीय दल है, ऐसा प्रतीक आरक्षित किया गया है, खड़े किए गए अभ्यर्थी से भिन्न हो, भले ही उस पंचायत समिति अथवा जिला परिषद के उस वार्ड में ऐसे राष्ट्रीय अथवा राज्यीय दल द्वारा कोई भी उम्मीदवार खड़ा न किया गया हो ।*

(*ख*) ***अन्य उम्मीदवारों द्वारा प्रतीकों/चुनाव चिन्हों का चयन और उनका आंबटन–***

(1) *पंचायत समिति व जिला परिषद के किसी भी वार्ड से चुनाव लड़ने वाला कोई उम्मीदवार जोकि निम्न का सदस्य नहीं है –*

i) *राष्ट्रीय राजनैतिक दल,*

ii) *राज्य स्तरीय राजनैतिक दल (हरियाणा राज्य में मान्यता प्राप्त), या*

iii) *आयोग की द्वारा जारी अधिसूचना {हरियाणा पंचायती राज चुनाव चिन्ह (आरक्षण और आवंटन) आदेश} दिनांक 13.03.2014 के पैरा 9 में वर्णित उम्मीदवार*

ऐसा उम्मीदवार वही चुनाव चिन्ह चुनेंगा या उसे वही चिन्ह आबंटित किया जाएगा जो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित मुक्त चुनाव चिन्हों में से एक हो ।

(2) *जहां कि ऐसे निर्वाचन में एक मुक्त प्रतीक केवल एक उम्मीदवार द्वारा चुना गया है, वहां रिटर्निंग अधिकारी वह प्रतीक उसी अभ्यर्थी को आबंटित करेगा, न कि किसी अन्य को ।*

(3) *जहां कि ऐसे निर्वाचन में कई उम्मीदवारों द्वारा एक ही मुक्त चुनाव चिन्ह चुना गया है, वहां–*

i) *यदि उन कई उम्मीदवारों में से केवल एक उम्मीदवार किसी अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खड़ा किया गया है तथा शेष सभी निर्दलीय उम्मीदवार हैं, तो रिटर्निंग अधिकारी, यह मुक्त प्रतीक उस अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवार को, न कि किसी अन्य को, आबंटित करेगा, और यदि उन कई उम्मीदवारों में से दो या अधिक*

उम्मीदवार विभिन्न अमान्यता प्राप्त राजैतिक दलों द्वारा खड़े किए गए हैं, तथा शेष निर्दलीय उम्मीदवार हैं तो, रिटर्निंग अधिकारी, लॉट द्वारा यह विनिश्चय करेगा कि विभिन्न अमान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किए गए, उन दो या अधिक उम्मीदवारों में से किसको वह मुक्त चिन्ह आबंटित किया जाए तथा जिस उम्मीदवार के पक्ष में लॉट निकले, उसी को, न कि किसी अन्य को, वह मुक्त प्रतीक आबंटित करेगा ।

परन्तु, जहां विभिन्न अमान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किए गए, ऐसे दो या अधिक उम्मीदवारों में से एक, ऐसे निर्वाचन से, ठीक पूर्व, यथास्थिति, पंचायत समिति अथवा जिला–परिषद का आसीन्न सदस्य है, या था (इस तथ्य पर विचार किए बिना कि पहले निर्वाचन में जब वही मुक्त ऐसा सदस्य चुना गया था, उसे वही मुक्त प्रतीक आबंटित किया गया था अथवा कोई अन्य प्रतीक), व रिटर्निंग अधिकारी उस उम्मीदवार को, न कि किसी अन्य को वह मुक्त प्रतीक आबंटित करेगा ।

ii) *यदि उन कई उम्मीदवारों में से कोई भी किसी अमान्यताप्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खडा नहीं किया गया है लेकिन सभी उम्मीदवार निर्दलीय हैं, तथा उन निर्दलीय उम्मीदवारों में से एक ऐसे निर्वाचन से ठीक पूर्व, यथास्थिति, पंचायत समिति अथवा जिला–परिषद् का आसीन्न सदस्य है, या था, और पहले निर्वाचन में जब वह ऐसा सदस्य चुना गया था, तब उसे वही मुक्त चुनाव चिह्न/प्रतीक आबंटित किया गया था तो रिटर्निंग अधिकारी, उस उम्मीदवार को, न कि किसी अन्य को, वह मुक्त चुनाव चिह्न आबंटित करेगा ; तथा*

iii) *यदि उन कई उम्मीदवारों में सभी निर्दलीय हैं और कोई भी यथापूर्वोक्त आसीन सदस्य नहीं हैं या नहीं था, तो रिटर्निंग लॉट द्वारा यह विनिश्चय करेगा कि उन निर्दलीय उम्मीदवारों में से किसको वह मुक्त प्रतीक आबंटित किया जाए, तथा जिस उम्मीदवार के पक्ष में लॉट निकले, उसी को, न कि किसी अन्य को, वह मुक्त प्रतीक आबंटित करेगा ।*

परन्तु यह कि पंचायत समिति तथा जिला–परिषद् का चुनाव लड़ रहे प्रत्येक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने नामाकंन पत्र में उस निर्वाचन के लिये राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित मुक्त प्रतीकों में से तीन मुक्त प्रतीक प्राथमिकता के आधार पर कम वार देने होंगे।

(*ग*) ***कोई उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल द्वारा खड़ा किया कब माना जाएगा–***

किसी पंचायत समिति तथा जिला–परिषद् के किसी वार्ड से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार को राजनैतिक दल द्वारा तभी और सिर्फ तभी खड़ा माना जाएगा यदि,–

(i) *उम्मीदवार ने अपने नामांकन पत्र के साथ इस आशय की एक निर्धारित घोषणा की है;*

(ii) *उम्मीदवार उस राजनैतिक दल का सदस्य है और उसका नाम दल के सदस्यों की नामावली में शामिल है;*

(iii) *राजनैतिक दल द्वारा फार्म–ख में इस आशय की सूचना नामांकन पत्र भरने की अन्तिम तारीख को दोपहर तीन बजे से पहले, उस वार्ड के रिटर्निंग अधिकारी को दे दी गई हो;*

(iv) *उक्त नोटिस फार्म–ख में दल के अध्यक्ष, सचिव तथा किसी अन्य पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो और नोटिस भेजने वाले अध्यक्ष, सचिव तथा अन्य पदाधिकारी को, उस राजनैतिक दल द्वारा ऐसी सूचना भेजने के लिए प्राधिकृत किया गया हो;*

(v) *ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का नाम और नमूना हस्ताक्षर दल द्वारा फार्म–'क' में पंचायत समिति तथा जिला–परिषद् के रिटर्निंग–अधिकारी को नामांकन भरने की अन्तिम तारीख को दोपहर तीन बजे से पहले सूचित कर दिए गए हैं, और*

(vi) *फार्म–'क' और 'ख' उक्त पदाधिकारी या दल द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित है:*

परन्तु यह कि ऐसे किसी प्राधिकारी या प्राधिकृत व्यक्ति के अनुलिपि हस्ताक्षर या रबड़ स्टाम्प आदि के माध्यम से किए हुए हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे और फैक्स द्वारा भेजा गया कोई भी फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(ध) ***हरियाणा राज्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अतिरिक्त अन्य राज्यीय/केन्द्र शासित राज्यों में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों के लिए रियायतें–***

हरियाणा राज्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अतिरिक्त अन्य राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, कोई उम्मीदवार हरियाणा राज्य में पंचायत समिति अथवा जिला–परिषद् के किसी वार्ड से खड़ा करता है तो, उस वार्ड के अन्य सभी उम्मीदवारों का अपवर्जन करते हुए, उस दल के लिए, उस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश में, जहां वह मान्यता प्राप्त राज्यीय दल है, आरक्षित प्रतीक, निम्नलिखित शर्तों में से प्रत्येक को पूरा करने पर, ऐसे उम्मीदवार को आबंटित किया जाएगा,–

i) *कि उक्त दल ने, अपने द्वारा खड़े किए उम्मीदवार को प्रतीक अनन्य रूप से आबंटित करने के लिए आवेदन राज्य निर्वाचन आयोग को, चुनावों की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने के पश्चात् उसके तीन दिन के भीतर आयोग को दिया है;*

ii) *कि उक्त उम्मीदवार ने अपने नामांकन पत्र में यह घोषणा की है कि निर्वाचन में उक्त दल द्वारा उसे खड़ा किया गया है और यह कि ऐसे उम्मीदवार के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना दिनांक 13.03.2014 के पैरा–11 के साथ पठित पैरा–9 के खण्ड (ख),(ग), (घ) और (ङ.) कि अपेक्षाओं को भी पूरा किया है, और*

iii) *कि राज्य निर्वाचन आयोग के विचार में ऐसे आबंटन के लिए आवेदन नामन्जूर करने का कोई उचित आधार नहीं है।*

परन्तु यह कि अगर हरियाणा राज्य में किसी राज्यीय दल के लिए वही प्रतीक पहले ही आरक्षित है तो ऐसी स्थिति में अन्य राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल द्वारा पंचायत समिति अथवा जिला परिषद के किसी वार्ड से खडे किये गये उम्मीदवार पर इस पैरा में अंतर्विष्ट कुछ भी लागू नहीं होगा ।

परन्तु यह और कि अन्य राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राज्यीय दल का प्रतीक अगर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित मुक्त चुनाव चिन्हों में मौजूद नहीं है, तो उक्त राज्यीय दल को ऐसे मुक्त प्रतीक की ड्राइंग/चित्र उक्त उप–पैरा (i) में वर्णित प्रार्थना पत्र के साथ देना होगा ।

(ङ.) ***किसी राजनैतिक दल द्वारा किसी अभ्यर्थी का प्रतिस्थापन–***

किसी भी संदेह के निराकरण हेतु इसके द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि कोई राजनैतिक दल जिसने आयोग में जारी अधिसूचना दिनांक 13.03.2014 के पैरा 9 के अधीन फार्म 'ख' में अभ्यर्थी के पक्ष में नोटिस दिया है उसे उस नोटिस का विखंडन कर सकता है और उस वार्ड के लिए फार्म 'ख' में एक संशोधित नोटिस दूसरे अभ्यर्थी के पक्ष में दे सकता है ।

परन्तु यह कि फार्म 'ख' में पुनरीक्षित सूचना जो स्पष्ट तौर पर उसमें यह बताती हो कि फार्म 'ख' में पूर्व सूचना रद्द कर दी गई है और नामांकन–पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख को दोपहर 3 बजे से पूर्व उस वार्ड के रिटर्निंग आफिसर के पास पहुंच जाती है और फार्म 'ख' में उक्त पुनरीक्षित सूचना पर उक्त वर्णित अधिसूचना के पैरा 9 के खंड (घ) में वर्णित प्राधिकृत व्यक्ति ने हस्ताक्षर किए है

परन्तु यह और कि रिटर्निंग आफिसर को यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के संबंध में फार्म 'ख' में एक से अधिक सूचना प्राप्त होती है और राजनैतिक दल फार्म 'ख' में ऐसी सूचनाओं में यह बताने में असफल रहता है कि फार्म 'ख' में पूर्व सूचना या सूचनाएं रद्द कर दी गई है । रिटर्निंग आफिसर उस अभ्यर्थी के संबंध में, जिसका नामांकन–पत्र उन्हें प्रथमतः दिया गया था, फार्म 'ख' में सूचना स्वीकार करेगा और बाकी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों को, जिनके संबंध में उन्होंने फार्म 'ख' में सूचना या सूचनाएं प्राप्त की थी, ऐसे राजनैतिक दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के रूप में नहीं माना जाएगा ।

(च) ***विधिमान्य मनोनीत उम्मीदवारों की सूची तैयार करना–***

पंचायत समिति/जिला परिषद के किसी भी वार्ड का चुनाव लड़ रहे विधिमान्य मनोनीत उम्मीदवारों की सूची कमशः प्ररूप 8 व 9 में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा देवनागरी लिपि के वर्णकमानुसार निम्न आधार पर तैयार की जाएगी–

(i) *मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों के नाम,*
(ii) *पंजीकृत परन्तु अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों के नाम,*
(iii) *आजाद उम्मीदवारों के नाम ।*

(छ) ***मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल द्वारा आचरण आदेश संहिता का अनुपालन न करने या राज्य निर्वाचन आयोग के विधिसम्मत निर्देशों और अनुदेशों का पालन न करने पर उनके उम्मीदवार के चुनाव लडने पर रोक व आरक्षित चुनाव चिन्हों को वापिस लेने की राज्य निर्वाचन आयोग की शक्ति–***

यदि राज्य निर्वाचन आयोग को अपने पास उपलब्ध सूचना से संतुष्टि हो जाती है कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल आयोग द्वारा इस बारे जारी आदेशों के उपबंधों के आधीन उनकी अनुपालना करने में असफल रहता है, यह अस्वीकार करता है या अस्वीकार कर रहा है या अवज्ञ दर्शा रहा है या अन्यथा–

(i) *राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय समय पर जारी राजनैतिक दलों और उममीदवारों के मार्ग निर्दशन के लिए आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का अनुसरण करना, और*

(ii) *समय समय पर राज्य निर्वाचन आयोग के विधिसम्मत निर्देशों और अनुदेशों का पालन और उनका कार्यान्वयन करना ताकि निष्पक्ष स्वतंत्र और शांतिपूर्वक चुनावों को बढावा मिल सकें या सर्वसाधारण विशेष रूप से निर्वाचकों के हितों की रक्षा हो सके,*

तो राज्य निर्वाचन आयोग उपलब्ध तथ्यों और मामले की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनके विरूद्व की जाने वाली प्रस्तावित कार्यवाही के सबंध में दलों को उपयुक्त अवसर देने के बाद जैसा उपयुक्त समझे, ऐसी शर्तों के अधीन या तो चुनाव लड रहे उम्मीदवार को चुनाव लडने से रोक सकता है या उस पार्टी के लिए आरक्षित चुनाव चिन्ह को उस अवधि तक के लिए वापिस ले सकता है जब तक कि राज्य निर्वाचन आयोग ऐसा करना उचित समझे ।

परन्तु यह कि अगर राजनैतिक पार्टी द्वारा खडे किये गये उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह अगर वापिस ले लिया जाता है तो वह मुक्त चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड सकता है ।

4. ***अनुदेश तथा निदेश निकालने की राज्य निर्वाचन आयोग की शक्ति–***

राज्य निर्वाचन आयोग निम्न बारे समय समय पर कोई भी अनुदेश तथा निदेश जारी कर सकता है –

i) *आयोग द्वारा जारी प्रतीक (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 2014 के उपबन्धों में से किसी का स्पष्टीकरण करने के लिए,*

ii) *किसी ऐसी कठिनाई को दूर करने के लिए, जो किन्हीं ऐसे उपबन्धों के कार्यान्वयन के सबंध में उत्पन्न हो, तथा*

iii) *ऐसे किसी मामले में जहां राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन प्रतीक आदेश, 2014 में कोई प्रावधान नहीं है या अपर्याप्त हैं, और राज्य निर्वाचन आयोग के विचार में चुनावों को सही ढंग से करवाने के लिए एसा कोई उपबंध करना आवश्यक है ।*

अध्याय 4

चुनाव ड्यूटी पर अधिकारियों द्वारा मतदान

कोई मतदाता जो उस वार्ड से अन्यथा किसी एक में जिसमें वह मतदान करने का हकदार है, के मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी या किसी अन्य हैसियत में ड्यूटी पर लगाया गया है और ऐसे किसी मतदान केन्द्र में मतदान करने का इच्छुक है जिसमें वह चुनाव ड्यूटी पर है तो वह रिटरनिंग अधिकारी को प्ररूप–24 में मतदान केन्द्र जिसमें वह ड्यूटी पर है मतदान के लिए नियत किये गये दिनों से कम से कम 10 दिन पूर्व उसे मतदान के लिए अनुज्ञात करने के लिए आवेदन करेगा तथा यदि रिटरनिग अधिकारी की संतुष्टि हो जाती है कि आवेदक लोकसेवक है तथा मतदाता चुनाव ड्यूटी पर है तो वह––

(i) *आवेदक को प्ररूप–26 में चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र जारी करेगा;*

(ii) *मतदाता सूची की चिह्नित प्रति में उसके नाम के सामने, "चु0ड्यूटी0प्र0" वह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसे चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है, तथा*

(iii) *यह सुनिश्चित करेगा कि उस मतदाता को उस मतदान केन्द्र पर, जिस पर वह मत देने के लिए अन्यथा हकदार होता, मत देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाये।*

(2) *ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर पीठासीन अधिकारी––*

(i) *उस पर, इसे प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर अभिप्राप्त करेगा;*

(ii) *उस प्रमाणपत्र में यथा उल्लिखित मतदान केन्द्र के नाम के साथ–साथ उस व्यक्ति का नाम और मतदाता सूची संख्यांक और भाग संख्या होगी; और*

(iii) *उसे अपना मत, उसी रीति में जो उस मतदान केन्द्र पर मत देने के हकदार किसी मतदाता के लिए है, डालने के लिए अनुज्ञात करेगा*

(3) *उक्त निर्दिष्ट प्रमाणपत्र पीठासीन अधिकारी द्वारा एक लिफाफे में रखा जायेगा और सीलबंद किया जायेगा*

(4) *कोई भी मतदाता जो एक से भिन्न वार्ड में जिसका वह मतदाता है पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी के रूप में या किसी अन्य हैसियत में चुनाव ड्यूटी पर लगाया गया है जो चुनाव में डाक द्वारा मत देना चाहता है चुनाव क्षेत्र (वार्ड) जिसमें मतदाता के लिए नियत कम से कम 10 दिन से पूर्व डाक मतपत्र भेजने के लिए नामित है के रिटरनिंग अधिकारी को प्ररूप–25 में आवेदन भेजेगा, तथा यदि रिटरनिंग अधिकारी की संतुष्टि हो जाती है कि आवेदक एक से भिन्न वार्ड में जिसका वह मतदाता है चुनाव ड्यूटी पर तो उसे निम्नलिखित के साथ डाक द्वारा, डाक प्रमाणित ऐसे वार्ड के डाक मतपत्र भेजेगा;–*

(i) *प्ररूप–27 में घोषणा*

(ii) *प्ररूप–28 में लिफाफा*

(iii) *प्ररूप–29 में बड़ा लिफाफा; और*

(iv) *प्ररूप–30 में मतदाता के लिए अनुदेश, एक डाक मतपत्र जारी करेगा ।*

परन्तु रिटरनिंग अधिकारी उसी समय––

(i) *डाक मतपत्र के प्रतिपर्ण पर, मतदाता की मतदाता सूची संख्यांक अभिलिखित करेगा जो मतदाता सूची कि चिह्नित प्रति में प्रविष्ट है;*

(ii) *मतदाता सूची की चिह्नित प्रति में मतदाता का नाम यह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसे डाक मतपत्र दिया गया है, तथापि वह उस मतदाता को दिये गये डाक मतपत्र की क्रम संख्यांक को उसमें अभिलिखित नहीं करेगा; और*

(iii) *यह सुनिश्चित करेगा कि मतदाता मतदान केन्द्र में मत देने के लिए अनुज्ञात नहीं है;*

परंतु यह और कि प्रत्येक डाक मतपत्र के साथ एक प्रतिपर्ण संलग्न होगा और डाक मतपत्र तथा प्रतिपर्ण ऐसी डिजाईन में होगा जैसा राज्य निर्वाचन आयोग निर्देश दें;

परंतु यह और कि रिटरनिंग अधिकारी, जो चुनाव ड्यूटी पर होगा और मत देने का हकदार होगा, को मतपत्र और प्ररूप, निजिरूप से दे सकता है या देने के लिए आदेश दे सकता है।

(5) *रिटरनिंग अधिकारी, मतदाताओं को दिये गये डाकमपत्रों के प्रतिपर्ण एक पृथक पैक्ट में सीलबंद करेगा ।*

(6) (*क*) *प्ररूप –30 में अन्तर्विष्ट निदेशों के अनुसार डाक मतपत्र पर अपना मत अभिलिखित करेगा और उसे प्ररूप–28 वाले लिफाफे में बंद करेगा;*

(*ख*) *मतदाता, प्ररूप –27 में घोषणा पर किसी भी राजपत्रित अधिकारी या उस मतदान केन्द्र जिस पर वह ड्यूटी पर तैनात है, के पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में हस्ताक्षर करेगा और उसके द्वारा हस्ताक्षर अनुप्रमाणित करायेगा;*

(*ग*) *मतदाता अपना मत अभिलिखित करने और प्ररूप–27 में घोषणा करने के पश्चात वह डाक मतपत्र और घोषणा रिटरनिंग अधिकारी को प्ररूप –30 में अंतर्विष्ट निदेशों के अनुसार ऐसे लौटा देगा ताकि रिटरनिंग अधिकारी के पास मतगणना के प्रारम्भ के लिए नियत समय से पूर्व पहुंच जाये।*

(7) *डाक मतपत्र द्वारा मतदान के सम्बन्ध में ऐसी प्रकिया अंगीकृत की जायेगी जो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये।*

अध्याय 5

उम्मीदवारों के अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतदान से पूर्व उम्मीदवार की मृत्यु व निर्विरोध चुनाव

1. ***निर्वाचन अभिकर्ता* (Election Agent) *की नियुक्ति तथा ऐसी नियुक्ति को रद्द करना*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 35 के अन्तर्गत यदि कोई उम्मीदवार कोई निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त करना चाहता है, ऐसी नियुक्ति प्ररूप 10 में या तो नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय या चुनाव से पहले किसी भी समय की जा सकती है, परन्तु उम्मीदवार किसी चुनाव में केवल एक व्यक्ति को अपने चुनाव अभिकर्ता के रूप में नियुक्त कर सकता है ।*

उम्मीदवार किसी भी समय, लिखित रूप में अपने हस्ताक्षर सहित प्रतिवेदन रिटर्निंग अधिकारी पंचायत के पास देकर पहले से नियुक्त चुनाव अभिकर्ता की नियुक्ति को रद्द कर सकता है । ऐसा रद्दीकरण उस तिथि से प्रभावी होगा जिस तिथि को इस बारे प्रतिवेदन किया गया था । ऐसे रद्दीकरण की दशा में या निर्वाचन अभिकर्ता के चुनाव की अवधि से पूर्व या के दौरान मृत्यु को प्राप्त हो जाने की दशा में, उम्मीदवार एक नया निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है।

कोई भी व्यक्ति, जो उस समय के लिए, यथास्थिति ग्राम पंचायत, पंचायत समिति या जिला परिषद् के किसी चुनाव में निर्वाचित किए जाने के लिए अथवा वोट डालने के लिए अधिनियम के अधीन अयोग्य है तो उसे निर्वाचन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता।

2. ***मतदान अभिकर्ता* (Polling Agent) *की नियुक्ति*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 35–क के अन्तर्गत ऐसे किसी चुनाव पर, जिसमें मतदान किया जाना हो, चुनाव लड़ने वाला कोई भी उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता* ***(Election Agent)****, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर, ऐसे उम्मीदवार के मतदान अभिकर्ताओं* ***(Polling Agent)*** *के रूप में कार्य करने के लिए एक अभिकर्ता तथा एक राहत अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है । ऐसी नियुक्ति प्ररूप 22 में दो प्रतियों में लिखित पत्र में जिस पर उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर होंगे, की जाएगी ।*

उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्ति पत्र की दोहरी प्रति मतदान अभिकर्ता को प्रस्तुत करेगा जो उसे मतदान के लिए नियत तिथि को पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा और उसमें लिखित घोषणा पर पीठासीन अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षर करेगा। पीठासीन अधिकारी उसको प्रस्तुत की जाने वाली दोहरी प्रति अपनी अभिरक्षा में रखेगा। कोई भी मतदान अभिकर्ता मतदान केन्द्र पर किसी भी कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए तब तक उसे अनुमति नहीं होगी जब तक कि वह उक्त नियम/ उप–नियम के उपबन्धों की अनुपालना नही करता है।

3. ***गणन अभिकर्ता* (Counting Agent) *की नियुक्ति*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 35–ख के अन्तर्गत निर्वाचन लड़ने वाला प्रत्येक उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना पर उसके गणन अभिकर्ता अथवा अभिकर्ताओं के रूप में होने हेतु प्ररूप 23 में दो प्रतियों में लिखित पत्र द्वारा जिस पर उम्मीदवार अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर होंगे, एक अथवा अधिक व्यक्तियों की नियुक्ति कर सकता है, परन्तु ऐसी संख्या से अधिक नहीं जो जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा निर्धारित की जाए ।*

उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्ति पत्र की दोहरी प्रति गणन अभिकर्ता को भी प्रदान करेगा जो उसे मतगणना के लिए नियत की गई तिथि को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत को प्रस्तुत करेगा और उसके अन्दर लिखित घोषणा पर उसके समक्ष हस्ताक्षर करेगा। ऐसा अधिकारी उसे प्रस्तुत की गई दोहरी प्रति को अपनी अभिरक्षा में रखेगा । कोई भी गणन अभिकर्ता मतगणना

के लिए नियत स्थान पर, किसी भी कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक कि उसने उक्त नियम/उप नियम के उपबन्धों का पालन न किया हो ।

4. ***मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति का रदद करना या मृत्यु*** *–– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 35–ग के अन्तर्गत मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति किसी भी समय उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित लिखित घोषणा द्वारा रद्द की जा सकती है।*

ऐसी घोषणाएं–

उस दशा में जहां नियुक्ति मतदान प्रारम्भ होने के कम से कम पांच दिन पहले रद्द कर दी गई हो, रिटर्निंग अधिकारी पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

किसी अन्य दशा में रिटर्निंग अधिकारी पंचायत को या उस मतदान केन्द्र के जहां मतदान अभिकर्ता कर्तव्य पालन के लिए नियुक्त किया गया था, पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

यदि किसी उम्मीदवार के मतदान अभिकर्ता की मृत्यु मतदान प्रारम्भ होने से पूर्व हो जाती है, तो उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता तुरन्त ऐसी मृत्यु के तथ्य की लिखित रिपोर्ट–

ऐसी दशा में जहां मृत्यु मतदान प्रारम्भ होने के कम से कम पांच दिन पूर्व हुई है, रिटर्निंग आफिसर पंचायत को, और

किसी अन्य दशा में, रिटर्निंग आफिसर पंचायत या उस मतदान केन्द्र के, जहां मतदान अभिकर्ता कर्तव्य पालन के लिए नियुक्त किया गया था, पीठासीन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

जब कभी रिटर्निंग आफिसर पंचायत को उपरोक्त अनुसार कोई घोषणा या रिपोर्ट प्राप्त हो, तो वह तत्काल, यथास्थिति, ऐसी घोषणा या रिपोर्ट उस मतदान केन्द्र के, जहां ऐसा मतदान अभिकर्ता के कर्तव्य पालन के लिए नियुक्त किया गया था, पीठासीन अधिकारी को सूचित करेगा ।

जहां किसी मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति नियम 35 के उपनियम–1 के तहत रद्द कर दी जाती है या जंहा मतदान अभिकर्ता की मृत्यु मतदान प्रारम्भ होने के पूर्व हो जाती है, वहां उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान समाप्त होने के पूर्व किसी भी समय, नियम 35–क के उप नियम–1 के उपबन्धों के अनुसार नया मतदान अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है ।

परन्तु नए मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति सम्बन्धी पत्र–

ऐसी दशा में, जहां ऐसी नियुक्ति मतदान प्रारम्भ होने के कम से कम पांच दिन पहले की जाए रिटर्निंग आफिसर पंचायत को दिया जाएगा, और

किसी अन्य दशा में रिटर्निंग आफिसर पंचायत को या उस मतदान केन्द्र के, जहां नए मतदान अभिकर्ता को नियुक्त किया गया हो, पीठासीन अधिकारी को दिया जाएगा।

5. ***गणन अभिकर्ता की नियुक्ति रद्द करना या मृत्यु*** *–– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 35–घ के अन्तर्गत गणन अभिकर्ता की नियुक्ति उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व किसी भी समय उसके द्वारा हस्ताक्षरित लिखित घोषणा द्वारा रद्द की जा सकेगी, ऐसी घोषणा रिटर्निंग आफिसर को या ऐसे अन्य अधिकारी को जो उसके द्वारा प्राधिकृत किया गया हो, प्रस्तुत की जायेगी।*

यदि किसी उम्मीदवार के गणन अभिकर्ता की मृत्यु मतों की गणना पूरी होने के पूर्व हो जाती है तो उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता तुरन्त मृत्यु की लिखित रूप में रिपोर्ट रिटर्निंग आफिसर पंचायत या किसी अन्य अधिकारी को जो उसके द्वारा प्राधिकृत किया जाए, तत्काल देगा।

जहां गणन अभिकर्ता की नियुक्ति नियम 35–घ के उप नियम 1 के अधीन रद्द की गई हो, या जहां गणन अभिकर्ता की मृत्यु मतों की गणना पूरी होने के पूर्व हो जाए, वहां उम्मीदवार या उसका निर्वाचन

अभिकर्ता, नियम 35–ख के उप नियम 1 में वर्णित विधि अनुसार नए गणन अभिकर्ता की नियुक्त कर सकता है।

6. ***मतदान से पूर्व उम्मीदवार की मृत्युः–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 36 के अन्तर्गत मतदान आरम्भ होने से पूर्व चुनाव लड़ रहे किसी उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मतदान रदद* (countermanded) *नहीं किया जाएगा । किन्तु यदि किसी स्थान के लिए लड़ रहे किसी उम्मीदवार की मृत्यु के परिणाम स्वरूप, केवल एक ही चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार रह जाता है तो रिटर्निंग अधिकारी पंचायत उम्मीदवार की मृत्यु के तथ्य की सन्तुष्टि हो जाने पर, मतदान को प्रत्याविष्ट/रद्द करेगा और जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयुक्त को तथ्यों की रिपोर्ट करेगा तथा चुनाव के निर्देश में सभी कार्यवाहियां हर प्रकार से नए सिरे से नियमों के अनुसार प्रारम्भ की जाएंगी मानों यह नए चुनाव के लिए है ।*

ऐसे किसी व्यक्ति की दशा में आगे और नामांकन आवश्यक नहीं होगा जो मतदान रद्दकरण के समय चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार था, और

कोई भी व्यक्ति जिसने मतदान रद्दकरण से पूर्व नियम 31 के उप–नियम 1 के अधीन अपनी उम्मीदवारी वापिस लेने का एक नोटिस दिया है, ऐसे रद्दकरण के बाद चुनाव के लिए एक उम्मीदवार के रूप में नामांकित किए जाने के लिए अपात्र नहीं होगा ।

7. ***निर्विरोध निर्वाचन–*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 37 के अन्तर्गत यदि किसी स्थान के लिए, नामाकंन पत्र की वापसी के लिए नियत तिथि तथा समय के बाद, केवल एक उम्मीदवार रह जाता है, जिसका नामाकंन पत्र वैध पाया जाता है तो रिटर्निंग अधिकारी पंचायत तुरन्त स्थान भरने के लिए उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित कर देगा तथा उसके बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयुक्त को सूचित करेगा ।*

यदि किसी स्थान के लिए कोई नामांकन पत्र दायर नहीं किया गया है या यदि किसी स्थान के लिए उम्मीदवार उचित रीति से नामांकित नहीं किया गया है, तो रिटर्निंग अधिकारी पंचायत जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के माध्यम से तथ्य की रिपोर्ट निर्वाचन आयुक्त को भेजेगा जो नियमानुसार स्थान को भरने के लिए आगामी कार्यवाही करेगा ।

अध्याय–6

मतदान दल का प्रशिक्षण

1. पंचायत चुनाव में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आपके साथ चार मतदान अधिकारी नियुक्त किये जायेगें। मतदान दल की नियुक्ति करते समय आपके दल के मतदान अधिकारी कमांक–1 को उस स्थिति में जब आप किसी बहुत ही आवश्यक कारण से मतदान केन्द्र से अनुपस्थित रहे, पीठासीन अधिकारी के कर्तव्यों का निपटान करने के लिये रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जायेगा। आपको चाहिये कि दल के सदस्यों के बीच टीम भावना पैदा करे, इससे दल की कार्य क्षमता बढेगी और आपको अपने दायित्वों के निर्वहन में आसानी होगी।

2. आयोजित प्रशिक्षण कक्षाओं में अवश्य उपस्थित हों तथा अपनाई जाने वाली प्रकिया तथा कानूनी प्रावधानों को ठीक से समझ लें। मतपेटियों व ई0वी0एम0 को उपयोग में लाने सम्बन्धी कार्य स्वयं करके देख लें और केवल उनका प्रदर्शन देखकर ही सतुंष्ट न हो जायें। यदि प्रशिक्षण के दौरान यह कार्य आपने ठीक से करना नहीं सीखा तो मतदान केन्द्र में आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। वहां आपको बताने वाला कोई नहीं होगा। इस कार्य को विश्वासपूर्वक कार्य करने के लिये बार–2 अभ्यास कीजिये। मतपेटियों व ई0वी0एम0 में उपयोग में लाई जाने वाली पेपर सील को लगाने की प्रकिया को ठीक से समझ लें।

3. मतपत्र लेखा ठीक से तैयार करने का अभ्यास बहुत जरूरी है। भले ही आप पूर्व में भी पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हो परन्तु तब भी आपको प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना चाहिये, क्योंकि पंचायत सम्बन्धी निर्वाचन की विधि और प्रकिया में अनेक ऐसी बातें हैं जो लोक सभा/विधान सभा के चुनावों से भिन्न है। मतगणना सम्बन्धी निर्देशों का आपको विशेष तौर पर गंभीरता से अध्ययन करना चाहिये।

4. अपनी नियुक्ति के बाद आप मतदान दल के अन्य सदस्यों से परिचय करने के लिये प्रशिक्षण सत्रों के दौरान उनसे मिलें।

मतदान केन्द्र पर पंहुचने के बाद प्रत्येक सदस्य को उसके दायित्वों को स्पष्टतः समझाएं और कार्यक्षेत्र तथा प्रकिया के बारे में उनकी शंकाओ का निवारण करें।

अध्याय –7

मतपेटी उपयोग में लाने सम्बन्धी अनुदेश

<u>गोदरेज टाईप</u>

1. ***मतपेटी का खोलना–***

(1) *बटन से खिड़की के ढक्कन (विण्डोकवर) को बांधने वाले तार को खोलिये।*

(2) *खिड़की के ढक्कन को दांहिनी ओर घुमाइए, ताकि खिड़की पूरी तरह से खुल जाये (जैसा कि आकृति 1 पर दिया गया है)*

(3) *अपनी हथेली उपर की ओर रखते हुये खिड़की में एक अंगुली डालिये और उसे ब्रेकेट तक पहुंचाने के लिये ढक्कन के पेदें में मध्य भाग तक पहुंचाये (यह ब्रैकेट आकृति 2 पर देखा जा सकता है)*

(4) *ब्रेकेट को खिड़की की ओर खीचियें तथा बटन की बांयी ओर तब तक घुमाईये जब तक एक चौथाई से भी कम घुमाव के बाद यह रूक न जाये जैसा कि आकृति 2 में है । (मतपेटी अब खुल गई है ढक्कन उठाकर अन्दरूनी भाग दिखाया जा सकता है)*

(5) *उम्मीदवारों या उनके ऐजेंटों को पेटी के कल पुर्जों में गड़बड़ी डाले बिना पेटी का निरीक्षण करने दीजिये ।*

2. ***मतदान के लिये मतपेटी तैयार करना–***

(1) *मतपेटी का ढक्कन खोलिये, खाली मतपेटी उपस्थित उम्मीदवार/उम्मीदवारों को दिखाईये। यदि आपके मतदान केन्द्र से सम्बन्धित मतों की गिनती मतदान केन्द्र पर नहीं की जानी है तो मतपेटी में पते की चिट (एड्रैस टैग) भी डालें ।*

(2) *आपको दी गई एक कागज की सील लीजिये । ध्यान रहे कि प्रत्येक मतपेटी में एक ही कागज की सील का उपयोग किया जायेगा ।*

(3) *ऐसे उम्मीदवारों या उनके एजेंटों द्वारा जो हस्ताक्षर करना चाहते हो कागज की सील के एक छोर पर हस्ताक्षर करवायें । आप भी हस्ताक्षर कीजिए और दिनांक डालिये।*

(4) *चोखटे/फ्रैम के मध्य भाग की भीतरी दरारों में किसी एक में कागज की सील का सिरा डालिये।*

(5) *इसके बाद कागज की सील का प्रत्येक सिरा पीछे को घुमाईये और उस चोखटे के समावनवर्ती बाहरी दरारों में डालिये, यह सुनिश्चित कीजिए कि कागज की सील का छोर खिड़की से दूर है।*

(6) *कागज की सील के उस सिरे को जिस पर हस्ताक्षर हो, लम्बा रखियें, कागज की सील को पहुंचने वाली आकस्मिक क्षति या उसमें गड़बड़ करने सम्बन्धी प्रयत्न को रोकने के उदेश्य से कागज की सील के नीचे के चौखटे के मध्य भाग में <u>2-1/10"x1-7/16</u>" आकार के कार्ड बोर्ड/पुटठे की गददी रखकर उसे मजबूत बनाईये। गददी पर्याप्त मोटी होनी चाहिये ताकि कागज की सील अपनी जगह यथावत बनी रहे। कागज की सील के दोनों छोरों की धार खींच कर उसकी जांच कीजिये वह बिल्कुल भी नही हिलनी चाहिये ।*

(7) *इसके बाद पुटठे के उपरी दोनों कोनो, कागज की सील और मतपेटी ढक्कन के भीतरी भाग को सील लगाकर ढक दीजिए।*

(8) *यदि कोई उम्मीदवार या उसका एजेंट विलम्ब से आया हो और चौखटे/फ्रैम में डाले जाने से पहले कागज की सील पर हस्ताक्षर न कर सका हो तो, यदि वह चाहे तो इस समय भी कागज की सील के लम्बे भाग पर हस्ताक्षर करने या अपनी सील लगाने की अनुमति मांगे तो उसे अनुमति दी जानी चाहिये ।*

(9) *किसी भी स्थिति में कटी–फटी कागज की सील का उपयोग मत कीजिये । यह देखियें कि कागज की सील पर किये गये मतदान/निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर प्ररूप –22 में उनकी घोषणा पर किये गये उनके हस्ताक्षरों से मिलते हैं।*

(10) *फिर मतपेटी का ढक्कन धीरे से बन्द कर दीजिये देखियें कि कागज की सील के खुले सिरे मतपेटी के भीतर है और सील पेटी में लटकती न रहे । बटन को दांहिनी ओर थोड़ा–थोड़ा तब तक घुमाईये जब तक कि खटके के साथ रूक न जाये । अब दरार (आकृति 3) पर बताये अनुसार मतदान के लिये सही स्थिति में पूरी तरह खुली रहेगी। बटन को ओर ज्यादा मत घुमाइये अन्यथा दरार बन्द हो जायेगी। यदि असावधानी के कारण ऐसा हो जाये तो कागज की सील नष्ट करने के बाद मतपेटी को फिर से खोलना पड़ेगा और एक बार से फिर मतदान के लिये नई कागज की सील लगाकर तैयार करना होगा ।*

(11) *खिड़की के ढक्कन को बांई ओर घुमाईये ताकि उससे खिडकी पूरी तरह ढक जाये । खिड़की के ढक्कन के सुराख और बटन के सामने के सुराख में तार का टुकड़ा डालिये और तार के छोरों को कसकर कई बार घुमाईये, ताकि खिड़की का ढक्कन बटन के साथ मजबूती से जम जाये जो बाद में घुमाया न जा सके (देखिये आकृति 3) अब मतपेटी मतदान के लिये तैयार है ।*

3. ***मतदान के बाद दरार (सिल्ट) बन्द करना और मतपेटी पर सील लगाना –***

(1) *जिस तार से खिड़की का ढक्कन बंधा हुआ है उसे खोलिये ताकि खिड़की का ढक्कन खुल जाये, खिड़की के ढक्कन को दांहिनी ओर घुमाईये, इस बात की जांच कीजिये कि कागज की सील ज्यों की त्यों लगी है ।*

(2) *बटन को दांहिनी ओर घुमाईये जब तक कि वह रूक न जाये कि दरार (सिल्ट) को पूरी तरह से बन्द न कर दें। यह भी जांच कर लीजिये कि इसके बाद बटन किसी भी ओर घुमता तो नहीं है ।*

(3) *अब खिड़की के ढक्कन को बांयीं ओर घुमाईये ताकि वह खिडकी को पूरी तरह से ढक दें तथा खिडकी के ढक्कन को एक साथ पकड़िये तथा खिडकी के ढक्कन के छेद सामने के बटन के छेद में एक तार पिरोकर तार के दोनों सिरों को कसकर कुछ बार मोड़ दीजिये ताकि खिड़की ढक्कन और बटन मजबूती से बंध जाये ।*

(4) *बटन तथा खिडकी के ढक्कन के छेदों में एक डोरे का टुकडा डालिये और उसके दोनों छोरों को बटन के नजदीक कई गांठें लगाकर मजबूती से कस दीजिये । डोरे के खुले सिरों के नीचे मजबूत मोटे कागज का टुकडा रखियें और यथा सम्भव गांठों के पास ही उस पर अपनी सील लगाईये ताकि बिना सील तोड़े गांठ न खोली जा सके ।*

(5) *मतदान केन्द्र की मतपेटी या मतपेटियों को उपर उल्लिखित अनुदेशों के अनुसार बन्द कर सुरक्षित कर देने के पश्चात फीते से मतपेटी/मतपेटियों को चारों ओर से बांध दीजिये। ढक्कन पर हैण्डिल को नीचे से एक दूसरे को क्रास करते हुये एक मजबूत गांठ लगाये तथा उसके नीचे एक मोटा कागज या पुटठे का टुकड़ा रख कर अपनी सील लगा दें । उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं से कहें कि वे भी यदि चाहे तो अपनी सील लगा लें या हस्ताक्षर कर दें ।*

(6) *यदि मतगणना मतदान केन्द्र पर न कराकर बाद में कराई जानी है तो यह आवश्यक होगा कि उपयोग में लाई गई तथा मतपत्रों से भरी हुई मतपेटी/मतपेटियों को कपड़े की थैली/थैलियों में रखकर बन्द कर दिया जावे। थैली में लगी डोरी को खींच कर उपरी*

हिस्से में गांठे लगा कर कस दें और उसे 2–3 बार घुमाकर एक दूसरे से मिली हुई कुछ गाठें लगा दें । डोरी की गाठों पर नीचे एक मोटे कागज का टुकड़ा रखकर प्रथम गांठ से छुती हुई अपनी सील लगा लें । जिससे बगैर सील तोडे गांठ न खोली जा सके । उपस्थित मतदान एजेंटों से कह दें कि वे यदि चाहे तो अपनी सील लगा सकते हैं । थैली के उपरी हिस्से पर भी पते की चिट्ट (एड्रैस टैग) अच्छी तरह बांध दें ।

टिप्पणी *:– मतदान की समाप्ति के बाद सीलबन्द मतपेटी को जिस कपडे की थैली में रखा जाता है, उस पर स्याही से या रबर स्टैम्प से या अन्यथा रूप से कुछ भी नहीं लिखा जाना चाहिये । यह इसलिये आवश्यक है ताकि कपड़े की थैलियां खराब न हो जाये और भविष्य में उपयोग के लिये अनुपयोगी न बना दी जाये । पुस्तिका में दिये गये निर्देशनुसार सभी लिखा–पढ़ी पते की चिट (एड्रैस टैग) पर की जानी चाहिये । इस बात की परम सावधानी रखी जाये कि उन्हें इस प्रकार से लगाया या चिपकाया जाये, ताकि वे ले जाते समय निकल न जाये ।*

गोदरेज टाईप्र मतपेटी

आकृति 1



बाहरी दृश्य

आकृति 2



भीतरी दृश्य

आकृति 3



मतदान के लिये तैयार पेटी

आकृति 4



मतदान के बाद बंद की गई पेटी

मध्यप्रदेश टाईप मतपेटी उपयोग में लाने सम्बन्धी अनुदेश

1. ***मतपेटी को खोलना***–

(1) *डिब्बी के ढक्कन को उपर उठाकर खोलिये ।*

(2) *डिब्बी के अन्दर पेटी बन्द करने के लाक की पती को मतपत्र डालने के सुराख की ओर खींचियें। मतपेटी अब खुल गई है और ढक्कन उठाकर अन्दरूनी भाग दिखाया जा सकता है।*

(3) *अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को पेटी के कलपुर्जो में गड़बड़ी डाले बिना, पेटी का निरीक्षण करने दीजिये ।*

2. ***मतदान के लिये मतपेटी तैयार करना*** :–

(1) *मतपेटी का ढक्कन खोलिये, खाली मतपेटी उपस्थित उम्मीदवारों/ऐजेंटों को दिखाईये । यदि आपके मतदान केन्द्र से सम्बन्धित मतों की गिनती मतदान केन्द्र पर नहीं की जानी है तो मतपेटी में पते की चिट (एड्रैस टैग) डालें ।*

(2) *डिब्बी के अन्दर लगे पेटी बन्द करने के लाक की पती को सामने वाली पती के साथ खींच कर मिलायें। (मतपेटी लाक हो गई है)*

(3) *डिब्बी के अन्दर पतियों के बीच लगे छोटे से लीवर को घुमाईयें जिससे लाक वाली पती को स्पोर्ट मिल सके ।*

(4) *डिब्बी के अन्दर लगी पतियों के छेदों में से तार तथा रस्सी का टुकड़ा डालिये और उसके दोनों छोरों को मजबूती से कस दीजिये तथा सिरों के नीचे मजबूत मोटे कागज का टुकडा रखियें और यथा सम्भव गांठों के पास ही उस पर अपनी सील लगायें ताकि बिना सील तोडे गांठ न खोली जा सके । तदोपरान्त मोटे कागज पर अपने हस्ताक्षर करें । यदि कोई उम्मीदवार या उसका एजेंट भी इस कागज के टुकड़े पर अपने हस्ताक्षर करना चाहे तो उन्हें हस्ताक्षर करने दिया जाये ।*

(5) *मतपत्र डालने वाले सुराख पर लगी लीड को पीछे हटाकर दूसरी ओर पती लगी के साथ बांध देवें ताकि मतपत्र डालते समय असुविधा न हो ।*

(6) *डिब्बी के ढक्कन को बन्द करें । तार तथा रस्सी को डिब्बी तथा मतपेटी के छेदों में से निकालकर मजबूती के साथ कसकर गांठ लगायें। गांठों के नीचे कागज का टुकड़ा रखकर इसे सील कर दें । तदोपरान्त अपने हस्ताक्षर करें। यदि कोई उममीदवार या उसका ऐजेंट इस कागज के टुकडे पर अपने हस्ताक्षर करना चाहे तो उसे हस्ताक्षर करने देवें। मतपेटी मतदान के लिये तैयार है ।*

3. ***मतदान के बाद दरार (सिलट) बन्द करना*** :–

(1) *यदि मतगणना मतदान केन्द्र पर न कराकर बाद में कराई जानी है तो यह आवश्यक होगा कि डिब्बी के बाहर भी जो सील लगाई गई है वह मतदान केन्द्र में उपस्थिति उम्मीदवारों या उसके एजेंटों के समक्ष खोली जाये । मतपत्र डालने की सिलट को बन्द करने के लिये जो लीड पती के साथ बांधी हुई है उसे खोलकर डिब्बी का ढक्कन उठाकर डिब्बी की ओर लाईये और डिब्बी का ढक्कन बन्द कर देंवे तथा पैरा उपरोक्त 2 (6) में दर्शाये गये तरीके अनुसार दोबारा सील कर देवे। देखिये दरार/सीलट बन्द हो गई है तथा मतपेटी भी सील हो गई है ।*

(2) *उपयोग में लाई गई तथा मतपत्रों से भरी हुई मतपेटी/मतपेटियों को कपड़े की थैली/थैलियों में रखकर बन्द कर दिया जाये । थैली में लगी डोरी को खींचकर उपरी हिस्से में गांठे लगाकर कस दें और उसे 2–3 बार घुमाकर एक दूसरे से मिली हुई कुछ गांठे लगा दें । डोरी की गांठो पर नीचे एक मोटे कागज का टुकड़ा रखकर प्रथम गांठ से छूती हुई अपनी सील लगा दें जिससे बगैर सील तोड़े गांठ न खोली जा सके । उपस्थित मतदान एजेंटों से कहें कि यदि वे चाहे तो अपनी सील लगा सकते हैं। थैली के उपरी हिस्से पर भी पते की चिट (एड्रैस टैग) अच्छी तरह बांध दें ।*

(3) *मतदान केन्द्र की मतपेटी या मतपेटियों को उपर उल्लिखित अनुदेशों के अनुसार बन्द कर सुरक्षित देने के पश्चात फीते से मतपेटी/मतपेटियों को चारों ओर से बांध दीजिये। ढक्कन पर हैडिंल को नीचे से एक दूसरे को कास करते हुये एक मजबूत गांठ लगायें तथा उसके नीचे एक मोटा कागज या पुटठे का टुकड़ा रखकर अपनी सील लगा दें उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं से कहें कि वह भी यदि चाहे तो अपनी सील लगा लें या हस्ताक्षर कर दें ।*

टिप्पणी *:– मतदान की समाप्ति के बाद सीलबन्द मतपेटी को जिस कपड़े की थैली में रखा जाता है उस पर स्याही से या रबर स्टैम्पस से या अन्यथा रूप से कुछ भी नहीं लिखा जाना चाहिये । यह इसलिये आवश्यक है कि ताकि कपड़े की थैलियां खराब न हो जाये और भविष्य में उपयोग के लिये अनुपयोगी न बना दी जाये । पुस्तिका में दिये गये निर्देशनुसार सभी लिखा पढी पते की चिट (एड्रैस टैग) पर की जानी चाहिये । इस बात की परम सावधानी रखी जाये कि उन्हें ऐसे रूप से लगाया या चिपकाया जाये ताकि वे ले जाते समय निकल न जाये ।*

मध्यप्रदेश टाईप मतपेटी

आकृति नं० 1



बाहरी दृश्य

आकृति नं० 2



भीतरी दृश्य

आकृति नं० 3



मतदान के लिये तैयार पेटी

आकृति नं० 4



मतदान के बाद बन्द की गई पेटी

अध्याय–8

मतदान केन्द्र में व्यवस्था

1. आपको तथा आपके मतदान दल के सदस्यों को मतदान केन्द्र पर पहुंचाने और वापिस लाने की व्यवस्था, सामग्री वितरण केन्द्र पर की जायेगी। वहां तक आपको स्वयं ही उस तारीख को पहूंचना होगा जो आपको भेजे गये नियुक्ति आदेश में अंकित होगा। सामान्यतः आपको वितरण केन्द्र में मतदान की तारीख के 1 या 2 दिन पूर्व बुलाया जायेगा ताकि आप मतदान की तारीख के एक दिन पहले 4.00 बजे तक अपने मतदान केन्द्र पर पंहुच सके।

2. यदि आपके मतदान दल का कोई मतदान अधिकारी मतदान की तारीख के पहले दिन की शाम तक मतदान केन्द्र में उपस्थित न हो तो आपको उसके स्थान पर किसी अन्य मतदान अधिकारी की नियुक्ति करने की कार्यवाही करनी होगी। ऐसी नियुक्ति की सूचना आप यथाशीघ्र रिटर्निंग अधिकारी को दें। तथापि आप किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त न करें जो किसी अभ्यर्थी का सकिय समर्थक हो या किसी राजनैतिक दल का कार्यकर्ता हो।

3. यदि आप गंभीर अस्वस्थता या अन्य अपरिहार्य कारण से अपने कर्तव्य निवर्हन करने की स्थिति में न हो तो जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा पहले से प्राधिकृत मतदान अधिकारी आपके स्थान पर कार्य करेगा।

4. आप मतदान केन्द्र पर अपने दल के किसी भी मतदान अधिकारी को कोई भी काम सौंप सकते हैं।

5. मतदान केन्द्र में पंहुच कर सबसे पहले प्रस्तावित मतदान केन्द्र के भवन का निरीक्षण करें तथा सुनिश्चित कर लें कि केन्द्र पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए–

पुरूषों और महिलाओं के लिये प्रतीक्षा करने के लिये पर्याप्त स्थान हो।

मतदाताओं के आने जाने के रास्ते अलग–अलग हों। यदि कक्ष में केवल एक ही प्रवेश द्वार हो तो रस्सी बांध कर अन्दर जाने और बाहर निकलने का अलग–अलग रास्ता बनाने की व्यवस्था करें।

मतदान अभिकर्ताओ को इस प्रकार बैठाने की व्यवस्था करें जब कोई मतदाता आकर मतदान अधिकारी कमांक–1 के सामने खड़ा हो तो अभिकर्तागण उसका चेहरा देख सके और जरूरत पड़ने पर उसकी पहचान को चुनौती दे सके। ऐसी जगह मतदान अधिकारी कमांक–1 के पीछे ही हो सकती है।

मतदान कक्ष में (जहां आकर मतदाता मतपत्र पर चिन्ह लगायेगा या ई0वी0एम0 का बटन दबायेगा) इस तरह की आड़ हो कि कोई यह न जान सके कि मतदाता ने किस अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान किया है ।

मतदान कक्ष के भीतरी भाग में पर्याप्त रोशनी होनी चाहिये ।

केन्द्र के अन्दर मतदान कक्ष में ऐसे स्थान बनाये जाने चाहिये और मतपेटियों को ऐसी जगह रखा जाना चाहिये कि मतदाताओं को ज्यादा आड़ा–तिरछा न चलना पड़े।

मतदान केन्द्र के अन्दर पहले से लगे ऐसे प्रत्येक फोटो अथवा चित्र को जिसका सम्बन्ध किसी मतदाता के चुनाव प्रतीक से जोड़ा जा सके, हटा लें।

मतदान केंद्र के बाहर प्रर्याप्त स्थान हो ताकि महिला और पुरूष मतदाताओं को अलग–2 पंक्तियों में खडे होने में कोई असुविधा न हो ।

मतदान केंद्र की व्यवस्था भवन के धरातल में ही हो ।

शारीरिक रूप से अपंग व्यक्तियों के लिए मतदान केंद्र में रैंप की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि वे wheel chair *से मतदान केंद्र के अन्दर आसानी से प्रवेश कर सकें ।*

मतदान केंद्र में पीने के पानी एवं शौचालय का उचित प्रबन्ध हो ।

आकस्मिक मौसम की स्थिति में मतदाताओं की सुविधा के लिए आश्रय की पर्याप्त व्यवस्था हो ।

प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर और भीतर निम्नलिखित सूचनाएं प्रमुखतः प्रदर्शित की जायेगी–

ऐसी सूचना जिसमें वह मतदान क्षेत्र दिखाया गया हो जिसके मतदाता उस मतदान केन्द्र में मत देने के हकदार हो, और चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के नामों की हिन्दी देवनागरी वर्णकमानुसार तैयार की गई सूचि जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने उसे आबंटित निर्वाचन प्रतीक भी दर्शाया गया हो ।

हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 180 के अनुसार मतदान केन्द्र के ईद–गिर्द 100 मीटर की सीमा के भीतर मतदान की तारीख को किसी भी प्रकार का न तो प्रचार किया जाना चाहिये और न किसी मतदाता से मतों की याचना की जानी चाहिये। अतः मतदान केन्द्र के चारो ओर 100 मीटर की दूरी दर्शाने वाले मुद्रित पर्चे भी यथास्थान लगा दें। ये पर्चे आपको अलग से प्रदान किये जायेगें।

अध्याय–9

मतदान अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन

मतदान प्रकिया के सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न मतदान अधिकारियों को निम्नानुसार कार्य सौंपा जाना चाहिये–

मतदान अधिकारी कमांक–1 *यह अधिकारी मतदाता के प्रवेश करते ही उससे उसका नाम तथा वार्ड की जानकारी प्राप्त करेगा एंव मतदाता सूची की प्रति में उसका नाम ढूँढेगा । नाम खोज लेने के पश्चात वह उसे जोर से पढेगा तथा मतदान अभिकर्ताओं से आपत्ति नहीं होने पर मतदाता सूची में उसके नाम को रेखांकित करेगा तथा यदि मतदाता महिला हो तो उसके नाम के सामने सही (√) का चिन्ह भी लगायेगा। यही अधिकारी मतदाता के बांयें हाथ की तर्जनी (अगूंठे के बाद की उंगली) में अमिट स्याही का निशान लगायेगा, बांयें हाथ में तर्जनी ना होने कि स्थिति में उसके बाद की उंगली पर और बांयें हाथ में कोई उंगली ना होने पर दांयें हाथ की तर्जनी पर स्याही लगायेगा। तदुपरांत मतदाता मतदान अधिकारी–।। के सम्मुख जायेगा।*

मतदान अधिकारी कमांक–2 *चुनाव मतपेटी से होने की दशा में यह अधिकारी मतदाता को दो मतपत्र अर्थात एक पंच पद हेतू जो कि सफेद पेपर पर काले रंग का रहेगा तथा दूसरा सरपंच पद हेतू जो कि सफेद पेपर पर नीले रंग का रहेगा, देगा । इस अधिकारी को यह सावधानी रखनी है कि मतदाता को पंच हेतू उसी वार्ड में सम्बन्धित मतपत्र दिया जाये जिस वार्ड की मतदाता सूची में उसका नाम अंकित है । कार्य निपटान में सुविधा के लिए इस अधिकारी को चाहिये कि वह कागज के चकोर टुकड़ों पर वार्डों के कमांक लिखकर उन्हे कमवार अपनी मेज पर चिपका लें और सम्बन्धित वार्ड के मतपत्रों की गड्डीयों को इन्ही के उपर रखें। ऐंसा करने से सही वार्ड का मतपत्र जारी करने में चूक या त्रुटि की सम्भवाना नहीं रहेगी। यह अधिकारी मतदाता सूची में अंकित मतदाता का अनुकमांक पंच पद के लिए उसे दिये गये मतपत्र के प्रतिपर्ण* (counterfoil) *में दर्ज करेगा ओर प्रतिपर्ण पर मतदाता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेगा। यही अधिकारी मतदाता को सरंपच पद के लिए दिये गये मतपत्र के प्रतिपर्ण पर मतदाता सूची में उसका अनुकमांक पुनः दर्ज करेगा और प्रतिपर्ण पर मतदाता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेगा। मतपत्र देते समय यह अधिकारी मतदाता के नाम के सामने सही का निशान लगाता जायेगा। यदि कोई मतदाता प्रतिपर्ण पर हस्ताक्षर करने से या अगूंठे का निशान लगाने से मना करे तो उसे मतपत्र नहीं दिया जायेगा। प्रतिपर्ण पर हस्ताक्षर कर दिये जाने या अंगूठे का निशान लगा दिये जाने के बाद यह अधिकारी मतदाता को मोड़ कर मतपत्र देगा ओर साथ में अंकित करने के लिए घूमते हुये तीरों वाली रबड़ सील स्याही लगाकर देगा तथा उसे प्रथम मतदान कक्ष में जाकर मत अंकित करने तथा उसके बाद बीच में रखी मतपेटी में मतपत्र डालने के बारे में समझायेगा। मतपत्र को पहले खड़ा और बाद में आड़ा करके मोड़ा जायेगा, लेकिन यदि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 9 से अधिक हो और इस कारण मतपत्र दो खानों में छपा हो तो उसे पहले अर्ध भाग के बीच में खड़ा मोड़ा जायेगा ओर तत्पश्चात दोनों भागों को बांटने वाली छायांकित (खड़ी) रेखा के उपर मोड़ा जायेगा। उपरोक्तानुसार मोड़ने के बाद मतपत्र पुनः खोलकर मतदाता को दिया जायेगा।*

मतदान अधिकारी कमांक–3 :– *चुनाव मतपेटी से होने की दशा में, इस अधिकारी का कार्य मतदान अधिकारी कमांक–2 के समान ही है । अन्तर केवल इतना है कि यह अधिकारी पंचायत समिति के सदस्य के लिए (सफेद पेपर पर पीला रंग) मतपत्र तथा जिला परिषद के सदस्य के लिए (सफेद पेपर पर लाल/गुलाबी रंग) मतपत्र देगा तथा उनमें प्रत्येक के प्रतिपर्ण* (counterfoil)*में मतदाता सूची में अंकित मतदाता का अनुकमांक दर्ज करेगा और प्रतिपर्ण पर मतदाता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेगा। यह अधिकारी मतदाता को यह भी समझायेगा कि अब वह दूसरे मतदान कक्ष में जाकर अपना मत अंकित करे और तत्पश्चात बीच में रखी मतपेटी में मतपत्र डाले।*

मतदान अधिकारी कमांक 4 :– *इस अधिकारी का कर्त्वय अन्य अधिकारियों की तुलना में अपेक्षाकृत आसान है। इसे बीच रखी मतपेटी पर लगातार निगाह रखनी है और यह देखना है कि मतदाता मत अंकित के पश्चात मतपत्र मतपेटी में ही डाले । यह अधिकारी बीच बीच में पुशर के द्वारा मतपेटी में डाले गये मतपत्रों को अन्दर धकेलता भी रहेगा ताकि मतपेटी की पूरी क्षमता का उपयोग हो सके। साथ ही यह अधिकारी मतदाताओं को मतदान कक्षों की ओर भेजने, मतपेटी मे मतपत्र डलवाने तथा मतदान के पश्चात शीघ्रता से बाहर निकलने में उनकी सहायता करेगा।*

अध्याय–10

मतदान एवं मतगणना सामग्री

पंच व सरपंच पद के चुनाव में मतदान केन्द्र पर ही, मतदान कार्य पूरा हो जाने के बाद, मतगणना प्रारम्भ की जानी है। इसका अपवाद केवल कुछ ऐसे ही मतदान केन्द्र होगें जहां हिसां या उपद्रव की आशंका से मतगणना कार्य मतदान केन्द्र पर न कराने का निर्णय जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा पहले ही लिया जा चुका हो। अतः आपको मतदान सामग्री के साथ–साथ मतगणना में लगने वाली सामग्री भी दी जायेगी। सामग्री लेते समय उसकी सावधानी से जांच पड़ताल कर लें और सुनिश्चित कर लें कि वह पूरी है और प्रत्येक आईटम सही हालत में है। यदि कोई वस्तु कम हो तो उसे प्राप्त करें तथा यदि कोई आईटम दोषपूर्ण हो अर्थात् अच्छी हालत में न हो तो उसे बदलवा लें। निम्नलिखित वस्तुएं बहुत महत्वूपर्ण है–

मतदाता सूची *– आपके मतदान केन्द्र के लिये वार्डवार मतदाता सूचियों की चार प्रतियां, जो कि हस्ताक्षारित एवं प्रमाणित होगी, दी जायेगी। इनका मिलान सावधानीपूर्वक कर लें और यह देख लें कि सभी प्रतियों में सभी प्रविष्टियां एक जैसी है तथा ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि का जो भाग आपको दिया है वह उन्हीं वार्डों से सम्बन्धित है जिनके लिये आपका मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है और यह कि प्रत्येक पूरक सूचि सभी दृष्टि से पूर्ण है। मतदाता सूचि की चार प्रतियों में से एक प्रति मतदान अधिकारी कमांक–। के पास रहेगी, एक प्रति मतदान अधिकारी कमांक–2 के पास, एक प्रति मतदान अधिकारी–3 के पास तथा एक प्रति आपके पास रहेगी।*

मतपेटियां *– यह जांच कर लें कि प्रत्येक मतपेटी चालू हालत में है तथा आसानी से खुल जाती है और बन्द हो जाती है। पेटी खोलने और बन्द करने का ठीक से पुनः अभ्यास कर लें। मतपेटी में पेपर सील लगाने का अभ्यास भी एक सादे कागज के टुकड़े से पुनः कर लें। चूंकि सामान्यतः एक मतदान केन्द्र में लगभग 500 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना है । सभी पदों के चुनाव मतपेटियों से होने के दशा में आपको या तो चार छोटी मतपेटियां या दो बड़ी मतपेटी के साथ दो छोटी मतपेटी दी जायेगी। मतपेटियां खोलने, बन्द करने, सील लगाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का भी सावधानी से अध्ययन कर लें।*

मतपत्र– *आपको दिये गये मतपत्रों के बारे में यह सुनिश्चित कर लें कि पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के चुनाव के लिये चार प्रकार के मतपत्रों की गड्डियां आपको मिल गई हैं और उनमें मतपत्रों की संख्या मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं की संख्या से कम नहीं है। यह भी देख लें कि उनके अनुकमांक आपको दिये गये विवरणों से मेल खाते हैं। प्रत्येक प्रकार के मतपत्र की गड्डी के हर मतपत्र और उसके प्रतिपर्ण* (counterfoil) *पर मुद्रित अनुक्रमांकों का मिलान करके देख लें कि वह एक ही है। इसी प्रकार यह भी देख लें कि प्रत्येक मतपत्र में नाम व चुनाव प्रतीक ठीक से मुद्रित है। यदि अनुक्रमांक ठीक से मेल नहीं खाते हैं या किसी मतपत्र में प्रतीक ठीक से मुद्रित नहीं है तो ऐसे मतपत्र के उपर बड़ी सी तिरछी लाईन* (X) *खींच कर रद्द कर दें। ऐसा मतपत्र मतदाता को नहीं दिया जाना है।*

सुभेदक सीले– *प्रत्येक मतपत्र के पीछे सुभेदक सील लगानी होगी एवं उसमें अंकित रिक्तियों को भरना होगा।*

स्टाम्प पैड तथा अमिट स्याही की शीशी *– यह देख लें कि अमिट स्याही की शीशी में स्याही प्र्याप्त मात्रा में है तथा स्टाम्प पैड सुखा हुआ नहीं है।*

उम्मीदवारों की सूचियां– *हर पद पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की 3 सूचियां आपको दी जायेगी। इन्हीं के आधार पर प्रत्येक वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र के लिये दिये गये मतपत्रों पर उनमें चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नाम लिखे जायेगें। इन सूचियों में अभ्यर्थियों के नाम वर्णकम के अनुसार लिखे होगें तथा उनके चुनाव प्रतीक भी दर्शाये रहेगें। मतदान केन्द्र में पहुंचने पर इनमें से एक प्रति आपको मतदान केन्द्र के बाहर सूचना फलक पर लगानी होगी। दूसरी प्रति केन्द्र के अन्दर किसी सहज दृश्य स्थान पर लगानी होगी।*

पेपर सीलें *– जिन मतदान केन्द्रों में मतपेटी बन्द करते समय सादा पेपर सील लगाई जानी है। अतः यह देख लें कि आपको दी गई पेपर सीलें पर्याप्त संख्या में है।*

घूमते हुये तीरों वाली रबड़ सीलें *– मतदाताओ को मत अंकित करने के लिये आपको घूमते हुये तीरों के चिन्ह वाली रबड़ सीले दी जायेगी। सादे कागज पर इनका ठप्पा लगाकर यह देख लें कि ये सभी सीलें पूरा और साफ निशान बनाती है।*

प्रारूप, लिफाफे, मतगणना सामग्री एंव शीटस *– मतदान सम्पन्न कराने के लिये आपको विभिन्न प्रकार के प्ररूप, लिफाफे, मतगणना सामग्री एंव शीटस दी जायेगीं ।*

अध्याय–11

पंचायत चुनाव से सम्बन्धित कुछ बुनियादी बातें

राज्य में पंचायतों के आम निर्वाचन के सम्बन्ध में कुछ बुनियादी बातें जानना जरूरी है। ये निम्नांकित है–

1. *प्रत्येक मतदाता अपनी ग्राम पंचायत के वार्ड के पंच के साथ–साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, अपने क्षेत्र के पंचायत समिति के सदस्य व जिला परिषद के सदस्य (इस प्रकार 4 प्रतिनिधियों) का सीधे चुनाव करेगा। पंच/सरपंच का निर्वाचन दलीय आधार पर नहीं होगा। अतः किसी भी उम्मीदवार को मान्यताप्राप्त राजैनतिक दलों के लिए आरक्षित चुनाव चिन्ह प्रदान नहीं किये जायेगें। एक मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या सामान्यतः 500 के आस–पास होगी। अतः प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक या दो मतदान केन्द्र होगें। कहीं–कहीं 3 भी हो सकते हैं। प्रत्येक वार्ड का सामान्यतः पूरी तरह एक ही मतदान केन्द्र से सम्बन्ध रहेगा। सामान्यतः ऐसा नहीं होगा कि उसका एक भाग एक मतदान केन्द्र के अन्तर्गत आये और शेष भाग दूसरे के अन्तर्गत।*

2. *चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराई गई मतदाता सूची* (voter list) *के आधार पर होगा। मतदाता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है ।*

3. *मतदाताओं तथा गणना की सुविधा के लिये मतपत्र सफेद पेपर पर निम्नानुसार अलग–अलग रंगों से छपवाए गये होगें।*
   - (1) *पंच के लिये –काला*
   - (2) *सरपंच के लिये–नीला*
   - (3) *पंचायत समिति के सदस्य के लिये–पीला तथा*
   - (4) *जिला परिषद सदस्य के लिये –लाल/गुलाबी*

4. *सभी पदों के मतदान मतपेटियों से होने की दशा में प्रत्येक मतदान दल को दो बड़ी मतपेटी के साथ दो छोटी अथवा चार छोटी मतपेटियां दी जायेगी, जिनका उपयोग एक के बाद एक आवश्यकता अनुसार किया जायेगा। मतपेटियां वे ही रहेगी जो विधानसभा तथा लोकसभा निर्वाचन के काम में लाई जाती थी। पंच तथा सरपंच के मतपत्र के लिये एक मतपेटी में तथा पंचायत समिति के सदस्य एवं जिला परिषद् के सदस्य के मतपत्र दूसरी पेटी में डाले जायेगें।*

5. *पंच और सरपंच के अभ्यर्थियों के लिए चुनाव प्रतीक अलग–अलग रहेंगें चुनाव प्रतीक वही होगें जो आयोग द्वारा अधिसूचित किये जाते हैं। प्रतीक अधिसूचना में जिस कम में दर्शायें गये होंगे उसी कम में हर मतपत्र में मुद्रित रहेंगें प्रतीको के बायें ओर अभ्यर्थियों के नाम हिन्दी वर्णकम (अर्थात् वर्णमाला) अक्षरों के कम के अनुसार लिखे जायेगें। अतः अभ्यर्थियों को वर्णकम में उनके नाम के अनुसार प्रतीक आबंटित होगें ।*

प्रत्येक मतपत्र या उसके प्रतिपर्ण (काउन्टर फाईल) पर मतपत्र का नम्बर अंकित रहेगा। मतपत्र जारी करते समय प्रतिपर्ण पर मतदाताओं के हस्ताक्षर या अंगूठे निशान लिये जायेगें।

मतपत्र के पीछे रबड़ की निम्नांकित सुभेदक सील लगाई जायेगी और उसके नीचे पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर रहेगें ।

(i) *पंच तथा सरपंच के मतपत्र के पीछे लगाई जाने वाली सुभेदक सीले–*

सरपंच के लिये *पंच के लिये*

*खण्ड*_____	*खण्ड* _____	*वार्ड क0*
ग्राम पंचायत _____	*मतदान केन्द्र क0* _____	
मतदान केन्द्र क0 _____	*ग्राम पंचायत* _____	

इस सील में "वार्ड कमांक" केवल "पंच" के निर्वाचन से सम्बन्धित मतपत्रों में भरा जायेगा। अन्य प्रविष्टियां (entry) *सील में पूर्व से ही अंकित रहेगी।*

(ii) *पंचायत समिति तथा जिला परिषद् सदस्य के मतपत्र के पीछे लगाई जाने वाली सुभेदक सीले–*

खण्ड _____	*नि0 क्षेत्र क्र0* _____
मत केन्द्र क्र0 _____	*पंचायत समिति* _____
	जिला परिषद् _____

मतदान केन्द्रों के नम्बर खण्डवार रहेगें न कि जिलेवार। पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्रों के नम्बर भी खण्डवार (अर्थात् पंचायत समितिवार) रहेगें केवल जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों के नम्बर सिलसिलेवार जिले के लिये रहेगें।

6. *मतदाता के बांयीं तर्जनी पर वही अमिट स्याही लगाई जायेगी जो विधानसभा या लोकसभा चुनाव के लिये काम में लाई जाती है। मतदाता को पहले पंच तथा सरपंच पद के अभ्यर्थियों से सम्बन्धित दो मतपत्र दिये जायेगें और उसके बाद पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद के अभ्यर्थियों से सम्बन्धित दो मतपत्र दिये जायेगें। मतपत्र सम्बन्धित मतपेटी में ही डाले जायेगें।*

मतदान केन्द्र के अन्दर केन्द्र में दो मतदान कक्ष (वोटिंग कम्पार्टमैंन्ट) होगें जिनमें से एक का उपयोग पंच तथा सरपंच के चुनाव हेतू दिये गये मतपत्रों पर मत अंकित करने के लिये किया जायेगा तथा दूसरे (कक्ष) का उपयोग पंचायत समिति के सदस्य तथा जिला परिषद के सदस्य के चुनाव हेतू दिये गये मतपत्रों का मत अंकित करने के लिये किया जायेगा। मतांकन घूमते हुये तीरों के चिन्ह वाली वैसी ही रबर सील से किया जायेगा जैसी विधानसभा तथा लोकसभा निर्वाचन के लिये उपयोग में लाई जाती थी।

मतदान केन्द्र में उम्मीदवार या उसका चुनाव एजेंट उपस्थित रह सकता है। कोई निर्वाचन ऐजंट या गणना एजेंट एक से अधिक उम्मीदवारों का एजेंट हो सकता है । यदि अभ्यर्थियों या उनके मतदान/गणन अभिकर्ताओं के बैठने के लिये कुर्सियां या बैंच न हो तो दरी पर बैठने की व्यवस्था की जायेगी।

मतदान का समय आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार ही होगा ।

मतदान सम्पन्न होने के पश्चात पंचो एवं सरपंचों के मामले में, मतदान केन्द्र पर ही मतों की गणना की जायेगी। पंचायत समिति एवं जिला परिषद की गणना जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा निर्धारित समय व स्थान पर की जायेगी। यह कार्य मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जायेगा। मतगणना पूरी होते ही विभिन्न अभ्यर्थियों को मिले मतों की संख्या का ऐलान किया जायेगा तथा अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन/गणन अभिकर्ता द्वारा मांग किये जाने पर गणना पर्ची की एक प्रतिलिपि उसे निःशुल्क दी जायेगी। निर्वाचन के परिणाम की औपचारिक घोषणा निम्नांकित रिटर्निंग आफिसर या सहायक रिटर्निंग आफिसर करेगें–

(i)	*पंच और सरपंच के मामले में*	:	*पीठासीन अधिकारी नियम* 70 (1) (A) *के अनुसार*
(ii)	*पंचायत समिति के सदस्य के अभ्यर्थियों के मामले में*	:	*नियम* ***16*** *के अधीन नियुक्त रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)*
(iii)	*जिला परिषद के सदस्य के अभ्यर्थियों के मामले में*	:	*जिला मुख्यालय पर : रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)*

अध्याय–12

मतदान केन्द्र में प्रवेश पर नियन्त्रण तथा उसके आस–पास की व्यवस्था

1. प्रवेश को नियन्त्रित करना– *आपको चाहिये कि मतदान केन्द्र के अन्दर भीड़ न होने दें। इसके लिये आप केन्द्र के बाहर लगी कतारों में से बारी–बारी से महिला तथा पुरूष मतदाताओं को सीमित संख्या में मतदान केन्द्र के अन्दर आने की अनुमति दें। निम्नांकित प्रकार के व्यक्तियों को छोड़कर आप अन्य किसी भी व्यक्ति को मतदान केन्द्र के अन्दर आने से रोक सकते हैं तथा वहां से हटा सकते हैं ।*

(1) *मतदान अधिकारी*

(2) *निर्वाचन के सम्बन्ध में ड्यूटी पर कार्यरत लोक सेवक*

(3) *राज्य निर्वाचन आयोग या जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत या रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति।*

(4) *अभ्यर्थी, उसका निर्वाचन अभिकर्ता या गणन अभिकर्ता*

(5) *मतदाता के साथ गोद वाला बालक*

(6) *अन्धे या विकलांग मतदाता के साथ उसकी सहायता करने वाला एक व्यक्ति*

(7) *ऐसा अन्य व्यक्ति जिसे रिटर्निंग आफिसर या आप मतदाताओ को पहचानने के लिये नियोजित करें।*

मतदान केन्द्र पर तैनात पुलिस कर्मी या विशेष पुलिस अधिकारी सामान्यतः केन्द्र के बाहर ही ड्यूटी पर रहेगें जब तक कि कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये आप उन्हें अन्दर न बुलायें।

2. *उपरोक्तानुसार मतदान केन्द्र में प्रवेश को दृढ़ता से लागू करें अन्यथा वहां भीड़–भाड़ हो जायेगी और व्यवस्था बनाये रखने की समस्या पैदा होगी।*

(1) *यदि आपको लगे कि मतदान केन्द्र पर कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से खड़ा है और मतदान के सुचारू संचालन में व्यवधान पैदा कर रहा है तो आप उसे चले जाने के लिये कह सकते हैं। यदि फिर भी यदि वह न जाये तो आप उसे हटाये जाने के लिये केन्द्र पर तैनात पुलिस कर्मी को निर्देश दे सकते हैं ।*

(2) *अपने कर्तव्य के पालन में आपको केवल राज्य निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) और रिटर्निंग अधिकारी पंचायत के निर्देशों का अनुसरण करना है। निर्वाचन से सम्बन्धित कार्य के बारे में तथा ड्यूटी के दौरान आपको अपने उच्चधिकारियों या अन्य किसी से कोई आदेश नहीं लेने हैं।*

(3) *मतदाताओ को पहचानने के लिये या महिला मतदाताओं की सहायता के लिये आप ग्राम स्तरीय किसी कर्मचारी या महिला परिचायक को नियोजित कर सकते हैं परन्तु उसे मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के बाहर ही बिठायें और मतदान केन्द्र के अन्दर तभी बुलायें जब किसी मतदाता विशेष को पहचानने के लिये या तलाशी या अन्य किसी विशेष प्रयोजन के लिये उसकी आवश्यकता हो।*

3. मतदान केन्द्र व उसके आस–पास की व्यवस्था बनाए रखना– *मतदान के सुचारू रूप से संचालन के लिये मतदान केन्द्र तथा उसके आस–पास शांति और व्यवस्था बनाये रखने तथा वहां पर गड़बड़ी या मतदान को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 180 से 187 तक जो प्रावधान दिये गये हैं उनके अनुसार कार्यवाही की जा सकती हैं। उम्मीदवारों के चुनाव/मतदान एजेंट से मतदान आरम्भ होने से 20 मिनट पहले पहुंचने की अपेक्षा है ताकि जब मतपेटी तैयार करने की आरम्भिक कार्यवाही चल रही हो तो तब वे उसे देख सकें ।*

यदि कोई एजेंट समय पर न आए तो उसके लिए प्रतीक्षा करने या आरम्भिक कार्यवाही नए सिरे से करने की आवश्यकता नहीं है । प्रत्येक मतदान अभिकर्ता को नियुक्ति–पत्र निर्धारित प्ररूप में प्रस्तुत करने को कहें जिसके द्वारा उम्मीदवार या उसे निर्वाचन एजेंट ने नियुक्त किया हो । इस बात को देख लें कि नियुक्ति आपके मतदान केन्द्र के लिए ही की गई है । तत्पश्चात् उसे नियुक्ति पत्र की प्रविष्टियां पूर्ण करने और घोषणा पर हस्ताक्षर करने को कहें । प्राप्त नियुक्ति–पत्रों को सुरक्षित रखें और मतदान के बाद उन्हें अन्य दस्तावेजों के साथ निर्धारित लिफाफें में डालें ।

अभ्यर्थियों या उसके चुनाव मतदान एर्जेटों को मतदान अधिकारी क्रम–1 के ठीक पीछे बिठायें। यदि प्रवेश द्वार की विशिष्ट स्थिति के कारण ऐसा करने में कोई अड़चन हो तो उन्हे मतदान अधिकारियों के सामने बिठायें। व्यवस्था ऐसी हो कि वे मतदाताओं के चेहरे देख सके और आवश्यकता पड़ने पर पहचान के सम्बन्ध में अभ्याक्षेप कर सके। उन्हें मतदान केन्द्र में उठ कर इधर–उधर चलने से रोके।

मतदान केन्द्र में किसी को धूम्रपान की अनुमति न दे। यदि कोई मतदान अभिकर्ता धुम्रपान करना चाहे तो उसे मतदान केन्द्र के बाहर जाने को कहे।

4. समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों और फोटोग्राफर द्वारा फोटो लिये जाना *:– पत्रकारों/फोटोग्राफरों द्वारा मतदान केन्द्र के बाहर कतार में खड़े मतदाताओ के फोटो लिये जाने में कोई आपत्ति नहीं है परन्तु बगैर राज्य निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत या रिटर्निंग आफिसर पंचायत द्वारा दिये गये अधिकार पत्र के उन्हे मतदान केन्द्र के अन्दर प्रवेश न करने दें। किसी भी परिस्थिति में किसी फोटोग्राफर को मतदान कक्ष में (जहां कि मतदाता मतपत्र पर निशान लगाता है) नहीं जाने दें।*

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचन के सिलसिले में नियुक्त पर्यवेक्षक मतदान की अवधि के दौरान कभी भी आपके मतदान केन्द्र में आ सकते हैं। पहचान में आसानी के लिये वे या तो बैज पहने होगें या आपको पास या नियुक्ति पत्र दिखायेगें। उनके द्वारा मांगी गई जानकारी उन्हें दें और उनकी इच्छाओं का विनम्रता और आदरभाव से उतर दें। पर्यवेक्षक आपको कोई निर्देश नहीं देगें परन्तु यदि वे आपके मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को हो रही असुविधा को दूर करने या मतदान की प्रकिया को अधिक गतिशील और सरल बनाने की दृष्टि से कोई सुझाव दें तो उस पर अवश्य विचार करें।

मतदान के दौरान बीच–बीच में आपके केन्द्र की स्थिति का जायजा लेने के लिये जिला/उप–जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत या रिटर्निंग आफिसर पंचायत या उनके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी जैसे कि मैजिस्ट्रेट आयेगे। उन्हें ऐसी हर समस्या या कठिनाई से अवगत कराएं, जिसका आप सामना कर रहे हैं। वे आपकी सहायता के लिये ही आपके पास आ रहे हैं। अतः उनसे सहायता मागंने या उन्हे अपनी परेशानी बताने में कोई संकोच न करें।

अध्याय–13

मतदान

1. ***मतदान केन्द्र में प्रवेश****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 44 के अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्र में किसी एक समय पर अनुज्ञात* (allowed) *किए जाने वाले मतदाताओं की संख्या निर्धारित करेगा तथा निम्नलिखित से अलग सभी व्यक्तियों को वहां से निकाल देगा–*

निर्वाचन अधिकारी,

चुनाव के सम्बन्ध में ड्यूटी पर लोक सेवक,

राज्य निर्वाचन आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अथवा रिटर्निंग अधिकारी पंचायत द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति,

उम्मीदवारों तथा उनके मतदान अभिकर्ताओं,

मतदाता की गोद में कोई बच्चा,

किसी नेत्रहीन अथवा अशक्त मतदाता के साथ आने वाला कोई व्यक्ति जो उसकी सहायता के बिना नहीं चल सकता, और

ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा पीठासीन अधिकारी मतदाता की पहचान करने के प्रयोजन के लिए नियोजित करें ।

2. ***मतदान के प्रारम्भ से पहले मत पेटियों को ताला लगाना और उन्हें मुहरबंद करना****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 45 के अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदान के प्रारम्भ से तुरन्त पहले, उम्मीदवारों तथा उनके मतदान अभिकर्ताओं द्वारा मतदान पर उपयोग की जाने वाली प्रत्येक मत पेटी का निरीक्षण अनुज्ञात करेगा जो ऐसे मतदान केन्द्र पर उपस्थित है तथा उनके तथा उपस्थित अन्य सभी व्यक्तियों को दिखाएगा कि यह खाली है ।*

पीठासीन अधिकारी, उक्त नियम का पालन करने के बाद, ऐसी रीति में पेटी प्राप्त तथा मुहरबन्द करेगा कि उसमें मत पत्रों को डालने के लिए पेटी का सुराख खुला रहता है तथा उम्मीदवारों अथवा उनके मतदान अभिकर्ताओं को अनुज्ञात करेगा तो उनके लिए पेटी में खाली स्थान पर अपनी मुहरें लगाने के लिए उपस्थित हों, यदि वे ऐसा चाहते हों।

मत पेटी के लिए उपयोग की जाने वाली मुहर ऐसी रीति में लगाई जाएगी कि ऐसी मुहर या कोई धागे, जिस पर मुहर लगाई गई है, को तोड़े बिना दोबारा मत पेटी को खोलना सम्भव नहीं होगा ।

3. ***महिला मतदाताओं के लिए सुविधाएं****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 46 के अन्तर्गत जहां कोई मतदान केन्द्र पुरूष तथा महिला दोनों मतदाताओं के लिए हैं, वहां पीठासीन अधिकारी निदेश दे सकता है कि वे महिलाओं तथा पुरूषों की अलग–अलग टोलियों में थोड़े–थोड़े मतदान केन्द्र में प्रवेश होने दिए जाएंगे।*

रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा पीठासीन अधिकारी महिला मतदाताओं की सहायता करने के लिए मतदान केन्द्र पर सहायक के रूप में सेवा करने तथा महिला मतदाताओं के सम्बन्ध में मतदान कराने में साधारणतया पीठासीन अधिकारी की सहायता करने के लिए भी, तथा विशेष रूप में किसी महिला मतदाता की तलाशी में सहायता करने के लिए किसी महिला को नियुक्त कर सकता है, यदि यह निर्बाध तथा निष्पक्ष निर्वाचन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो जाता है।

4. ***नेत्रहीन अथवा अशक्त मतदाता द्वारा मत का अभिलेखन****– यदि नेत्रहीनता अथवा अन्य शारीरिक अशक्तता के कारण कोई मतदाता मतपत्र पर निशान को पढ़ने में अयोग्य है, तो पीठासीन अधिकारी ऐसे*

मतदाता के साथ, उसकी सहायता करने तथा मतपेटी में ऐसे मतदाता की इच्छानुसार मत डालने के लिए उसकी इच्छा के किसी व्यक्ति को मतदान कक्ष में प्रवेश करने के लिए अनुमति प्रदान करेगा, पीठासीन अधिकारी ऐसे उदाहरण का संक्षिप्त अभिलेख रखेगा।

5. ***मतदाताओं की पहचानः***— *पीठासीन अधिकारी ऐसे व्यक्तियों को मतदान केन्द्र पर नियुक्त कर सकता है जिन्हें वह मतदाताओं की पहचान करने में सहायता करने के लिए अथवा मतदान करवाने में अन्यथा उसकी सहायता करने के लिए उचित समझता है।*

जैसे ही प्रत्येक मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करता है जो पीठासीन अधिकारी अथवा इस निमित उस द्वारा प्राधिकृत मतदान अधिकारी मतदाता का नाम तथा मतदाता सूची में सम्बन्धित प्रविष्टि सहित अन्य विवरणों की जांच करेगा और तब मतदाताओं की कम संख्या, नाम तथा अन्य विवरण बोलेगा।

मतपत्र प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति अधिकार, का विनिश्चिय करने में पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो मतदाताओं की सूची में किसी प्रविष्टि में केवल लिपिकीय अथवा मुद्रण सम्बन्धित गलतियों की उपेक्षा करेगा, यदि उसकी संतुष्टि हो जाती है कि ऐसा व्यक्ति मतदाता के समाना है जिससे ऐसी प्रविष्टि सम्बन्धित है।

6. ***मतदाता की पहचान को चुनौती देना***—*कोई उम्मीदवार अथवा पोलिंग ऐजेंट प्रत्येक ऐसी चुनौती के लिये पीठासीन अधिकारी के पास नकदी में पांच रूपये की राशि पहले जमा करवाकर विशिष्ट मतदाता होने के दावेदार किसी व्यक्ति की पहचान को चुनौती दे सकता है।*

ऐसा नकदी जमा किये जाने पर पीठासीन अधिकारी—

प्रतिरूपण चुनौती दिये गये व्यक्ति को शास्ति की प्रावधान करेगा,

पूर्णरूप में मतदाता सूची में सुसंगत प्रविष्ठि को पढ़ेगा तथा पूछेगा कि क्या यह वही व्यक्ति है जो उस प्रविष्टि में निर्दिष्ट है,

प्ररूप 11 में चुनौती दिये गये मतों की सूची में उसका नाम तथा पता दर्ज करेगा, और उक्त सूची में उसके हस्ताक्षर करने की उससे अपेक्षा करेगा।

पीठासीन अधिकारी इसके बाद चुनौती की संक्षिप्त जांच करेगा तथा इस प्रयोजन के लिए—

(*क*) *चुनौती देने वाले से, चुनौती के सबूत में साक्ष्य पेश करने तथा चुनौती दिए व्यक्ति से उसकी पहचान के सबूत में साक्ष्य पेश करने की अपेक्षा कर सकता है,*

(*ख*) *चुनौती दिये गये व्यक्ति से उसकी पहचान को सिद्ध करने के प्रयोजन के लिए किन्हीं आवश्यक प्रश्नों को पूछ सकता है तथा शपथ पर उनके उतर की उससे अपेक्षा कर सकता है, और*

(*ग*) *चुनौती दिये गये व्यक्ति तथा साक्ष्य देने के लिए पेश होने वाले अन्य व्यक्ति को शपथ दिला सकता है।*

(4) *यदि, जांच के बाद, पीठासीन अधिकारी समझता है कि चुनौती सिद्ध नही हुई है तो वह चुनौती दिये गये व्यक्ति को मत देने के लिए अनुज्ञात करेगा, और यदि वह समझता है कि चुनौती सिद्ध हो गई है तो वह चुनौती दिये व्यक्ति को मत देने से रोक सकता है।*

(5) *यदि पीठासीन अधिकारी की राय है कि आक्षेप तुच्छ है अथवा सदभावपूर्वक नही किया गया तो उस निदेश करेगा कि उसके पास जमा कराई गई नगदी राज्य सरकार को जब्त कर दिया जाये तथा अन्य किसी अन्य मामले में जांच की समाप्ति पर इसे आपत्तिकर्ता को वापस कर सकता है।*

7. ***मतपेटियों, पैकैटों इत्यादि का रिटर्निंग अधिकारी पंचायत की प्रेषरम*** *(भेजना)— हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 58 (2) के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा ऐसा प्राधिकृत अधिकारी तब तक सभी मतपेटियों, पैक्टों तथा अन्य पत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए तथा उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उचित प्रबन्ध करेगा जब तक मतों की गिनती प्रारम्भ नहीं हो जाती।*

8. ***आपातकाल में मतदान का स्थगनः—*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 59 के अन्तर्गत यदि किसी चुनाव में, मतदान के किसी मतदान केन्द्र पर कार्यवाहियां किसी दंगे अथवा खुली हिंसा द्वारा छिन्न—भिन्न अथवा बाधित की जाती है, अथवा यदि किसी निर्वाचन में, किसी प्राकृतिक विपत्ति अथवा किसी अन्य पर्याप्त कारण से किसी मतदान केन्द्र पर मतदान करवाना संभव नहीं होता तो ऐसे मतदान केन्द्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा पीठासीन अधिकारी बाद मे नियत की जाने वाली तिथि तक मतदान के स्थगन की घोषणा करेगा तथा जहां मतदान, पीठासीन अधिकारी द्वारा इस प्रकार स्थगित किया जाता है, वहां वह सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी पंचायत को तुरंत सूचित करेगा।*

उक्त के अधीन जब कभी मतदान स्थगित किया जाता है तो रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत), जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयुक्त को परिस्थितियों की तुरन्त रिपोर्ट करेगा जो यथा शीघ्र ऐसी तिथि नियत करेगा जिसको मतदान पुनः प्रारम्भ होगा तथा ऐसा मतदान केन्द्र जिस पर तथा ऐसा समय जिसके दौरान मतदान करवाया जायेगा, नियत करेगा। रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) ऐसे निर्वाचन में तब तक मतों की गिनती नहीं करेगा जब तक ऐसे स्थगित मतदान पूरे नहीं कर दिये जाते।

उपरोक्त ऐसे प्रत्येक मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नियम 25 में अधिकारिक रीति से नियत की गई मतदान की तिथि, समय तथा स्थान प्रकाशित करेगा तथा मूल मतदान को शासित करने वाले नियमों के उपबन्ध नियम के अधीन करवाये जाने वाले नये मतदान पर, यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगें ।

9. ***मतदान के स्थगन पर प्रकियाः***—*हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 59 के अधीन यदि किसी मतदान केन्द्र पर मतदान स्थगित किया जाता है तो नियम 55 से 58 (दोनों को मिलाकर) के उपबन्ध, यथासाध्य इस प्रकार लागू होगें मानों मतदान नियम 24 के अधीन उस निमित नियत किये गये समय पर बन्द किया गया था ।*

जब कोई स्थगित मतदान पुनः प्रारम्भ किया जाता है तो ऐसे मतदाता जो इस प्रकार स्थगित मतदान पर पहले ही मत दे चुके है पुनः मत देने के लिये अनुज्ञात किये जायेगें ।

रिटर्निंग अधिकारी पंचायत ऐसे मतदान केन्द्र पर जिस पर ऐसा स्थगित मतदान करवाना है, के पीठासीन अधिकारी को मतदाताओ की सूचि की चिन्हकिंत प्रति रखने वाले मुहरबन्द पैकटों तथा एक नई मतपेटी की व्यवस्था करेगा ।

पीठासीन अधिकारी उपस्थित अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मुहरबन्द पैकेट खोलेगा तथा स्थगित मतदान पर मतदाताओं को जारी किये गये मतपत्रों की क्रम संख्या अभिलिखित (रिकार्ड)करने के लिये मतदाताओं की सूचि की चिन्हकिंत प्रति का उपयोग करेगा ।

10. ***पुर्नमतदान की कार्यवाही*** *:— उपरोक्तानुसार स्थगित किया गया मतदान जब पुनः प्रारम्भ किया जाये तो आपको रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदाता सूची की चिन्हांकित प्रति का मूल सीलबन्द पैकट दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा आपको सामग्री के साथ नई मतपेटी भी दी जायेगी। मतदान पुनः आरम्भ करने के पूर्व उस समय उपस्थिति मतदान अभिकर्ताओ के समक्ष आप सीलबन्द पैकेट खोलें तथा मतदाता सूची की चिन्हांकित प्रति के अनुसार आगे मतदान करायें। उन मतदाताओं को जिन्होने स्थगित मतदान के दौरान अर्थात पहले से ही अपने मत दे दिये हो फिर से मत देने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस प्रकार कराये गये पुर्नमतदान के मामले में मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान और मतदान की समाप्ति के उपरान्त की जाने*

वाली समस्त कार्यवाहियां ठीक उसी प्रकार से की जायेगी जैसा कि सामान्य परिस्थितियों में कराये जाने वाली मतदान के लिये की जाती है ।

10. ***मतपेटियों इत्यादि के विनाश की दशा में नया मतदानः—*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 61 के अन्तर्गत यदि किसी चुनाव में—*

किसी मतदान केन्द्र में उपयोग की गई कोई मतपेटी पीठासीन अधिकारी अथवा रिटर्निंग अधिकारी पंचायत की अभिरक्षा में से गैर कानूनी तरीके ले ली जाती है अथवा संयोगवश, अथवा जानबूझकर नष्ट अथवा गुम कर दी जाती है अथवा ऐसी सीमा तक नष्ट की जाती है अथवा विरूपित की जाती है कि उस मतदान केन्द्र की मतदान का परिणाम सुनिश्चित नहीं किया जाता सकता, अथवा

प्रकिया में ऐसी कोई गलती अथवा अनियमितता जिससे मतदान के दूषित होने की सभांवना हो, किसी मतदान केन्द्र में की जाती है, तो रिटर्निंग अधिकारी पंचायत जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के माध्यम से राज्य निर्वाचन आयुक्त को मामले की तुरन्त रिपोर्ट करेगा ।

उस पर, राज्य निर्वाचन आयुक्त सभी तत्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में लेने के बाद या तो—

मतदान केन्द्र पर मतदान के शून्य होने की घोषणा करेगा, तथा उस मतदान केन्द्र पर नया मतदान करवाने के लिये दिन नियत तथा समय निश्चित करेगा तथा इसी प्रकार नियत किये गये दिन तथा इस प्रकार निश्चित किये गये समय को ऐसी रीति में अधिसूचित करेगा जिसे वह उचित समझे, अथवा

यदि उसकी सन्तुष्टि हो जाती है कि उस मतदान केन्द्र पर किसी नए मतदान का परिणाम किसी भी प्रकार से निर्वाचन के परिणाम को प्रभावित नहीं करेगा अथवा प्रकिया में गलती अथवा अनियमितता तात्विक नहीं है, रिटर्निंग अधिकारी पंचायत को ऐसे निर्देश जारी करेगा जो वह निर्वाचन के आगे संचालन तथा पूरा करने के लिए उचित समझे।

अधिनियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा आदेशों के उपबन्ध प्रत्येक ऐसे नए मतदान को लागू होंगे जैसा कि वे मूल मतदान को लागू होते हैं।

अध्याय–14

मतगणना

1. मतगणना कार्य चुनाव प्रकिया का एक महत्वपूर्ण पहलू है। गलत या असावधानी से की गई मतगणना से सारे चुनाव का परिणाम विकृत हो सकता है ।

2. हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियमों के अन्तर्गत मतदान केन्द्र सभी पदों के लिये डाले गये मतों की गणना के लिये आपको प्राधिकृत किया गया है। मतगणना के पश्चात आप विभिन्न पदों के उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त मतों की संख्या का ऐलान भी कर सकते हैं। ऐलान का अभिप्रायः निर्वाचन परिणाम की घोषणा नहीं है। इसका आशय केवल यह है कि आप मतगणना केन्द्र में उपस्थिति उम्मीदवारों या उनके निर्वाचन/गणन एजेंटों को आप पढ़कर यह सुना देगें कि किस–किस उम्मीदवार को कितने कितने विधिमान्य मत प्राप्त हुये हैं।

3. सभी मतदान अधिकारी, मतों की गणना में गणना सहायक के रूप में आपकी सहायता करेगें।

4. सामान्यताः मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तत्काल पश्चात पंचों व सरपंचों के मामले में मतों की गणना की जायेगी तथा पंचायत समिति व जिला परिषद के मामले में मतगणना जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा निर्धारित स्थान व निश्चित समय पर की जायेगी। यदि किसी मतदान केन्द्र पर हिंसा या गड़बड़ी की संभावना के कारण मतगणना करना उपयुक्त नहीं समझा गया हो तो, जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा इसकी सूचना आपको अलग से दी जायेगी।

5. मतदान केन्द्र पर मतदान के दौरान यदि आपको लगे कि ग्राम में बहुत अधिक तनाव का वातावरण है और मतगणना में हिसां और गड़बड़ी हो सकती है जिसे उपलब्ध बल नहीं रोक पायेगा तो आप मतगणना के घोषित स्थान, तारीख और समय में परिवर्तन करते हुये मतदान केन्द्र में उपस्थित अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन/गणना अभिकर्ताओ को सूचित करें कि मतगणना का स्थान वह खण्ड या तहसील मुख्याालय रहेगा जहां से आपको मतदान सामग्री का प्रदाय किया गया था तथा उसकी तारीख ठीक अगले दिन की होगी और समय दोपहर बाद का रहेगा। ऐसी सूचना दो प्रतियों में तैयार की जाये। सूचना की एक प्रति पर उपस्थित अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन/गणना अभिकर्ताओ के हस्ताक्षर/अंगूठा निशान लिये जायें तथा इसे आप अपने पास रखें। दूसरी प्रति मतदान केन्द्र के बाहर आम लोगों की जानकारी के लिये प्रदर्शित करें।

6. मतदान स्थल पर मतगणना प्रारम्भ करने के पूर्व आप मतदान से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही जिसमें मतपत्र लेखा और ऐसे अन्य प्ररूपों को भरना, परिनियत और दूसरे लिफाफों को तैयार करके सील करना सम्मिलित है, पूर्ण कर लें। जिन लिफाफो तथा प्ररूपों की मतगणना में आवश्यकता नहीं है उन्हें व्यवस्थित ढंग से अलग रख दें।

7. यह ध्यान रखे कि मतगणना का समय भी हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम,1994 के नियम, 24 के तहत जारी अधिसूचना में पूर्व से अधिसूचित है। अतः आपको यह कार्य यथासंभव समय पर प्रारम्भ करना है। विलम्ब से होने से सुर्यास्त के बाद तक अर्थात् देर शाम तक मतगणना करनी पड़ेगी, जिसमें काफी असुविधा हो सकती है ।

8. मतगणना के उपरान्त लिफाफे सील करने में समय लग रहा हो तो मतपत्र लेखा तैयार करने के बाद सर्वप्रथम निम्नांकित लिफाफें सील करें–

(1) *मतदाता सूचि की चिह्नित प्रति वाले*

(2) *रद्द किये गये मतपत्रों वाले*

(3) *निविदत मतपत्रों एवं सूचि वाले*

(4) *उपयोग में लाये गये मतपत्रों के प्रतिपर्ण वाले*

(5) *मतदाताओ को जारी न किये गये मतपत्रों वाले*

9. मतगणना के लिये मतदान केन्द्र में बैठने की व्यवस्था को पुनः जमा लें। मेजों और कुर्सियों को पास में लाकर अपने तथा अपने सहायकों के बैठने का स्थान तय करें। मतगणना दल की कुर्सियों के पीछे या मेजों के किनारों से थोड़े फांसले से उम्मीदवारों तक उनके निर्वाचन/गणना एजेंटों के लिये कुर्सियां लगायें। यदि पर्याप्त संख्या में कुर्सियां न हो तो बैठने की व्यवस्था जमीन पर दरी या चादर बिछा कर करें। गणना अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओ को इस प्रकार बैठाना चाहिये कि वे मतगणना की कार्यवाही तथा मतपत्रों को देख सके। उन्हें मतपत्रों को छूने न दें। यदि मतगणना में अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता स्वयं उपस्थित हो तो फिर उसके गणना अभिकर्ता को उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। उसे विनम्रता से बाहर प्रतीक्षा करने को कहें। किसी अभ्यर्थी की ओर से मतदान या मतगणना के दौरान एक व्यक्ति का रहना पर्याप्त है। यह उल्लेखनीय है कि एक ही मतदान अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता एक से अधिक अभ्यर्थियों का अभिकर्ता हो सकता है ।

10. मतगणना में लगने वाले आवश्यक प्ररूप 14,15, 16 और 17 पर सम्मिलित है अपने पास रख लें। उनके साथ ही निम्नानुसार सामग्री की भी मतगणना में आवश्यकता पड़ेगी –

(1) *पैसिलें*

(2) *चाक*

(3) *कागज के दो पन्ने*

(4) *गीला स्पंज या छोटे प्याले में पानी*

(5) *सुतली*

(6) *रबड़ बैन्ड*

(7) *एक या दो पेपर वेट या पत्थर के छोटे टुकड़े*

(8) *गणना पर्चियां*

(9) *लपेटने के लिये शीट*

(10) *धागा*

(11) *ब्लेड*

(12) *सुंआ*

(13) *सीलिंग मैट्रियल (चपड़ी, मोमबती, मैटल सील)*

(14) *ट्रे (यदि उपलब्ध हो तो)*

11. (1) *यह सुनिश्चित करे कि मतगणना स्थल में केवल प्राधिकृत व्यक्ति ही उपस्थित रहे। ऐसे व्यक्तियों में केवल निम्नांकित व्यक्ति हो सकते हैं –*

(क) *जिन्हें मतगणना करने में आपकी सहायता करने के लिये नियुक्त किया गया हो ।*

(ख) *आयोग या जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ।*

(ग) *निर्वाचन के सम्बन्ध में ड्यूटी पर नियुक्त सरकारी कर्मचारी*

(घ) *उम्मीदवार या उसका निर्वाचन अभिकर्ता/गणना अभिकर्ता ।*

यदि गणना कक्ष में अन्य व्यक्ति हो तो उन्हें हटा दें एवं आपके केन्द्र पर नियुक्त सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दें कि वे उपरोक्त व्यक्तियों को छोड़कर अन्य किसी को अन्दर न आने दें। कक्ष में उपस्थित व्यक्तियों का भी बार–2 अन्दर बाहर आवागमन नियन्त्रित करें।

(2) *गणना अभिकर्ता की नियुक्ति अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्ररूप–23 में की जावेगी। वह इसकी एक प्रति आपको प्रस्तुत करेगा। इस घोषणा वाले भाग पर आपके समक्ष गणन अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किये जावेगें एवं आपके द्वारा इसे सत्यापित किया जायेगा। इसके पश्चात ही गणना अभिकर्ता मतदान की प्रकिया में उपस्थित रहने का अधिकारी होगा।*

12. ऐसे किसी भी व्यक्ति को, जो मतगणना के दौरान अनुचित व्यवहार करे और आपके विधिपूर्ण निर्देशों का पालन न करे, गणना कक्ष से आप हटा सकते हैं।

13. मतपेटियों को खोलने से पूर्व आप उपस्थित उम्मीदवारों या उनके निर्वाचन/मतगणना अभिकर्ताओं को उनका निरीक्षण करा दें ताकि वे आश्वास्त हो सके कि मतपेटियों पर लगाई गई सीले जिस स्थिति में थी ज्यों की त्यों हैं और किसी भी मतपेटी के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है ।

14. चूंकि पंच एवं सरपंच के मामले में मतगणना, मतदान स्थल पर ही मतदान की समाप्ति के तत्काल बाद की जायेगी। अतः मतपेटियों में गड़बड़ी की सम्भावना बहुत कम है। फिर भी यदि पीठासीन अधिकारी को ऐसा लगे कि किसी मतपेटी में कोई गड़बड़ की गई है तो मतगणना न करें और मामले की पूरी रिपोर्ट रिटर्निंग आफिसर को भेजें तथा ऐसी स्थिति में मतपेटियां यथास्थिति सुतली से बांध कर सील करें। फिर उन्हें कपड़े के थैले में बांधकर सील करें और उम्मीदवारों या उनके निर्वाचन/मतदान अभिकर्ताओं को भी उस पर अपनी सील लगाने दें। ऐसी मतपेटियां और लिफाफे, अन्य सामग्री तथा पी0ओ0 की रिपोर्ट के साथ मतदान सामग्री वितरण केन्द्र पर रिटर्निंग आफिसर /सहायक रिटर्निंग आफिसर को सौंपने होंगे।

15. मतपेटियों की हालत पर संतुष्टि के पश्चात एक–एक करके मतपेटी खोलें। मतपेटी को उल्टा कर के झटक कर यह भी देख लें कि उसके अन्दर कोई मतपत्र बचा तो नहीं रह गया है। प्रत्येक मतपेटी में से पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के लिये डाले गये अलग–2 रंगों के मतपत्र निकलेगें। प्रथमतः रंग के आधार पर मतपत्रों की अलग–अलग गड्डियां बना लें। फिर पचास पचास मतपत्रों की गड्डियां बनायें। अतिंम गड्डी 50 मतपत्रों से कम की भी हो सकती है। मतदान केन्द्र पर यदि एक से अधिक मतपेटियां उपयोग में लाई गई हों तो पहली मतपेटी खोलने के बाद दूसरी मतपेटी खोलें और उपरोक्तानुसार कार्यवाही करके तीसरी और उसके बाद चौथी मतपेटी खोलें। मतपत्रों की छंटनी करके गड्डियां बनाते जायें।

(1) *निविदत मतपत्र वाला कोई भी लिफाफा ना तो खोला जायेगा और ना ही उसमें रखे मतपत्रों की गणना की जायेगी ।*

16. इसके बाद पदवार मतगणना प्रारम्भ की जा सकती है। प्रथमतः पंच पद के लिये प्राप्त मतों की गणना करें। इसके बाद सरपंच के लिये मतगणना करें। चूंकि पंच पद के लिये डाले गये मतपत्रों में मतदान से सम्बन्ध सभी वार्डों के मतपत्र सम्मिलित हैं अतः उनकी वार्डवार गिनती तब तक सम्भव नहीं है जब तक उन्हें पलट कर उसके पीछे अंकित सुभेदक सील में वार्ड कमांक नहीं देख लिये जाते। अतः इन मतपत्रों को पलट कर सबसे पहले उनकी वार्डवार छंटनी करें। उसके बाद उन्हें फिर से सीधे करते हुये उनकी वार्डवार गड्डियां बनाकर उन्हें रबर बैंड से बांध लें। अब प्रत्येक वार्ड की गड्डी की बारी–बारी से गणना प्रारम्भ करें।

17. प्रत्येक उम्मीदवार के पक्ष में डाले गये मतपत्रों को पचास–पचास की गड्डियां बनाकर उन्हें रबर बैंड से बांध लें। आखरी गड्डी पचास मतपत्र से कम की हो सकती है। उम्मीदवार को प्राप्त मतों की समस्त गड्डियां फिर एक ही टैग व रबर बैंड से बांध लें, जिन मतपत्रों को खारिज किये जाने की संभावना हो, उन्हें

सदेंहास्पद श्रेणी में रखकर उनकी एक अलग गड्डी बना लें। हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 65 के अनुसार किसी मतपत्र को रद्द कर दिया जावेगा यदि–

(क) *उस पर ऐसा कोई चिन्ह या लेख है जिससे मतदाता को पहचाना जा सकता है, या*

(ख) *वह बनावटी मतपत्र है, या*

(ग) *वह इस प्रकार क्षतिग्रस्त या विकृत किया गया है कि असली मतपत्र के रूप में उनकी पहचान स्थापित नहीं की जा सकती है, या*

(घ) *वह उस विशिष्ट मतदान केन्द्र में उपयोग में लाये जाने के लिये प्राधिकृत मतपत्रों के यथा स्थिति अनुकमांको से भिन्न अनुकमांक या भिन्न प्रकार का है, या*

(ङ) *उस पर सुभेदक सील नहीं लगी है, या*

(च) *उस पर कोई चिन्ह (अर्थात घूमने वाले तीरों का चिन्ह) नहीं लगा है, या*

(छ) *एक से अधिक अभ्यर्थी के कालम में चिन्ह लगाया गया है, या*

(ज) *उस पर उस प्रयोजन के लिये विहित उपकरण या युक्ति (अर्थात् दी गई घूमने वाले तीरों की सील) से भिन्न उपकरण या युक्ति से चिन्ह लगाया गया है ।*

किन्तु यदि आपका समाधान हो जाये कि खण्ड (घ) या खण्ड (ङ.) में वर्णित कोई त्रुटि आपकी या मतदान अधिकारी की ओर से की गई किसी भूल या असफलता के कारण हुई है तो आप यह निर्देश दे सकते है कि वह इस त्रुटि पर ध्यान नहीं देकर इस आधार पर मतपत्र प्रतिक्षेपित नहीं किया जायेगा ।
किसी मतपत्र को केवल इस कारण रद्द नहीं किया जायेगा कि–

(एक) *किसी एक ही उम्मीदवार के खाने में एक से अधिक चिन्ह लगाये गये है, या*

(दो) *एक से अधिक उम्मीदवार के खाने में स्पष्ट चिन्ह के अतिरिक्त उसके पृष्ठ भाग या गहरे रंग वाले भाग में भी चिन्ह लगे हुये हैं, या*

(तीन) *वह चिन्ह किसी एक उम्मीदवार के खाने में आंशिक रूप से लगा है तथा चिन्ह का शेष भाग खाली स्थान में लगा है, या*

(चार) *मूल चिन्ह किसी एक ही उम्मीदवार के खाने में स्पष्ट रूप से बना है किन्तु मतपत्र को गलत ढंग से मोड़ने के कारण किसी दूसरे उम्मीदवार के खाने में भी उसकी छाप बन गई है । यदि मतपत्र को गलत मोड़ने के कारण छाप बन गई है तो उसमें तीरों की दिशा उल्टी तरफ (बांयीं ओर से दांयी ओर को) होगी तथा इन्हें मूल चिन्ह से सरलतापूर्वक विभेदित (अलग) किया जा सकता है क्योंकि मूल चिन्ह के निशान दांयी ओर से बांयी ओर को होगें, या*

(पांच) *चिन्ह किसी एक उम्मीदवार के खाने में लगा है परन्तु किसी दूसरे उम्मीदवार के सामने वाले खाने में भी धब्बा बन गया है, या*

(छः) *मतपत्र के पीछे कोई विभेदक (अलग) चिन्ह और हस्ताक्षर नहीं है परन्तु आपको यह समाधान हो जाये कि वह चूक आपकी या मतदान अधिकारी द्वारा की गई किसी भूल या विफल रहने के कारण हुई या*

(सात) *मत उपदर्शित करने वाला चिन्ह स्पष्ट है कि एक से अधिक बार लगाया गया है यदि मतपत्र चिहिनत किये जाने के ढंग से स्पष्ट रूप से यह मालूम हो जाये कि वह चिन्ह किसी विशिष्ट उम्मीदवार को मत देने के आशय से लगाया गया है, या*

(आठ) *मतदाता द्वारा मतपत्र को हाथ में लेते समय असावधानी के कारण उसके अंगूठे पर लगी स्याही से जो मतपत्र के प्रतिपर्ण (कांउटर फाईल) पर अंगूठे के निशान लेते समय लगाई गई थी मतपत्र पर हल्का सा अस्पष्ट अंगूठे का निशान या धब्बा लग गया हो ।*

18. संदेहास्पद मतपत्रों की सुक्ष्म जांच की जावे। जिन मतपत्रों को खारिज करने योग्य न समझे उन्हें सम्बन्धित उम्मीदवारों की गड्डी में मिलायें। जो मतपत्र खारिज किये जायें उनके पीछे आदेश अभिलिखित करें इसके लिये निम्न प्रारूप में अलग से एक रबर सील दी गई है–

प्रतिक्षेपित (खारिज) "आर"

आधार

नियम 65 (1) (_____)

_____

हस्ताक्षर

19. उपरोक्त जांच के पश्चात उम्मीदवारों को मिले विधिमान्य मतों की गणना करें। गिने जा चुके विधिमान्य मतों को 50–50 की गड्डियां बनाकर उन्हें रबर बैड से बाधें। अतिंम गड्डी में 50 से कम मतपत्र हो सकते हैं। इसके पश्चात पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिये नियत मतगणना पत्रक/परिणाम जो कि प्ररूप 14,15, 16 और 17 पर है, में प्रविष्टियां करें। प्रत्येक पद के लिये मतगणना पत्रक तैयार हो जाने पर प्रत्येक अभ्यर्थी को मिले विधिमान्य मतों की संख्या का ऐलान सर्व सम्बन्धित की जानकारी के लिये करें।

20. विधिमान्य मतों की संख्या का ऐलान किये जाने पर यदि कोई उम्मीदवार या उसकी अनुपस्थिति में उसका निर्वाचन अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता मतपत्रों की पुर्नमतगणना की मांग करे तो उसे उन आधारों का वर्णन करते हुये जिन पर वह ऐसी पुर्नमतगणना की मांग करता है लिखित में आवेदन करना होगा। उसे ऐसा करने के लिये कुछ समय दें। आवेदन प्रस्तुत होने पर उसमें उल्लिखित आधारों के बारे में विचार करें। आवेदन को पूर्णतः या भागत मजूंर कर सकते हैं या उस दशा में जब वह तुच्छ या अयुक्तियुक्त कारणों पर आधारित हो उसे अमान्य कर सकते हैं। ऐसा हर निर्णय कारणों सहित लिखित में होना चाहिये।

यदि प्रस्तुत आवेदन पत्र को पूर्णतः या भागतः स्वीकार करने का निर्णय करे तो–

(i) *निर्णय के अनुसार मतपत्रों की पुर्नमतगणना करें*

(ii) *गणना परिणाम पत्र को ऐसी पुर्नमतगणना के पश्चात संशोधित करें और*

(iii) *संशोधन के पश्चात प्रत्येक उम्मीदवार को प्राप्त विधिमान्य मतों की संख्या का पुनः ऐलान करें।*

तत्पश्चात गणना परिणाम पत्र को पूरा करके हस्ताक्षारित करें। इसके बाद पुर्नगणना के लिये कोई आवेदन मान्य नहीं होगा ।

21. किसी उम्मीदवार या उसके निर्वाचन/मतगणना अभिकर्ता द्वारा उसे प्राप्त विधिमान्य मतों के विवरण की प्रति मांगने पर उसे निम्नांकित प्ररूप में एक गणना पर्ची हस्ताक्षारित करके दें–

गणना पर्ची

(पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य , जिला परिषद सदस्य का निर्वाचन)

मतदान केन्द्र कमांक

वार्ड कमांक ———————— (केवल पंच के लिये)

ग्राम पंचायत ————————(केवल पंच और सरपंच के लिये)

निर्वाचन क्षेत्र कमांक ––––(सदस्य पंचायत समिति/जिला परिषद के लिये)

अभ्यर्थी का नाम

प्राप्त विधिमान्य मतों की संख्या

तारीख : *पीठासीन अधिकारी*
एवं मतगणना के लिये प्राधिकृत अधिकारी

इस हेतू खाली पर्चिंया पर्याप्त संख्या में मतदान सामग्री के साथ दी जायेगी ।

22. मतगणना लगातार की जायेगी। यदि किसी अपरिहार्य कारण जैसे कि हिंसा या प्राकृतिक आपदा से मतगणना स्थगित करनी पड़े तो चुनाव से सम्बन्धित मतपत्रों, पैकटों और अन्य कागजों को सीलबन्द करें । ऐसे सीलबन्द लिफाफों/पैकटों पर जो उम्मीदवार या उनके निर्वाचन/गणना अभिकर्ता अपनी सील लगानी चाहे उन्हें ऐसा करने दें। ऐसे लिफाफें और पैकटों को सुरक्षित अभिरक्षा के लिये पर्याप्त सावधानी बरतें।

23. उपरोक्त पूरी कार्यवाही के पश्चात अलग–2 उम्मीदवारों को मिले विधिमान्य मतों तथा खारिज मतपत्रों की गड्डियों का एक बण्डल बनायें और उनके उपर गणना पर्ची लगायें। पदवार बंडल बनाकर और उन्हें वर्णित प्रकिया के अनुसार सीलबन्द करें ।

भाग–2

*1. **मतों की गणना का अधीक्षण**– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 62 के अन्तर्गत प्रत्येक निर्वाचन में, जहां मतदान कराया जाता है, मतों की गणना या तो रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) या सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के अधीक्षण तथा निर्देशन में करवाई जायेगी और प्रत्येक चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार अथवा उसके गणन अभिकर्ताओं को मतगणना के समय उपस्थिति रहने का अधिकार होगा।*

*2. **मतगणना के लिए नियत स्थान में प्रवेश**– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 63 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी पंचायत या इस निमित उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी निम्नलिखित के सिवाय मतों की गणना के लिए नियत किए गए स्थान से सभी व्यक्तियों को निकाल देगा–*

ऐसे व्यक्ति जिन्हें वह गणना में उसकी सहायता के लिए नियुक्त करें,

राज्य निर्वाचन आयुक्त अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति,

निर्वाचन के कार्य के सम्बन्ध में लगे सरकारी कर्मचारी, और

उम्मीदवार अथवा उनके गणन अभिकर्ता।

निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अथवा उस द्वारा इस निमित प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी यह निर्णय करेगा कि किस गणन अभिकर्ता अथवा अभिकर्ताओं द्वारा किसी विशेष गणनाटेबल अथवा गणना टेबलों के समूह में गणना की निगरानी की जाएगी।

कोई व्यक्ति, जो मतगणना के समय स्वंय गलत व्यवहार करता है व निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अथवा इस निमित उस द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के विधिपूर्ण निर्देशों का पालन करने में असफल रहता है, निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा अथवा ड्यूटी पर किसी पुलिस अधिकारी द्वारा अथवा निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा इस निमित प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा जहां मतों की गणना की जा रही है, उसे इस स्थान से हटाया जा सकता है।

3. ***मतपेटियों की छानबीन तथा खोलना*** *:– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 64 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी एक से अधिक मतदान केन्द्रों के मतपत्र रख सकता है, उपयोग कर सकता है, खोल सकता है, एक साथ उनकी विषय वस्तुओं को गिन सकता है।*

गणना टेबल पर किसी मतपेटी के खोले जाने से पूर्व टेबल पर उपस्थित गणना अभिकर्ता पेपर अथवा ऐसी अन्य मोहर, जो उस पर लगी हुई है, निरीक्षण करने के लिए अनुज्ञात किए जायेंगें और स्वयं को सन्तुष्ट करेंगे कि यही सही है।

रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी अपनी संतुष्टि करेगा कि वास्तव में किसी भी मतपेटी के साथ छेड़छाड़ नहीं की गई है।

यदि रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी ऐसे अन्य अधिकारी की सन्तुष्टि हो जाती है कि वास्तव में किसी मतपेटी के साथ छेड़छाड़ की गई है, तो उस मतपेटी में दिए गए मतपत्रों की गणना नहीं करेगा और उसे मतदान केन्द्र के सम्बन्ध में नियम 61 में अभिकथित (दी गई) प्रकिया का अनुसरण करेगा।

4. ***मतपत्रों की छानबीन तथा रद्द करना:*** *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 65 के अन्तर्गत किसी मतपेटी में रखे मतपत्र को रदद कर दिया जाएगा, यदि–*

इस पर कोई चिह्न अथवा लिखाई है, जिसके द्वारा मतदाता पहचाना जा सकता है,

यह अप्रमाणिक मतपत्र है,

यह इस प्रकार नष्ट हो गया है अथवा कट कर गया कि असली मतपत्र के रूप में इसकी पहचान स्थापित नहीं की जा सकती,

किसी विशेष मतदान केन्द्र में उपयोग के लिए प्राधिकृत मतपत्र की कम संख्या अथवा बनावट, जैसी भी स्थिति हो, से भिन्न कम संख्या तथा बनावट है,

इस पर ऐसा चिह्न नहीं है जो नियम 49 के उप नियम 3 के उपबन्धों के अधीन इस पर होना चाहिए,

यह चिह्नित नहीं किया गया है,

यह एक से अधिक उम्मीदवार के खानों में चिह्नित किया गया है अथवा

यह उस प्रयोजन के लिए विहित उपकरण तथा रीति से भिन्न किसी उपकरण तथा रीति में चिह्नित किया गया है:

परन्तु जहां रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी की सन्तुष्टि होने पर कि कोई ऐसी त्रुटि जो कि उपर वर्णित है, सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी की ओर से मतदान केन्द्र में उपयोग किए गए सभी या किसी मतपत्र के सम्बन्ध में गलती अथवा चूक के कारण रही है, या निर्देश दिया है कि त्रुटि अनदेखी कर देनी चाहिए तो उपरोक्त के अधीन केवल ऐसी त्रुटि के आधार पर कोई मतपत्र रदद नहीं किया जाएगा ।

परन्तु यह और कि मतदाता द्वारा किया गया चिह्न मतपत्र के दोनों खानों में फैल गया है, तो मत उस उम्मीदवार के पक्ष में गिना जाएगा, जिसके खाने में चिह्न का अधिकांश भाग आता है।

किसी मतपत्र को रदद करने से पूर्व रिटर्निंग अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा कोई अन्य अधिकारी उपस्थित प्रत्येक गणन अभिकर्ता को मतपत्र के निरीक्षण का युक्तियुक्त अवसर अनुज्ञात करेगा किन्तु इसे अथवा किसी अन्य मतपत्र को छूने के लिए अनुज्ञात नहीं करेगा।

रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी प्रत्येक मतपत्र जिसे वह रद करता है, "आर" लिखेगा और रद्द करने के आधार या तो उसके अपने हाथ से अथवा रबड़ की स्टाम्प द्वारा संक्षिप्त रूप में होंगे।

उक्त आधार पर रद्द किए गए सभी मतपत्र इक्टठे बंधे होंगे।

5. ***मतों की गणनाः***—*हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 66 के अन्तर्गत प्रत्येक मतपत्र जो नियमानुसार रद्द नहीं किया गया है, गिना जायेगा,*

परन्तु निविदा मतपत्र रखने वाला कोई कवर नहीं खोला जाएगा ओर ऐसा मतपत्र गिना नहीं जाएगा।

सभी मतपेटियों में रखे गये सभी मतपत्रों की गणना पूरी होने के बाद, रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी कमशः पंच, सरपंच, पंचायत समिति तथा जिला परिषद् के सदस्यों के लिए प्ररूप 14, 15, 16, तथा 17 में परिणाम पत्र में प्रविष्टियां करेगा तथा विवरण घोषित करेगा।

उसके बाद विधिमान्य मतपत्र इक्टठे बांध दिये जाएंगें ओर रदद किये गये मतपत्रों के बंडल किसी अलग पैकेट में रखें जाऐगे जो मोहरबंद किये जायेगें और उन पर निम्नलिखित विवरण अभिलिखित किए जायेगे, अर्थात—

ग्राम पंचायत के पंच के निर्वाचन की दशा में वार्ड की संख्या तथा गांव का नाम, सरपंच के निर्वाचन की दशा में गांव का नाम अथवा पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् के सदस्यों के निर्वाचन की दशा में पंचायत समिति अथवा जिला परिषद, जैसी भी स्थिति हो, की वार्ड संख्या,उस मतदान केन्द्र के विवरण जंहा मतपत्र उपयोग किए गए है, और गणना की तिथि

6. ***गणना जारी रखनाः***— *हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 67 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी जहां तक व्यवहार्य हो, मतों की गणना को जारी रखेगा और किसी अन्तराल के दौरान जब गणना निलम्बित रखी जानी है, निर्वाचन से सम्बन्धित गणन अभिकर्ता जो अपनी मोहर लगाने के इच्छुक हो, की मोहर से मोहरबंद किए जाएंगे अैर ऐसे अन्तरालों के दौरान उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए पर्याप्त पूर्व सावधानियां करवाई जाएगी।*

7. ***नए निर्वाचन के बाद मतों की गणना पुनर्रार्म्भः***—*हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 68 के अन्तर्गत यदि नया मतदान कराया जाता है तो रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी उस मतदान के पूरे होने के बाद, उस तिथि, समय तथा स्थान, जो उसके द्वारा इस निमित नियत किए गए है, और जिसका पूर्ण नोटिस उम्मीदवारों तथा उसके गणन अभिकर्ताओं को दिया गया है मतों की गणना पुनः आरम्भ कर देगा।*

8. ***मतों की पुनः गणनाः—हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 69 के अन्तर्गत*** *मतगणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उस द्वारा प्राधिकृत अन्य अधिकारी नियमानुसार निर्धारित प्ररूप 14,15,16 व 17 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये मतों की कुल संख्या अभिलिखित करेगा और उसकी घोषणा करेगा ।*

ऐसी घोषणा करने के बाद कोई उम्मीदवार अथवा उसकी अनुपस्थिति में उसका गणक अभिकर्ता, रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसे किसी अन्य अधिकारी को, पहले ही गिने गये

सभी अथवा किन्हीं मतपत्रों को, ऐसी पुनः गणना के लिये, आधारों को वर्णित करते हुये, जिन पर वह ऐसी गणना चाहता है लिखित रूप में आवेदन कर सकता है ।

ऐसे आवेदन पत्र की प्राप्ति पर, रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी मामले का निर्णय करेगा और आवेदन को पूर्ण अथवा भाग रूप में अनुज्ञात कर सकता है अथवा यदि उसे निरर्थक अथवा अयुक्तियुक्त प्रतीत होता है तो उसे पूर्णतया रदद् कर सकता है ।

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐसे अन्य अधिकारी का प्रत्येक निर्णय उपरोक्त अनुसार लिखित रूप में होगा और उसके लिये कारण दिये होगें।

यदि रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्तानुसार किसी आवेदक को या तो पूर्ण रूप में या भाग रूप में अनुज्ञात करने का निर्णय करता है तो वह,–

अपने निर्णय के अनुसार मतपत्रों को दोबारा गिनेगा,

ऐसी पुनः गणना के बाद आवश्यक सीमा तक परिणाम पत्र को संशोधित करेगा, और

उसके द्वारा इस प्रकार किये गये संशोधन की घोषणा करेगा ।

प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये मतो की कुल संख्या की घोषणा के बाद, रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी परिणाम पत्र को तैयार करेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा

और उसके बाद किसी भी आवेदन पर पुनः गणना के लिये विचार नहीं किया जायेगा ।

मतगणना पूरी होने के बाद कोई भी कदम तब तक नहीं उठाया जायेगा, जब तक कि उम्मीदवारों तथा उपस्थित गणन अभिकर्ताओ को मतपत्रों की पुनः गणना करने के अधिकार का प्रयोग करने के लिये, उसके पूरे होने का, युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो ।

अध्याय–15

परिणामों की घोषणा

हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 70 के अन्तर्गत रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)–

उस उम्मीदवार को पंच के पद के लिए निर्वाचित घोषित करेगा, जिसने विधिमान्य मतों की अधिकतम संख्या प्राप्त की हो और प्ररूप 18 में निर्वाचन की विवरणी को प्रमाणित करेगा। इसी प्रकार से सरपंच का परिणाम भी तुरंत घोषित करेगा किन्तु यदि सभा क्षेत्र में एक से अधिक मतदान केन्द्र हों तो सरपंच के पद के परिणाम पत्र उसी दिन मतदान केन्द्र की अध्यक्षता करने वाले इस प्रयोजनार्थ जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा मनोनीत पीठासीन अधिकारी को भेजे जाएंगे, जो प्ररूप 19 में परिणाम पत्र के तैयार करने के बाद जिसने विधिमान्य वोटों की अधिकतम संख्या प्राप्त की हो उस उम्मीदवार को तुरन्त सरपंच के रूप में निर्वाचित घोषित करेगा। पंच के पद के लिए परिणाम की घोषणा के प्रयोजनार्थ पीठासीन अधिकारी को रिटर्निंग अधिकारी समझा जायेगा और सभा क्षेत्र में एक से अधिक मतदान क्षेत्रों की दशा में सरपंच के पद के लिए परिणाम की घोषणा के लिए मनोनीत पीठासीन अधिकारी को रिटर्निंग अधिकारी के रूप में समझा जायेगा।

पंचायत समिति तथा जिला परिषद के सदस्यों के पद के लिए परिणाम पत्र कमशः खण्ड स्तर पर पंचायत समिति के लिए सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी तथा उपायुक्त को भेजे जाऐंगे ।

पंचायत समिति के निर्वाचन के लिए सभी परिणाम पत्र प्ररूप 16 में संकलित करेगा तथा प्ररूप 20 तैयार करेगा और उस उम्मीदवार की घोषणा करेगा जो विधिमान्य मतों की अधिकतम संख्या प्राप्त करके निर्वाचित हो गया है और प्ररूप 20 में निर्वाचन की विवरणी प्रमाणित करेगा और जिला परिषद के सदस्य के निर्वाचन के लिए परिणाम पत्र प्ररूप 17 में, संकलित करेगा और प्ररूप 21 तैयार करेगा और उस उम्मीदवार की घोषणा करेगा जो विधिमान्य मतों की अधिकतम संख्या लेकर निर्वाचित हो गया है और निर्वाचन की विवरणी प्ररूप 21 में प्रमाणित करेगा।

रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अथवा उस द्वारा प्राधिकृत अधिकारी इस नियम के अधीन जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को विवरणी की हस्ताक्षरित प्रति भेजेगा।

***मतों की समानता**–– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 71 के अन्तर्गत यदि मतों की गणना के बाद, किन्हीं उम्मीदवारों के बीच मतों की समानता पाई जाती है और एक अतिरिक्त मत निर्वाचित घोषित किए जाने वाले उन उम्मीदवारों में से हकदार बनाएगा, रिटर्निंग अधिकारी पंचायत उन उम्मीदवारों के बीच लाट द्वारा तुरंत निर्णय करेगा और ऐसे कार्यवाही करेगा मानों यदि उम्मीदवार जिसका लाट निकलता है, एक अतिरिक्त मत प्राप्त कर लिया हो।*

***विशेष–** सरपंच तथा पंच की स्थिति में लाट की प्रकिया सुपरवाईजर अथवा पंचायत समिति के रिटर्निंग अधिकारी की देखरेख में की जाए ।*

परन्तु लाट की प्रकिया अपनाने से पूर्व दोनों उम्मीदवारों (जिके मत समान रहे हैं) की लिखित में सहमति ले ली जाए कि वे इस प्रकिया को अपनाने में सहमत हैं। लाट की प्रकिया उपनाते समय निम्न बातों का विशेष ध्यान रखा जाए–

i) *बराबर मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के नाम की दो अलग–अलग पर्चियां (slips) तैयार करके दोनों उम्मीदवारों को दिखा दी जाए । पर्चियां बिल्कुल एक जैसी लगनी चाहिए ।*

ii) *जिस थैले या बर्तन (जिसमें बाहर से देखने पर कुछ दिखाई न दे) में पर्चियां डाली जानी हैं उसे भी सम्बन्धित उम्मीदवारों को दिखा दिया जाये, ताकि उन्हें इस बात की पूरी संतुष्टी हो कि थैला या बर्तन पूर्णत्या खाली है ।*

iii) *तदउपरांत पर्चियों को थैले या बर्तन में डालकर अच्छी तरह से हिल्ला लिया जाये तथा फिर किसी बच्चे या बजुर्ग या किसी अन्य व्यक्ति को पास बुलाकर एक पर्ची निकालने को कहा जाए ।*

iv) *अंत में इस सारी प्रकिया की पूरी कार्यवाही लिखित में तैयार की जाए और उस पर दोनों उम्मीदवारों के हस्ताक्षर ले लिये जायें ।*

v) *लाट में सिक्का* (coin) *उच्छालने की प्रकिया न अपनाई जाए ।*

अध्याय–16

निर्वाचन के दौरान होने वाली त्रुटिया व उनके में बारे दण्ड विधान

1. ***मतदान केन्द्र में या उसके समीप प्रचार पर प्रतिबंध***–*हरियाणा पंचायती राज अधिनयम, 1994 की धारा 180 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान केन्द्र में उस तिथि या उन तिथियों पर, जिन पर, कोई मतदान किया जाना है, मतदान केन्द्र के भीतर या मतदान केन्द्र के एक सौ मीटर की दूरी के भीतर किसी सार्वजनिक या निजी स्थान में किन्हीं कृत्यों में से निम्नलिखित को नहीं करेगा, अर्थात–*

मतों के लिए प्रचार,

किसी मतदाता का मत मांगना,

किसी मतदाता को निर्वाचन पर मत न देने के लिए प्रेरित करना,

किसी मतदाता को किसी विशेष उम्मीदवार को मत न देने के लिए प्रेरित करना,

निर्वाचन से संबन्धित कोई नोटिस या चिन्ह कार्यालय नोटिस से भिन्न, प्रदर्शित करना,

अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त अनुसार नियमों की उल्लंघना करता है, दोषसिद्धि पर, जुर्माने से, जोकि एक हजार रूपए तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।

इस धारा के अधीन दंडनीय कोई अपराध संज्ञेय (कार्यवाही योग्य)होगा।

2. ***मतदान केन्द्र में या उसके समीप विषवत संचालन के लिए शास्ति***– *हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 181 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति ऐसी तिथि या तिथियों पर, जिन पर किसी मतदान केन्द्र पर चुनाव होता है,–*

मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के भीतर या पर या उसके आसपास किसी सार्वजनिक या निजी स्थान में मानव आवाज को परिवर्धित करने के लिए किसी संयंत्र का, जैसे कि कोई मैगाफोन या कोई लाउड स्पीकर का प्रयोग नहीं करेगा या संचालित नहीं करेगा, अथवा

मतदान केन्द्र के प्रवेश–द्वार के भीतर या पर, या उसके आसपास किसी सार्वजनिक या निजी स्थान में मतदान केन्द्र पर मत के लिए जा रहे किसी व्यक्ति को क्षुब्ध करने के लिए या मतदान केन्द्र में ड्यूटी पर अधिकारियों तथा अन्य व्यक्तियों के कार्य में बाधा डालने के लिए शोर नहीं मचाएगा या अन्यथा विच्छृंखल (व्यवधान) रीति में कार्रवाई नहीं करेगा ।

अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त नियमों की उल्लंघना करता है या जानबूझकर उल्लंघन के लिए सहायता करता है या उकसाता है, दोषसिद्धि पर, जुर्माने से, जो एक हजार रूपए तक हो सकता है दंडनीय होगा ।

यदि किसी मतदान केन्द्र के किसी पीठासीन अधिकारी के पास यह विश्वास करने का कारण है कि कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन दंडनीय कोई अपराध कर रहा है अथवा किया है तो वह किसी पुलिस अधिकारी को ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने के निर्देश दे सकता है तथा उस पर पुलिस अधिकारी उसकी गिरफ्तारी करेगा ।

कोई भी पुलिस अधिकारी उपरोक्त नियमों की उल्लंघना को रोकने के लिए ऐसे कदम उठा सकता है तथा ऐसे बल का प्रयोग कर सकता है जो युक्तियुक्त रूप से आवश्यक हो तथा ऐसे उल्लंघन के लिए प्रयोग किए किसी यंत्र को कब्जे में ले सकता है ।

3. ***मतदान केन्द्र पर दुराचार के लिए दण्ड***– *हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 182 के अन्तर्गत कोई व्यक्ति, जो मतदान केन्द्र पर, मत के लिए नियुक्त घंटों के दौरान स्वयं दुराचार करता है अथवा पीठासीन अधिकारी के विधिपूर्ण निर्देशों की पालन करने में असफल रहता है, तो पीठासीन अधिकारी*

द्वारा या ड्यूटी पर किसी पुलिस अधिकारी द्वारा या ऐसे पीठासीन अधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे मतदान केन्द्र से हटाया जा सकता है ।

उपरोक्त प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग किसी मतदाता को जो उस मतदान केन्द्र पर मतदान के लिये अन्यथा हकदार है, उस केन्द्र पर मतदान का कोई अवसर प्राप्त करने से रोकने के लिये नहीं किया जायेगा।

यदि कोई व्यक्ति जिसे इस प्रकार मतदान केन्द्र से हटाया गया है, पीठासीन अधिकारी की आज्ञा के बिना मतदान केन्द्र में पुनः प्रवेश करता है, तो वह दोषसिद्ध पर, जुर्माने से जो एक हजार रूपये तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।

4. ***मतदान को गुप्त बनाये रखना****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 की धारा 183 के अन्तर्गत जहां कोई निर्वाचन किया जाता है, प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, अभिकर्ता या अन्य व्यक्ति जो मतों को अभिलिखित करने या गिनने के सम्बन्ध में किसी कर्तव्य का अनुपालन करता है, मतदान की गोपनीयता बनाये रखेगा तथा बनाये रखने में सहायता करेगा तथा (किसी विधि द्वारा या के अधीन प्राधिकृत किसी प्रयोजन के सिवाय) ऐसी गोपनीयता का उल्लघंन करने के लिये संगणित कोई सूचना किसी व्यक्ति को सूचित नहीं करेगा।*

अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करता है, दोषसिद्धि पर, ऐसे अवधि के कारावास से जो तीन मास तक हो सकता है या पांच सौ रूपये के जुर्माने से, या दोनो से दण्डनीय होगा।

5. ***निर्वाचन पर अधिकारी इत्यादि का उम्मीदवारों के लिये कार्य न करना या मतदान को प्रभावित न करना****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 की धारा 184 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो किसी निर्वाचन पर राज्य चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किसी निर्वाचन के सम्बन्ध में किसी कर्तव्य का अनुपालन करने के लिये रिटर्निंग अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी या कर्मचारी है, निर्वाचन के संचालन में किसी उम्मीदवार के निर्वाचनों को संभाव्यता को अग्रसर करने के लिये कोई भी कृत्य (अपना मत देने से भिन्न) नहीं करेगा ।*

यथा पूर्वोक्त ऐसा कोई व्यक्ति, तथा किसी भी पुलिस बल की कोई संख्या निम्नलिखित का प्रयास नहीं करेगा–

किसी निर्वाचन पर अपना मत देने के लिये किसी व्यक्ति को प्रेरित करने का, अथवा

किसी निर्वाचन पर अपना मत देने के लिये किसी व्यक्ति को रोकने का, अथवा

किसी निर्वाचन पर किसी भी रीति में, मतदान या किसी व्यक्ति को प्रभावित करने का ।

अगर कोई भी व्यक्ति उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करता है, दोषसिद्धि पर ऐसी अवधि के कारावास से जो छः मास तक हो सकती है, या एक हजार रूपये कें जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा ।

6. ***निर्वाचन से सम्बन्ध में सरकारी कार्य का उल्लंघन****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 की धारा 185 के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति, जिसको यह धारा लागू होती है, उसके किसी युक्तियुक्त कारण बिना अपने सरकारी कर्तव्यों के उल्लंघन में, या किसी कार्य या लोप का दोषी है, तो वह दोषसिद्धि पर, जुर्माने से जो दो हजार रूपये तक हो सकता है, दण्डनीय होगा ।*

ऐसे व्यक्ति जिनको यह धारा लागू होती है, रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा कोई अन्य व्यक्ति हो, जो मतदान सूचि के रखरखाव, नामांकनों की प्राप्ति या उम्मीदवारी वापिस लेने या अभिलेखन या किसी निर्वाचन में मतो की संगणना से सम्बन्ध किसी कर्तव्य के अनुपालन के लिये नियुक्त किये गये हैं तथा "सरकारी कर्तव्य" पद का अर्थ इस धारा के प्रयोजनार्थ तदनुसार लगाया जायेगा, लेकिन इसमें इस अधिनियम के द्वारा या अधीन से अन्यथा अधिरोपित कर्तव्य शामिल नहीं है ।

7. ***मतदान केन्द्र से मतपत्र हटाना अपराध होना****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 की धारा 186 के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो किसी निर्वाचन में, किसी मतदान केन्द्र से बाहर कपट से कोई मतपत्र ले जाता है, या ले जाने का प्रयत्न करता है या जानबूझकर कोई ऐसा कार्य करने में सहायता करता है, या करने के लिये उकसाता है, दोषसिद्धि पर कारावास से जो तीन मास तक हो सकती है या जुर्माने से जो पांच सौ रूपये तक हो सकता है, या दोनों से, दण्डनीय होगा ।*

यदि किसी मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी के पास विश्वास करने का कोई कारण है कि कोई व्यक्ति उपरोक्तानुसार दण्डनीय कोई अपराध कर रहा है या किया है, ऐसा अधिकारी ऐसे व्यक्ति को मतदान केन्द्र छोड़ने से पहले, गिरफतार कर सकता है या पुलिस अधिकारी को ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिये निर्देश दे सकता है तथा ऐसे व्यक्ति की तलाशी ले सकता है या किसी पुलिस अधिकारी द्वारा उसकी तलाशी करवा सकता है ।

परन्तु जब किसी महिला की तलाशी करवाई जानी आवश्यक हो तो तलाशी दूसरी महिला द्वारा शालीनता का सख्त ध्यान रखते हुये की जायेगी ।

गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की तलाशी पर पाया गया कोई मतपत्र पीठासीन अधिकारी द्वारा पुलिस अधिकारी को सुरक्षित अभिरक्षा के लिये सौंप दिया जायेगा अथवा जब किसी पुलिस अधिकारी द्वारा तलाशी की जाती है, ऐसे अधिकारी द्वारा सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जायेगा ।

8. ***अन्य अपराध और उसके लिये दण्ड/सजा*** *– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 की धारा 187 के अन्तर्गत अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध का दोषी होगा, यदि वह किसी निर्वाचन पर–*

किसी नामांकन पत्र को कपटपूर्वक विरूपित करता है या नष्ट करता है, अथवा

किसी रिटर्निंग अधिकारी के प्राधिकार द्वारा अथवा के अधीन लगाई गई कोई सूचि, नोटिस या अन्य दस्तावेज को कपटपूर्वक विरूपित करता है या नष्ट करता है, अथवा हटाता है, अथवा

किसी मतपत्र अथवा किसी मतपत्र पर सरकारी चिन्ह को कपटपूर्वक विरूपित करता है अथवा नष्ट करता है, अथवा

सम्यक् प्राधिकार के बिना किसी मतपत्र को किसी व्यक्ति को सप्लाई करता है, अथवा

किसी मतपत्र से भिन्न किसी वस्तु को कपटपूर्वक किसी मतपेटी में डालता है जो उसमें डाला जाना विधि द्वारा प्राधिकृत नहीं है, अथवा

सम्यक् प्राधिकार के बिना निर्वाचन के प्रयोजन के लिये तब उपयोग में किसी मतपेटी अथवा मतपत्र को नष्ट करता है, लेता है, खोलता है, अथवा अन्यथा दखल देता है, और

(छ) *कपटपूर्वक अथवा प्राधिकार के बिना, जैसी भी स्थिति हो, किसी पूर्वगामी कार्यो को करने का यत्न करता है अथवा ऐसे कार्यो को करने में जानबूझकर सहायता करता है अथवा दुष्प्रेरित करता है या तथा*

(ज) *नामांकन भरते समय, यथास्थिति, मिथ्या घोषणा करता है या शपथ–पत्र में मिथ्या तथ्य प्रस्तुत करता है या कोई सूचना छुपाता है।*

धारा 187 के अधीन किसी अपराध का दोषी कोई व्यक्ति –

यदि वह किसी मतदान केन्द्र में रिटर्निंग अधिकारी अथवा कोई पीठासीन अधिकारी है अथवा निर्वाचन के सम्बन्ध में सरकारी डॅयूटी पर नियोजित कोई अन्य अधिकारी अथवा कर्मचारी है, दोषसिद्धि पर

किसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक हो सकती है अथवा एक हजार रूपये के जुर्माने से अथवा दोनो से दण्डनीय होगा ।

यदि वह कोई अन्य व्यक्ति है, दोषसिद्ध पर किसी अवधि के लिये कारावास से जो छः मास तक हो सकती है अथवा पांच सौ रूपये जुर्माने से अथवा दोनो से दण्डनीय होगा ।

इस धारा के प्रयोजन के लिये कोई व्यक्ति सरकारी ड्यूटी पर समझा जायेगा यदि उसकी ड्यूटी किसी निर्वाचन अथवा निर्वाचन के किसी भाग के संचालन में, भाग लेने के लिये है, जिसमें ऐसे निर्वाचन के सम्बन्ध में उपयोग किये गये मतपत्रो अथवा अन्य दस्तावेजो के लिये मतगणना अथवा निर्वाचन के बाद उतरदायी होना शामिल है, किन्तु "सरकारी ड्यूटी" अभिव्यक्ति में इस अधिनियिम द्वारा अथवा के अधीन लगाई गई कोई ड्यूटी शामिल नहीं है ।

उपरोक्त के अधीन दण्डनीय कोई अपराध संज्ञेय होगा।

9. ***किन्ही अपराधों का अभियोजन****– हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के अधिनियम 188 के अन्तर्गत कोई न्यायालय राज्य निर्वाचन आयोग से किसी आदेश द्वारा अथवा प्राधिकार के अधीन की गई किसी शिकायत पर सिवाय धारा 184 के अधीन अथवा धारा 185 के अधीन अथवा धारा 187 की उप–धारा 2 के खण्ड ख के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान नहीं लेगा ।*

उपरोक्त वर्णित धारा 188 के तहत प्रदत शक्तियों के आधार पर आयोग द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए अपनी अधिसूचना कमांक एस0ई0सी0/3ई–।।/2010/737 दिनांक 23.03.2010 के तहत सभी उपायुक्त एंव जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को अधिकृत किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय

समय पर निर्वाचन से सम्बन्धित

कुछ महत्वपूर्ण आदेश, अधिसूचना, परिपत्र

व अन्य दस्तावेजों का संकलन ।

STATE ELECTION COMMISION HARYANA
S.C.O. NO. 16-17, SECTOR 20-D,
CHANDIGARH.

NO. SEC/E-III/97/7756-72 Dated: 23.5.97

To

All the Deputy Commissioners-cum
District Election Officers (Panchayat)
in the State of Haryana.

Subject: Panchayat Election-Submission of information in respect of nomination forms etc.

Sir/Madam,

I am directed to address you on the subject noted above and to say that in order to ensure free and fair election to the office of Panches/Sarpanches/Member Panchayat Samiti and Zila Parishad, the State Election Commission Haryana hereby prescribe the following Forms: -

(i) Notice of nominations (Annexure-I)
(ii) Submission of daily information in respect of candidates who present their nominations (Annexure-II).
(iii) Wardwise information of all the nomination papers received (Annexure-III)
(iv) List of Candidates whose nomination papers rejected (Annexure-IV)
(v) List of validly nominated candidates (Annexure-V) and
(vi) Notice of withdrawal of candidature (Annexure-VI)

Forms 6,7,8 and 9 in respect of list contesting candidates for the election for the Panch/Sarpanch/Member Panchayat Samiti and Zila Parishad are also annexed at Annexure-VII, VIII, IX and X.

2. The State Election Commission further directs that the concerned Returning Officer (Panchayat) Assistant Returning Officer (Panchayat) shall prepare a notice of the nominations containing descriptions similar to those contained in the nomination papers in the above mentioned prescribed Form (Annexure-I) and cause to affix in some conspicuous places in his office and at the office of the concerned Gram Panchayat/Panchayat Samiti or Zila Parishad as the case may be each day on which the nomination papers are presented. Similar information shall be tabulated in the Forms annexed at Annexure II and III and paste the same at some conspicuous places, at his office and at the office of the Gram Panchayats/Panchayat Samitis or Zila Parishad as the case may be.

3. The State Election Comission further directs that the list of Candidates whose nomination papers rejected (Annexure-IV) and the list of validly nominated candidates (Annexure-V) shall be prepared by the concerned Returning Officers (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) and pasted at some conspicuous places at the notice board of his office as well as in the concerned Gram Panchayat/Panchayat Samiti or Zila Parishad as the case may be.

4. The State Election Commission further directs that the concerned Returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officers (Panchayat) prepare a notice or withdrawal of candidature (Annexure-VI) and cause to affix at some conspicuous places, at his office and at the office of the concerned Gram Panchayat/Panchayat Samiti or Zila Parishad as the case may be.

5. The Commission further directs the Returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) to prepare a list of contesting candidates in Form VI, VII VIII or IX as applicable (Annexure-VII to X) and affix the same at some conspicuous places, at the notice board of his office as well as at the office of the concerned Gram Panchayat/Panchayat Samiti or Zila Parishad as the case may be.

6. The State Election Commission further directs that the concerned Returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) shall submit information in respect of notice of nomination, submission of daily information in respect of candidates who presented their nominations and wardwise information of all the nomination papers received, in the Forms (Annexure-I,II and III) to the State Election Commission daily after the close of time of receipt of nominations directly by post as well as submit one copy through the concerned Deputy Commissioner-cum-District Election Officers (Panchayat). The information in respect of nomination rejected/validly nominated and the withdrawal of candidature and list of contesting candidates in the Forms (Annexure IV, V,VI and VII to X) shall be submitted by the concerned Returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) to the State Election Commission immediately after the expiry of the time for the purpose directly through fax and also submit a copy of the same through Deputy Commissioner-cum-District Election Officer (Panchayat). The returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) are further directed that while communicating the information in the Forms (Annexure –I to X) to the State Election Commission it may further be ensured that there is no clerical mistake in the entries made therein.

7. The State Election Commission further directs that the Returning Officer (Panchayat)/Assistant Returning Officer (Panchayat) shall follow the above mentioned directions strictly.

8. The receipt of this letter may kindly be acknowledged immediately.

परिशिष्ट–I

नामांकन की सूचना
(नियम 29 देखिये)

**सभा क्षेत्र /पंचायत समिति क्षेत्र /जिला परिषद क्षेत्र के वार्ड कमांक ––––––से पंच, सदस्य पंचायत समिति व जिला परिषद तथा सरपंच का निर्वाचन ।*

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उपर वर्णित निर्वाचन के सम्बन्ध में निम्नलिखित नामांकन पत्र आज 4.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त हुये है :–

नामांकन पत्र का कमांक	*उम्मीदवार का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*उम्मीदवार की आयु*	*पता*
1	2	3	4	5
अनुसूचित जाति या पिछड़ा वर्ग का यदि हो तो जाति का विवरण	*उम्मीदवार का मतदाता सूचि कमांक*	*जमा कराई गई राशि का विवरणी*		
		यदि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है तो सकोल न, तिथि तथा खजाने का नाम	*यदि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के पास जमा कराई गई है तो निर्वाचन आयोग की पुस्तिका रसीद नम्बर तथा तिथि*	
6	7	8	9	

स्थान :

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)

दिनांक: *सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)*

**जो विकल्प उचित न उसे काट दीजिये ।*

नोट :–

(1) *उक्त विवरणी में उम्मीदवारों के नाम वर्ण कमानुसार और ठीक उसी तरह लिखे जायें जैसे कि नामांकन पत्र में अंकित है ।*

(2) *विवरणी तैयार होते ही उसकी एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये ।*

परिशिष्ट–II

**ग्राम पंचायत/सदस्य पंचायत समिति/जिला परिषद ————————नामांकन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों की दैनिक जानकारी ।*

दिनांक ————————————

वार्ड कमांक	*वार्ड का आरक्षण स्टेटस*		*उम्मीदवारों की संख्या जिनके नामांकन पत्र प्राप्त हुये*	
	अ.जा./पि.व./सामान्य	*मुक्त महिला*	*आज की संख्या*	*प्रगतिशील योग*
1	2	3	4	5

उम्मीदवारों द्वारा दर्शायी गई दलीय सम्बन्धता
राजनैतिक दलों से सम्बन्ध

बसपा	*भाजपा*	*भाकपा*	*भाकपा (मा.)*	*इंडियन नेशनल कांग्रेस*	*नेशनलिस्ट कांग्रेस*	*हजकां*	*इनलो*	*निर्दलीय*	*योग*
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

स्थानः

दिनांक :

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)/
सहायक रिटर्निंग अधिकारी(पंचायत)

**जो विकल्प उचित न हो उसे काट दीजिये ।*

नोटः–

(1) *कमांक 5 के स्तम्भ में उम्मीदवारों की शुद्ध संख्या दर्शायी जाये यदि उम्मीदवार ने एक से अधिक नामांकन पत्र भरे है तो गणना में केवल एक ही लिखा जाये आज की संख्या के अन्तर्गत यदि ऐसे उम्मीदवार का नाम पुनः सम्मिलित है जो पूर्व की तारीखों में भी नामांकन*

पत्र प्राप्त कर चुका है तो स्तम्भ 5 के अन्तर्गत प्रगतिशील योग में उसे पुनः सम्मिलित न किया जाये।

(2) *स्तम्भ कमांक 6 से 14 तक की जानकारी स्तम्भ कमांक 5 के आधार पर ही हो तथा इनका महायोग स्तम्भ 5 की संख्या होना चाहिये।*

(3) *आरक्षण स्टेटस के अन्तर्गत स्तम्भ 3 में मुक्त वार्ड से अभिप्राय ऐसे वार्ड से है जो महिलाओ के लिये आरक्षित नहीं है । यदि किसी मुक्त वार्ड से महिला अभ्यर्थी खड़ी हो तो भी वार्ड का स्टेटस मुक्त ही माना जायेगा, आरक्षित नहीं।*

(4) *उक्त विवरणी की एक प्रति राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये।*

परिशिष्ट– III

प्राप्त समस्त नामांकन पत्रों की वार्डवार विवरणी

**सभा क्षेत्र/पंचायत समिति क्षेत्र/जिला परिषद के वार्ड कमांक ——————*

आरक्षण स्टेटस (1) *जाति/वर्ग* ——————

(2) *मुक्त/महिला* ——————

कमांक	*उम्मीदवार का नाम*	*उम्मीदवार की जाति वर्ग का विवरणी (जैसे कि अ.जा. /पि.व./सामान्य*	*उम्मीदवार का पता*	*नामांकन पत्र में दर्शित राजनैतिक दल से सम्बन्धता (यदि सम्बन्ध न हो तो निर्दलीय लिखा जाये ।*
1	2	3	4	5

स्थानः

दिनांकः

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)
सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)

**जो विकल्प उचित न उसे काट दीजिये ।*

नोट :–

(1) *उक्त विवरणी में उम्मीदवारों के नाम वर्ग कमानुसार और ठीक उसी तरह लिखे जाये जैसे कि नामांकन पत्र में अंकित है ।*

(2) *विवरणी तैयार होते ही उसकी एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये।*

परिशिष्ट– IV

रद्द किये गये उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की सूचि

**ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र कमांक ——————————के पंच/सरपंच सदस्य के लिये निर्वाचन ।*

क0 सं0	*उम्मीदवार का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*उम्मीदवार का पता*	*जमा कराई गई राशि की विवरणी*	
				यदि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है तो सकोल नम्बर तिथि तथा खजाने का नाम	*यदि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के पास जमा कराई गई है तो निर्वाचन आयोग की पुस्तिका रसीद नम्बर तथा तिथि*
1	2	3	4	5	6

स्थानः
दिनांकः

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)
सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)

**जो विकल्प उचित न उसे काट दीजिये ।*

नोट :–

(1) *उक्त विवरणी में उम्मीदवारों के नाम वर्ग कमानुसार और ठीक उसी तरह लिखे जाये जैसे कि नामांकन पत्र में अंकित है ।*

(2) *विवरणी तैयार होते ही उसकी एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये।*

परिशिष्ट– V

विधिमान्य नामांकन उम्मीदवारों की सूचि
(नियम 30 (7) देखिये)

*ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद ———————— के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक ——————————के पंच/सरपंच सदस्य के लिये निर्वाचन ।

क्र0 सं0	उम्मीदवार का नाम	पिता/पति का नाम	उम्मीदवार का पता	जमा कराई गई राशि की विवरणी	
				यदि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है तो सकोल नम्बर तिथि तथा खजाने का नाम	यदि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के पास जमा कराई गई है तो निर्वाचन आयोग की पुस्तिका रसीद नम्बर तथा तिथि
1	2	3	4	5	6

स्थानः

दिनांकः

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)
सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)

*जो विकल्प उचित न उसे काट दीजिये ।

नोट :–

(1) उक्त विवरणी में उम्मीदवारों के नाम वर्ग क्रमानुसार और ठीक उसी तरह लिखे जाये जैसे कि नामांकन पत्र में अंकित है ।

(2) विवरणी तैयार होते ही उसकी एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये।

परिशिष्ट– VI

नामांकन पत्र वापस लेने वाले उम्मीदवारों की सूचि

(*नियम* 31 (4) *देखिये*)

**ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद ———————— के वार्ड/निर्वाचन क्षेत्र कमांक ————————के पंच/सरपंच सदस्य के लिये निर्वाचन ।*

क्र0 सं0	*उम्मीदवार का नाम*	*पिता/पति का नाम*	*उम्मीदवार का पता*	*जमा कराई गई राशि की विवरणी*	
				यदि सरकारी खजाने में जमा कराई गई है तो सकोल नम्बर तिथि तथा खजाने का नाम	*यदि निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) /सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) के पास जमा कराई गई है तो निर्वाचन आयोग की पुस्तिका रसीद नम्बर तथा तिथि*
1	2	3	4	5	6

स्थानः

दिनांकः

रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)
सहायक रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत)

**जो विकल्प उचित न उसे काट दीजिये ।*

नोट :–

(1) *उक्त विवरणी में उम्मीदवारों के नाम वर्ग कमानुसार और ठीक उसी तरह लिखे जाये जैसे कि नामांकन पत्र में अंकित है ।*

(2) *विवरणी तैयार होते ही उसकी एक प्रति रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को सीधी तथा एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से भेजी जाये।*

प्ररूप–6
(*देखिये नियम* 32)
चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचि

ग्राम पंचायत के पंच का निर्वाचन वार्ड संख्या से ————————————

क्र0स0	*उम्मीदवार का नाम*	*उम्मीदवार का पता*	*आबंटित किये गये चिन्ह*
1	*2*	*3*	*4*
इत्यादि			

स्थानः

दिनांकः *निर्वाचन अधिकारी* (*पंचायत*)

परिशिष्ट–VIII

प्ररूप–7
(देखिये नियम 32)
चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचि

ग्राम पंचायत के सरपंच का निर्वाचन

क्र0स0	उम्मीदवार का नाम	उम्मीदवार का पता	आबंटित किये गये चिन्ह
1	2	3	4
इत्यादि			

स्थानः

दिनांकः

निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)

प्ररूप–8
(देखिये नियम 32)

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचि

——————————————पंचायत समिति के वार्ड संख्या ———————से पंचायत समिति के सदस्य का निर्वाचन

क्र0स0	उम्मीदवार का नाम	उम्मीदवार का पता	आबंटित किये गये चिन्ह
1	2	3	4
इत्यादि			

स्थानः

दिनांकः

निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)

परिशिष्ट–X

प्ररूप–9

(देखिये नियम 32)

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचि

जिला परिषद के सदस्य का निर्वाचन वार्ड संख्या से ————————————————————————————————

क्र0स0	उम्मीदवार का नाम	उम्मीदवार का पता	आबंटित किये गये चिन्ह
1	2	3	4
. इत्यादि			

स्थानः

दिनांकः

निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)

प्ररूप 4

(*नियम* 26)

नामांकन पत्र

सभा क्षेत्र/पंचायत समिति क्षेत्र/जिला परिषद् का नाम _____

*वार्ड संख्या (पंच तथा सदस्य की दशा में)*_____

उम्मीदवार का नाम _____

पिता अथवा पति का नाम _____

आयु _____

व्यवसाय _____

पता _____

जहां उम्मीदवार अनुसूचित जाति /पिछडे वर्ग का सदस्य है तो वह विशेष जाति जिससे सम्बन्धित है

_____

क्षेत्र से सम्बन्धित निर्वाचन नामावली पर उम्मीदवार की संख्या ।

"***उम्मीदवार द्वारा घोषणा***

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैं सरपंच/पंच /सदस्य, पंचायत समिति/सदस्य, जिला परिषद के निर्वाचन के लिये उम्मीदवार के रूप में स्वयं नामांकित हो गया हूँ /हो गई हूँ।

मैं आगे घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैं नीचे अभिकथित तथा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 175 में दी गई कोई अयोग्यता नहीं रखता हूँ/रखती हूँ।

कोई भी व्यक्ति किसी ग्राम पंचायत का सरपंच अथवा पंच अथवा किसी पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् का सदस्य नहीं होगा अथवा इस रूप में नहीं बना रहेगा जो:

(*क*) *इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व अथवा बाद में :–*

(i) *जब तक उसको सिद्ध दोषी से पांच वर्ष की अवधि अथवा ऐसी कम अवधि जो सरकार किसी विशिष्ट मामले में अनुज्ञात करे, बीत न गई हो, नागरिक अधिकार सुरक्षा अधिनियम 1955 (1955 का अधिनियम 22), के अधीन किसी अपराध ; या*

(ii) *जब तक उसकी नियुक्ति पांच वर्ष की अवधि अथवा ऐसी कम अवधि जो सरकार किसी विशिष्ट मामले में अनुज्ञात करे, बीत न गई हो, किसी अन्य अपराध का सिद्ध दोष न हो गया हो और कम से कम छः माह के कारावास से दण्डित रहा हो ; या*

(*ख*) *किसी सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित न्याय निर्णीत किया गया है ; अथवा*

(*ग*) *न्याय निर्णीत दिवालिया है और उन्मुक्ति प्राप्त न की हो ; अथवा*

(*घ*) *इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के अधीन किसी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् में अथवा पंजाब ग्राम पंचायत अधिनियम, 1952 तथा पंजाब पंचायत समिति अधिनियम, 1961 के अधीन इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व, किसी ग्राम पंचायत, पंचायत*

समिति या जिला परिषद् में उसके द्वारा धारित किसी पद से हटा दिया गया हो, और ऐसे हटाये जाने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि न बीत गई हो, जब तक वह राजपत्र में अधिसूचित किये गये सरकार के किसी आदेश द्वारा पद से ऐसे हटाये जाने के मद्दे उत्पन्न होने वाली अयोग्यताओ से निर्मुकत न कर दिया गया हो ; अथवा

(ङ.) *इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के अधीन पद धारण करने से अयोग्य हो गया हो और अवधि, जिसके लिये वह इस प्रकार अयोग्य हो गया हो, बीत न गई हो ; अथवा*

(च) *किसी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् में किसी वैतनिक पद अथवा लाभ का पद धारण करता है ;*

(छ) *ग्राम पंचायत, पंचायत समिति अथवा जिला परिषद् के आदेश द्वारा किये गये किसी कार्य में स्वयं का या उसके भागीदार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अशं या हित है ;*

(ज) *किसी ग्राम पंचायत के किसी अधिकारी या सेवक से अग्रिम या उधार लिये गये धन के किसी संव्यवाहार में स्वयं का अथवा उसके भागीदार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अशं या हित है ; या*

